WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| छत्तीसगढ़ 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| देश विदेश

रायपुर, रविवार, 23 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 277 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

डीजीपी-आईजीपी कांफ्रेंस में नक्सलवाद, साइबर, घुसपैठ, आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा पर होगी चर्चा

■ 28 से 30 नवंबर को प्रधानमंत्री गृहमंत्री होगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित 60वीं अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी कांफ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा, नक्सलवाद, साइबर अपराध, घुसपैठ, आतंकवाद, तस्करी और सीमा प्रबंधन सहित पुलिसिंग और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

बस्तर मॉडल को कार्यसूची में प्रमुख स्थान

सम्मेलन में नक्सलवाद से निपटने की नई रणनीति, आतंकवाद विरोधी उपाय, ड्रग तस्करी पर नियंत्रण, साइबर सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और राज्य-केन्द्र समन्वय जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। राज्य पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस बार फोकस विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र पर रहने वाला है, जहां हाल के महीनों में संयुक्त पुलिस-बल ऑपरेशनों के जरिए महत्वपूर्ण सफलताएं मिली हैं। राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर मॉडल को कैसे और प्रभावी बनाया जाए, इसे भी कार्यसूची में प्रमुख स्थान दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सम्मेलन के 8 प्रमुख एजेंडा को तैयार किया है। इनमें से 5 प्रमुख मुद्दों और भविष्य की रणनीति पर केंद्रित रहेगा। यह एजेंडा सभी राज्यों को भेजा गया है। 28 से 30 नवंबर तक होने वाले सम्मेलन के दौरान उक्त सभी पर चर्चा के साथ ही पक्ष रखने का मौका मिलेगा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। बता दें कि रायपुर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) परिसर में आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर केंद्रित रहेगा।

हालिया सफलताओं के आधार पर बनेगा ब्लूप्रिंट

अधिकारियों का कहना है कि हाल के ऑपरेशनों में ग्राउंड इंटेलिजेंस, आधुनिक हथियारों और संयुक्त कार्रवाई में भारी सफलता मिली है। इसे देखते हुए आगे के अभियानों के लिए विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी सत्रों में भाग लेंगे और सुरक्षा ढांचे पर मार्गदर्शन देंगे। बता दें कि इसके पहले ओडिशा के भुवनेश्वर में डीजीपी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था।

550 शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे

डीजीपी कांफ्रेंस में राज्य पुलिस के साथ ही विभिन्न विभागों के करीब 550 शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। इसमें करीब 350 बैठक में शामिल होंगे और करीब 200 वर्चुअली जुड़ सकते हैं। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के 70 डीजीपी, 250 से ज्यादा आईजी, केंद्रीय सुरक्षा बल, इंटेलिजेंस, राजस्व खुफिया निदेशालय, सीबीआई और अन्य खुफिया विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

आज बेबाक

चोर मचाये शोर वाली बात को सही साबित करते हुए सारे खानदानी चोर बिहार में अपनी शर्मनाक हार के सदमें के कारण दिमागी संतुलन खोते जा रहे हैं। ईवीएम और एसआईआर पर अपनी भड़ास निकालकर खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ कर हंसी के पात्र बन रहे हैं। ऐसे बुडबकों को एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सही नसीहत दी है कि वे विधवा विलाप बंद कर अपने गिरेहबां में झांके और अपनी कमजोरी पर गौर फरमाये। सही बात है। इन नामुकुलों को समझना चाहिए कि वे दिन अब हवा हुए जब इनका पसीना गुलाब हुआ करता था।

भारत हाइड्रोजन के हर मॉलिक्यूल में पैदा कर रहा विश्वास : हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत हाइड्रोजन के हर मॉलिक्यूल में विश्वास पैदा कर रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ग्रीन हाइड्रोजन सर्टिफिकेशन स्कीम को लेकर जानकारी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए लिखा, 'ग्रीन हाइड्रोजन सर्टिफिकेशन स्कीम (जीएचसीआई) को इस वर्ष अप्रैल में लॉन्च किया गया था। यह स्कीम सुनिश्चित करता है कि हाइड्रोजन वास्तव में ग्रीन हो, जिसका उत्पादन रिन्यूएबल पावर का इस्तेमाल कर किया जाता है।

एसआईआर की वजह से और कितनी जानें जाएंगी: ममता बनर्जी

कोलकाता (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच एक और बूथ-लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीएलओ के सुसाइड पर चुनाव आयोग की आलोचना की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स० पर लिखा, कृष्णानगर में एक और बीएलओ, एक महिला शिक्षक की मौत की खबर सुनकर बहुत सदमा लगा। विधानसभा क्षेत्र छपरा (82) में बीएलओ रिंकू तरफदार ने अपने घर पर आत्महत्या करने से पहले अपने सुसाइड नोट में चुनाव आयोग को दोषी ठहराया है।

ढाका और देश के कुछ हिस्सों में 5.7 तीव्रता का भूकंप; चार लोगों की मौत

ढाका। बांग्लादेश में शुक्रवार को आए 5.7 तीव्रता के भूकंप के झटके राजधानी ढाका और देश के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए, जिससे एक नवजात बच्चे समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी, इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं, कई स्थानों पर आग लग गयी और निवासियों में दहशत फैल गयी। अधिकारियों ने बताया कि ढाका में तीन लोगों और नारायणगंज में एक व्यक्ति की मौत हुई। स

जी-20 अफ्रीका से पीएम मोदी का वैश्विक आह्वान, कहा-

ड्रग और आतंक के खिलाफ लड़ाई

पीएम मोदी ने जी-20 में दिए तीन अहम प्रस्ताव

'सर्वांगीण विकास अब समय की मांग'

वैश्विक आर्थिक विकास के मानकों को बदलने की जरूरत

जोहान्सबर्ग/वार्ता। पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में शनिवार को जी20 समिट में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दुनियाभर के नेताओं से मुलाकात की। दौरान ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा को उन्होंने गले लगा लिया। इसके बाद मोदी ने समिट के पहले सेशन में भाषण दिया। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों पर भारत का नजरिया दुनिया के सामने रखा। जी20 ने भले ही दुनिया की अर्थव्यवस्था को दिशा दी हो, लेकिन आज की ग्लोबल विकास मॉडल के पैरामीटर्स ने बड़ी आबादी को रिसोर्स से वंचित किया है और प्रकृति के दोहन को बढ़ावा दिया है। अफ्रीकी देशों पर इसका असर सबसे ज्यादा दिखता है।

दुनिया पुराने विकास मॉडल को बदले

अफ्रीका में चल रहे जी20 समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि दुनिया पुराने विकास मॉडल पर दोबारा सोचे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से दूर रखा है और प्रकृति का नुकसान भी किया है। इसका सबसे ज्यादा असर अफ्रीका झेल रहा है।

अफ्रीका के लिए 4 प्रस्ताव

- पारंपरिक ज्ञान की ग्लोबल लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव
- अफ्रीका के लिए स्किल मिशन
- ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी टीम बनाने की मांग
- ड्रगटेरर नेटवर्क पर सख्ती

यूक्रेन के सहयोगी देश जी20 में ट्रम्प के पीस डील पर बात करेंगे: ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने कहा है कि साउथ अफ्रीका में हो रही जी20 समिट में यूक्रेन के सहयोगी देशों का मकसद अमेरिका की पीस डील को और मजबूत करना होगा, □ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रम्प के बायकॉट के बावजूद जी20 घोषणा पत्र मंजूर

ट्रम्प के बायकॉट के बावजूद जी20 देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ। शुक्रवार को जी20 देशों ने बिना अमेरिकी भागीदारी के ही घोषणा पत्र का ड्राफ्ट तैयार कर लिया था। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने इसे शर्मनाक कदम बताया।

मोदी ने जी20 समिट में तीन पहल पेश कीं

- **वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार:** इसका मकसद दुनिया के लोक ज्ञान, पारंपरिक चिकित्सा और सामुदायिक प्रथाओं को एक साथ लाना है।
- **अफ्रीका स्किल इनिशिएटिव:** अफ्रीकी युवाओं के लिए कौशल विकास, ट्रेनिंग और रोजगार के नए अवसर बढ़ाने की योजना।
- **ड्रग-टेरर नेक्सस के खिलाफ इनिशिएटिव:** प्रधानमंत्री ने इसे अहम बताते हुए कहा कि ड्रग तस्करी, अवैध पैसों का नेटवर्क और आतंकवाद की फंडिंग आपस में जुड़े हैं। यह पहल इन्हें रोकने के लिए सदस्य देशों के वित्तीय, सुरक्षा और शासन तंत्र को एकजुट करेगी। मोदी के मुताबिक, इस फ्रेमवर्क से ड्रग नेटवर्क पर सख्त चोट की जा सकेगी और आतंकवाद की फंडिंग भी कमजोर होगी।

दिल्ली-आईएसआई कनेक्शन वाला हथियार तस्करी नेटवर्क पकड़ा

पाक से हथियार ड्रोन के जरिए भारत लाए, गैंगस्टरों को करते थे सप्लाई

■ तुर्की और चीन में बनी 10 हाई-टेक पिस्टल कारतूस बरामद किए

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े इंटरनेशनल हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रैकेट में शामिल चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए कुख्यात गैंगस्टरों को भेजे गए एडवांस्ड हथियार सप्लाई करने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक ये हथियार पंजाब के रास्ते भारत लाए गए थे और लोरेंश बिश्नोई, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग को सप्लाई किए जाने थे। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद रोहिणी एरिया में ट्रैप बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से □ शेष पृष्ठ 6 पर

क्राइम ब्रांच पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी

गिरफ्तार आरोपी पंजाब और यूपी के रहने वाले हैं। इनका नाम मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि अब तक कितनी खेप भारत में भेजी जा चुकी है और किन गैंग्स तक हथियार पहुंचे। क्राइम ब्रांच मोबाइल लोकेशन, बैंक रिकॉर्ड और सोशल मीडिया लिंक के जरिए पूरे नेटवर्क और उसके विदेशी कनेक्शन की जांच कर रही है।

हथियार पहले तुर्की-चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते थे

पुलिस के मुताबिक यह रैकेट पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा था। हथियार पहले तुर्की और चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते, फिर वहां से ड्रोन के जरिए पंजाब में गिराए जाते थे। इसके बाद इन्हें यूपी और पंजाब के तस्करों की मदद से दिल्ली और आसपास के राज्यों तक भेजा जाता था और इसे लॉरेंस, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग को पहुंचाया जाता था। नेटवर्क हवाला के जरिए पाकिस्तान पैसा भेजता था।

ऐतिहासिक होगा जस्टिस सूर्यकांत का शपथ समारोह

■ ब्राजील सहित 7 देशों के जज बनेंगे साक्षी

नई दिल्ली। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक अभूतपूर्व और कूटनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिलेगा। दरअसल सोमवार, 24 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में होने वाले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया के कई देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल होंगे। बार एंड बेंच से बातचीत में तैयारियों से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब इतने बड़े स्तर पर विदेशी न्यायिक प्रतिनिधि भारत के किसी मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होंगे।

कूटनीतिक महत्व वाला आयोजन

भारत सरकार ने विदेशी न्यायिक गणमान्य व्यक्तियों की पूरी सूची जारी की है। इनमें भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, नेपाल, श्रीलंका और ब्राजील के मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और उनके परिवारजन शामिल हैं। यह उपस्थिति न केवल भारतीय न्यायपालिका की वैश्विक प्रतिष्ठा को दिखाती है बल्कि भारत के न्यायिक और कूटनीतिक संबंधों में बढ़ती निकटता का संकेत भी देती है।

53वें मुख्य न्यायाधीश बनेंगे न्यायमूर्ति सूर्यकांत

न्यायमूर्ति सूर्यकांत अपने लंबे और महत्वपूर्ण न्यायिक करियर के बाद भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। उनका कार्यकाल कई अहम संवैधानिक फैसलों, न्यायिक संस्थानों में सुधार और कानूनी सहायता व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहलों के लिए जाना जाता है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट जज बनने से पहले वे हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे।

लेबर रिफार्मस से बढ़ेगी गिग वर्कर्स की सोशल सिक्योरिटी : डिजिटल प्लेटफॉर्मस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शनिवार को देश में नए लेबर कोड लागू होने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि ये सुधार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षों उपायों को मजबूत करेंगे। साथ ही, सेक्टर के लिए एक अधिक स्पष्ट और सपोर्टिव रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार होगा।

जोमैटो की पेरेंट कंपनी इटरनल लिमिटेड ने कहा कि नए नियमों के साथ कंपनी के फूड डिलीवरी और क्विक-कॉमर्स ऑपरेशन से जुड़े गिग वर्कर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी एक्सेस बढ़ाने में मदद मिलेगी।इटरनल का कहना है कि कंपनी को नहीं लगता कि नियमों का फाइनेंशियल प्रभाव खासकर कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी, कंपनी के व्यवसाय की लॉन्ग-टर्म स्टेबिलिटी को नुकसान पहुंचाएंगे।

कंपनी का कहना है कि सरकार द्वारा संबंधित नियमों को लेकर नोटिफिकेशन जारी करने के बाद ही फाइनेंशियल और ऑपरेशनल डिटेल्स साफ हो पाएंगी। कंपनी के अनुसार, लेबल कानूनों के साथ नियम पहले से ज्यादा स्पष्ट और यूनिफॉर्म बनते हैं, जो कि भारत और देश के इकोसिस्टम दोनों को सपोर्ट करते हैं। इटरनल ने बताया कि कंपनी कई वर्षों से सरकार के साथ बातचीत में है और इस तरह के योगदानों के लिए तैयारी कर रही है। कंपनी के अनुसार, 'इटरनल में हम अपने गिग □ शेष पृष्ठ 6 पर

माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु करेंगे संगम पर स्नान: सीएम योगी

प्रयागराज (आईएएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को माघ मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की, फिर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। सीएम ने कहा कि मेले की प्रगति युद्ध स्तर पर है। कल्पवासियों व श्रद्धालुओं के साथ पूरे आयोजन को भव्यता व दिव्यता के साथ संपन्न करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि माघ मेले की तिथि 15 दिन पहले आ रही है। तीन जनवरी को पौष पूर्णिमा, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, पहली फरवरी को माघ पूर्णिमा व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि (छह प्रमुख स्नान) होंगे।

गरमा-गरम

आत्मसमर्पण — तेलंगाना में नक्सलियों का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण

3 स्टेट कमेटी मेंबर समेत 37 माओवादी मुख्यधारा में लौटे

जगदलपु/नवप्रदेश। तेलंगाना में माओवादियों को बड़ा झटका लगा है। यहां पहली बार बड़ी संख्या में मुख्य कमान से जुड़े नक्सलियों ने एक साथ सामूहिक आत्मसमर्पण किया है। दरअसल, तेलंगाना डीजीपी शिवधर रेड्डी के सामने कुल 37 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। बता दें कि, इनमें 3 स्टेट सदस्य शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण में कोय्यादा सम्बैया उर्फ आजाद, अप्पासी नारायण उर्फ रमेश और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य मूचाकी सोमडा उर्फ एर्रा जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन तीनो सीसीएम सदस्यों पर तेलंगाना सरकार का 20-20-20 लाख का इनाम था। आपको यह बता दें कि, एर्रा को हिड़मा का सबसे भरोसेमंद साथियों में गिना जाता था।

समर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेगा इनाम : आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 3 स्टेट कमेटी सदस्य, 3 डिवीजनल कमेटी सदस्य, 9 एरिया कमेटी मेंबर और 22 पार्टी कमेटी सदस्य शामिल हैं। डीजीपी शिवधर ने बताया कि, समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को करीब 1,41,0000 रुपए दिए जाएंगे।

लंबे समय से मुख्यधारा में लौटना चाहते थे- नकसली आजाद

गौरतलब है कि, सरेंडर करने वाले अपने साथ एक एके-47, दो एसएलआर, चार 303 रायफल सहित अन्य हथियार लेकर पहुंचे हैं। इन 37 माओवादियों में 12 तेलंगाना स्टेट कमेटी से जुड़े थे। 23 माओवादी दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी और 2 पीएलजीए के सक्रीय सदस्य थे। वहीं नकसली आजाद ने सरेंडर के दौरान खुलकर कहा कि, वे लंबे समय से मुख्यधारा में लौटना चाहते थे और संगठन को इसकी संपूर्ण जानकारी देकर ही आए हैं।

सरेंडर करने वालों को मिलेगा पुनर्वास योजनाओं का लाभ

तेलंगाना पुलिस का दावा है कि, भविष्य में और बड़े स्तर पर सरेंडर की संभावनाएं है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने सरेंडर करने वालों को पुनर्वास योजनाओं का लाभ देने की घोषणा की है। इस सामूहिक आत्मसमर्पण से दंडकारण्य क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पडऩे की संभावना जताई जा रही है।

ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, डिवाइडर से टकराई कार, 4 की मौत

ठाणे। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में शुक्रवार शाम 6.42 बजे कार चला रहे शख्स को हार्टअटैक आ गया। इसके बाद अनकंट्रोल कार सामने से आ रहे वाहनों से जा टकराई और पलट गई। शहर के फ्लाईओवर पर इस हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है, 3 लोग घायल हैं। घायलों में शिवसेना की महिला उम्मीदवार किरण चौबे भी शामिल हैं। वे अपने ड्राइवर लक्ष्मण शिंदे के साथ चुनाव प्रचार के लिए बुवा पाडा क्षेत्र जा रही थीं। जानकारी के अनुसार, घटना के दौरान ड्राइवर लक्ष्मण शिंदे कार चला रहा था। इसी दौरान उसे हार्ट अटैक आ गया। हार्ट अटैक की वजह से उसका वाहन पर से नियंत्रण खत्म हो गया। अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान 4-5 वाहन भी आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी, जिससे कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसके कारण सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस हादसे में ड्राइवर लक्ष्मण शिंदे, नगर परिषद के कर्मचारी चंद्रकांत अनारके, 17 वर्षीय युवक सुमित चेलानी और शैलेश जाधव की मौत हो गई। कर्मचारी चंद्रकांत अनारके बाइक से जा रहे थे।

चौपाटी विवाद: कांग्रेसियों का प्रदर्शन और गिरफ्तारियां भी

साइंस कॉलेज चौपाटी हटाने को लेकर बवाल

सेंट्रल जेल लेकर पहुंची पुलिस

रायपुर। राजधानी रायपुर में शनिवार सुबह साइंस कॉलेज चौपाटी हटाने की कार्रवाई को लेकर व्यवसायियों और कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया। नगर निगम की टीम अल्टीमेटम की समय सीमा समाप्त होने के बाद सुबह 5 बजे कार्रवाई के लिए पहुंची तो व्यापारियों के साथ-साथ कांग्रेस नेताओं ने भी इसका जबरदस्त विरोध किया। पूरी रात से चौपाटी क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ था और सुबह होते-होते विरोध उग्र रूप ले चुका था।

विरोध कर रहे कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के व्यापारियों के रोजगार पर सीधा प्रहार कर रहा है। नेताओं ने अधिकारियों से हाथ जोड़कर मांग की कि चौपाटी हटाने की कार्रवाई तत्काल रोकी जाए और पहले व्यवसायियों के लिए नई जगह तय की जाए।

कई नेताओं की गिरफ्तारी

तनाव बढ़ते देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और शासकीय कार्य में बाधा डालने का हवाला देते हुए कार्रवाई का विरोध कर रहे नेताओं को हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। उन्हें पुलिस बसों में बैठाकर सीधे सेंट्रल जेल ले जाया गया। गिरफ्तारी के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद थे, जिन्होंने पुलिस कार्रवाई के खिलाफनारेबाजी की। कुछ समय तक सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

कांग्रेस नेताओं का धरना, जेसीबी के सामने लेटकर दिया विरोध

बीती रात से ही पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी समेत कई कांग्रेसी व्यापारियों के समर्थन में चौपाटी पर डटे रहे। जैसे ही निगम कर्मचारी जेसीबी और वाहनों के साथ कार्रवाई शुरू करने पहुंचे, कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता विरोध में जेसीबी के सामने लेट गए। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि मौके पर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी शुरू हो गई।

निगम की कार्रवाई जारी

दूसरी ओर, निगम प्रशासन ने यह साफ किया कि चौपाटी हटाने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका था और लंबे समय से व्यापारियों को नोटिस जारी किए गए थे। निगम अधिकारियों ने कहा कि शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल निगम की दर्जनभर से अधिक गाड़ियां, जेसीबी और अमला मौके पर मौजूद हैं और चौपाटी हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पुलिस ने मौके पर अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

छग में कुत्तों की निगरानी में लगी प्राचार्यों की ड्यूटी

■ पढ़ाएं या कुत्ते पकड़ें, कांग्रेस बोली- बस यही दिन देखना रह गया था : शिक्षक

बिलासपुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय (DPI) ने सरकारी स्कूलों के प्राचार्य और हेडमास्टरों की ड्यूटी आवारा कुत्तों की निगरानी में लगाई है। DPI ने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया है। वहीं आदेश को लेकर प्राचार्य और हेडमास्टर में नाराजगी है। प्राचार्यों और हेडमास्टरों का कहना है कि वे SIR का काम संभाल रहे हैं। अब कुत्ते पकड़वाने और निगरानी में ड्यूटी भी लगा दी गई है। नगर निगम, नगर पंचायत और जनपद पंचायतों के डॉग क्रैचर को जानकारी देने के लिए कहा गया है। इससे मूल काम डिस्टर्ब होगा। वहीं कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी सरकार में बस यही दिन देखना रह गया था। अब स्कूल के प्राचार्य बच्चों को पढ़ाना छोड़कर कुत्तों की निगरानी करेंगे। कार्टून जारी कर लिखा कि शिक्षकों को श्वान प्रभार, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार लिखकर तंज कसा है। सोशल मीडिया यूजर्स भी ट्रोल कर रहे हैं।

नक्सलियों को डिप्टी सीएम विजय शर्मा की वॉर्निंग

कुछ बड़ा होने से पहले लौट आएं

मुख्य धारा में लौट आएं

नक्सलियों को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा- 'कुछ बड़ा होने से पहले मुख्यधारा में लौट आएं. अब भी कह रहा हूं पुनर्वास करने वालों को स्वागत करेंगे। नक्सलियों के बीच मतभेद बहुत पहले से समझ आ रहा है। बस्तर के युवाओं को नक्सलियों में भर्ती किया गया. तेलंगाना में जब हताहत हुए तब संस्था और विचारक आए। उनसे क्या वार्ता, जिन्हें बस्तर से लेना-देना नहीं?'

मार्च 2026 तक नक्सलवाद का 'द एंड'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में नक्सलवाद की डेडलाइन तय कर दी है. उन्होंने कहा है कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म किया जाएगा. 24 अगस्त 2024 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफयह डेडलाइन तय की है, जिसके बाद न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि नक्सल प्रभावित राज्य झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में कई बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाए गए और बड़ी सफलता भी हासिल की गई. लगातार सुरक्षाबलों के जवान अलग-अलग अभियान चलाकर 'लाल आतंक' की कमर तोड़ रहे हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 'लाल आतंक' दम तोड़ता जा रहा है. हाल ही में 1 करोड़ का नक्सली कमांडर हिडमा भी ढेर गया है. लगातार सुरक्षाबलों के जवानों को अभियान में सफलता मिल रही है. इसके अलावा बड़े-बड़े नक्सली लीडर अपने समर्थकों के साथ हथियार फेंक मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

नक्सली कमांडर हिडमा ढेर

18 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश की सीमा पर सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ में 1 करोड़ का इनामी नक्सली कमांडर हिडमा, उसकी पत्नी राजे और 4 अन्य सहयोगी ढेर हो गए।

इस बीच छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों को वॉर्निंग दी है. उन्होंने कहा कि पुनर्वास करने वालों को स्वागत करेंगे. कुछ बड़ा होने से पहले लौट आएं।

नक्सलियों में दो फाड़

नक्सलियों की अलग-अलग कमेटियों के बार-बार 'फाड़' भी देखने को मिली है. कई नक्सली लीडर हथियार फेंक कर सरेंडर करने और सरकार से 'शांतिवार्ता' की अपील का पत्र जारी कर रहे हैं, जबकि कई लीडर इसे खारिज कर संगठन नहीं बल्कि व्यक्तिगत विचार कह रहे हैं।

एसआईआर में गलत जानकारी देने पर 1 साल की जेल

फॉर्म में बीएलओ नहीं मांगते ओटीपी : चुनाव आयुक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया जारी है। इसी बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने एक जरूरी निर्देश जारी किए हैं। SIR फॉर्म भरने के दौरान मतदाता गलत जानकारी देता है या दस्तावेज अटैच करता है तो उसे 1 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। चुनाव आयोग ने SIR को लेकर मतदाताओं को अलर्ट भी किया है कि फॉर्म भरने के दौरान ब्लह किसी भी तरह की OTP नहीं मांगते हैं। मतदाता से न ही फोन के माध्यम से निर्वाचन आयोग का कोई भी कर्मचारी किसी भी मतदाता से ओटीपी पूछता है।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं से कहा कि पर्सनल जानकारी मांगने पर किसी को ना बताएं। ऐसा होने पर थाने में शिकायत कर सकते हैं। वहीं एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तारीख बढ़ाने की मांग भी की है।

छत्तीसगढ़ में राज्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश पर 63 हजार 439 BLA-BLO एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने में लगे हुए हैं। BLA-BLO फॉर्म का वितरण कर रहे हैं और उनको डिजिटलाइज कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त यशवंत कुमार ने 21 नवंबर को आदेश जारी किया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त यशवंत कुमार ने कहा कि गलत जानकारी देने से बचें और किसी को भी पर्सनल जानकारी या ओटीपी ना बताएं। आदेश में उन्होंने लिखा है, कि सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना, जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है।

सड़कों पर स्टंटबाजी, बर्थ-डे सेलिब्रेशन पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तलवार, चाकू, बंदूक, कार, बाइक पर रखकर बीच सड़क केक काटने, आतिशबाजी और स्टंट करने का ट्रेंड चल रहा है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भी सिलसिला नहीं रुक रहा है। अब फिर हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए, जिससे ऐसे अपराधियों को सबक मिले। कोर्ट ने सड़कों पर स्टंटबाजी के साथ ही बर्थ-डे सेलिब्रेशन पर राज्य सरकार से कहा कि नियमों और प्रावधानों का सख्ती से पालन करें। 21 नवंबर को मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव ने अपने शपथपत्र में बताया कि 25 अक्टूबर को मंत्रालय में आईजी कॉन्फ्रेंस रखी गई थी। इसमें प्रदेश भर के कलेक्टर और एसपी रैंक के अधिकारी शामिल हुए थे। इसमें सभी जिलों को कड़ाई बरतने कहा गया है। पीएचक्यू से भी इसके लिए आदेश जारी किए गए हैं। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि जिन गाड़ियों को जब्त किया गया था उन्हें बॉन्ड भरवाते हुए और शर्तों के साथ छोड़ा जा सकता है। एक साल में इस तरह की कोई और घटना होने पर जब्ती के साथ ही पेनल्टी लगानी होगी।

विकास को लगेंगे पंख: जल्द चार राज्यों से जुड़ेगा बस्तर, दौड़ेगी ट्रेन

■ कनेक्टिविटी अब बस्तर आने वाले दिनों में उड़ीसा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश सहित तेलेंगाना से जुड़ जाएगा

जगदलपुर/नवप्रदेश। बदलते बस्तर को रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए अब काम तेजी से किए जा रहे हैं। बस्तर को रेल सुविधाओं से जोड़ने के लिए पहल भी शुरू हो गई है। सभी कार्यों की स्वीकृति केंद्र सरकार रेल मंत्रालय ने दे दी है। बता दें कि, रावघाट-जगदलपुर का काम तेजी गति से किया जा रहा है और सर्वे सहित फॉरेस्ट क्लियरेंस मिलते ही पटरियों को बिछाने का काम भी शुरु कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही बैलाडीला-बचेली और कोटा से कोटागुडम भद्राचलम और महाराष्ट्र से रेल लाईन की स्वीकृति भी मिल चुकी है। अब बस्तर आने वाले दिनों में उड़ीसा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश सहित तेलेंगाना से जल्द जुड़ जाएगा और रेल कनेक्टिविटी से बस्तर में व्यापार सहित विकास बढ़ेगा।

इसके लिए खुद सांसद बस्तर ने प्रधानमंत्री और रैल मंत्री से मुलाकात की है। उन्होंने कहां है कि, बस्तर को रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने से बस्तर पांच राज्यों का कनेक्टिविटी हो जाएगा। साथ ही बस्तर जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, जिसे लेकर बस्तर से जुड़ने वाले रेल लाइन को जनजातीय कोरिडोर का नाम दिए जाने की मांग की है।

अब बस्तर विकास के नाम से जाना जाएगा : सांसद

वहीं बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि, अब बस्तर विकास के नाम से जाना जाएगा। बस्तर के लोगों को देश दुनिया से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सभी कार्यों की स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, बीते दिनों हुए रेल मंडल की बैठक में बस्तर को नई दिशा देने और बस्तर वासियों को रेल की हर सुविधा देने की बात कही गई है।

छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर उद्योग की नई शुरुआत

■ खुलेंगे तकनीकी विकास और अंतरराष्ट्रीय रोजगार के द्वार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर उद्योग की स्थापना राज्य के औद्योगिक और तकनीकी विकास के लिए नए अवसर लेकर आई है। इससे न केवल राज्य तकनीकी उन्नति की दिशा में आगे बढ़ रहा है, बल्कि युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर भी तैयार हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शुरुआत छत्तीसगढ़ को भारत के उभरते हाई-टेक नॉलेज और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर सकती है।

12 युवाओं का चयन

कंपनी ने प्रारंभिक चरण में राज्य के विभिन्न जिलों से 12 युवाओं का चयन किया है। इनमें इंजीनियरिंग और कॉमर्स स्नातक शामिल हैं। इन युवाओं को पहले चेन्नई में उच्चस्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद इन्हें एस्टोनिया, फ्रांस और सिंगापुर स्थित पॉलीमैटेक के वैश्विक संयंत्रों में एडवांस ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा। यात्रा, आवास और प्रशिक्षण से जुड़े सभी खर्च कंपनी द्वारा वहन किए जाएंगे। कंपनी ने बताया कि सभी चयनित उम्मीदवार फ्रेश इंजीनियर हैं।

2030 तक 10 अरब चिप्स के उत्पादन का लक्ष्य

राज्य में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई की स्थापना पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा रही है। यह भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी मानी जाती है। कंपनी ने छत्तीसगढ़ में 1143 करोड़ की लागत से एक हाई-टेक उत्पादन सुविधा स्थापित करने की घोषणा की है। डेढ़ लाख वर्ग फीट में बन रहा यह प्लांट वर्ष 2030 तक 10 अरब चिप्स के उत्पादन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। इन चिप्स का उपयोग टेलीकॉम, 6जी/7जी तकनीक, लैपटॉप, पावर-इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य अत्याधुनिक उत्पादों में किया जाएगा।

ट्रैक्टर पलटने से छात्र की मौत

■ ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबा, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से नौवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। यह घटना धमतरी जिले के भाखरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी में हुई। छात्र को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक छात्र का नाम ऐश्वर्य साहू (16 वर्ष) था, जो ग्राम पचपेड़ी निवासी कुशल साहू का पुत्र था। ऐश्वर्य नौवीं कक्षा में पढ़ाई करता था।ऐश्वर्य के पिता कुशल साहू ने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर की दोपहर वह हार्वेस्टर के लिए डीजल लेने रानीतराई गया था। उन्हें लगभग 3 बजे फोन पर सूचना मिली कि गाड़ाडीह राइस मिल के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ऐश्वर्य उसके नीचे दब गया है।

सफलता

छग पीएससी में नारायणपुर के अंकुश ने हासिल किया सातवां रैंक

■ छत्तीसगढ़ पीएससी मे अंकुश ने हासिल किया सातवां रैंक,नारायणपुर के लिए गौरव का क्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। बीती देर रात छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) द्वारा घोषित परिणाम ने नारायणपुर वासियो को चौका दिया कारण यह था कि, पहली बार नारायणपुर जिले से, किसी छात्र ने छत्तीसगढ़ पीएससी के टॉप टेन सूची में स्थान बनाया था, बता दें नगर के किराना व्यवसायी एवं योग प्रशिक्षक श्री सुबोध बेनर्जी के सुपुत्र अंकुश बेनर्जी ने प्रदेश में सातवां रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है,परिणाम आते ही उनके परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल बन गया,माता-पिता ने इसे उनके निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया,अंकुश लंबे समय से प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में जुटे थे,शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के लिए गर्व का विषय है,दोस्तों और साथियों ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयों से भर दिया,अंकुश ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार,मित्रो और गुरुओं के मार्गदर्शन को दिया है,क्षेत्रवासियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं,पीएससी में सातवां रैंक प्राप्त कर अंकुश ने युवाओं के लिए प्रेरक मिसाल पेश की है।

दूसरे ही प्रयास में अंकुश ने हासिल किया सातवां रैंक

अंकुश के बड़े भाई अभिषेक बेनर्जी एवं नारायण बेनर्जी बताते हैं, अंकुश दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था यूपीएससी में लगातार अंकुश ने तीन बार मुख्य परीक्षाएं दी,परंतु इंटरव्यू तक नहीं पहुंच पाया, समय की गंभीरता को समझते हुए अंकुश वापस छत्तीसगढ़ आ गए परिवार के साथ व्यापार में सहयोग करने लगे, साथ ही लोक सेवा के जुनून ने उसे थमने नहीं दिया, अपने परिवार और मित्रों के मार्गदर्शन से उसने 2024 में पहली बार सीजीपीएससी का एग्जाम दिया और पहले ही प्रयास में 137 व रैंक हासिल किया जिसके बाद उसका मनोबल बढ़ गया और दूसरे प्रयास में उसने सातवां रैंक प्राप्त कर नारायणपुर का नाम रोशन किया

पूरे जिलेभर में खुशी का माहौल

टॉप 10 सूची में नारायणपुर के युवक का नाम देखते ही पूरे नगर में खुशी का माहौल बन गया लगातार जिलेवासी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष फोन पर सोशल मीडिया पर बधाई देते रहे

बंग समाज के जिलाध्यक्ष कार्तिक नंदी समेत बंग बंधुओ ने बताया अंकुश शुरू से ही बहुत मेहनती एवं एकाग्रवान बालक है, पूरे छत्तीसगढ़ में सातवां स्थान प्राप्त करने पर निश्चित तौर पर अंकुश ने पूरे नारायणपुर समेत बंग समाज का मान बढ़ाया है

ब्राह्मण कुल के गौरव बने अंकुश-अलोक

सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष आलोक झा ने कहां की बहुत ही हर्ष का विषय है अंकुश ने अपने लगन और परिश्रम से पीएससी का रिजल्ट में पूरे प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है, चरैवेति चरैवेति मंत्र को आत्मसात कर अंकुश ने ऐसा परिणाम लाकर पूरे ब्राह्मण कुल को गौरव किया है।

10 दिनों में 53 वाहन जब्त, दो बस चालकों की ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब की पुष्टि

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क हादसों पर नियंत्रण और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रायपुर पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर देर रात चल रहे इस विशेष अभियान के तहत पिछले 10 दिनों में 53 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें 29 कार, 14 मोटर साइकिल, 7 मालवाहक वाहन, 1 ई-रिक्शा और 2 यात्री बसें शामिल हैं।

यातायात विभाग के अनुसार अब तक इस अभियान में कुल 1432 नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा चुकी है। मौके पर ही वाहनों को जप्त कर चालकों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कई मामलों में 10 हजार से 15 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही चालकों के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई अलग से की जा रही है।

यात्री बस चालकों पर कार्रवाई: यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस चालकों की भी सघन जांच की जा रही है। भाठागांव बस स्टैंड पर की गई जांच में दो बस चालकों के ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण में शराब होने की पुष्टि हुई। ये बसें शर्मा बस सर्विस (रायपुर-सारायपाली) और मां भगवती बस (राजिम-रायपुर) की थीं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बसों को जब्त कर यात्रियों को अन्य बसों में भेजा गया।

अभियान के पीछे उद्देश्य

रात 11 बजे से सुबह 2 बजे तक चल रहे इस विशेष अभियान का लक्ष्य नशे की हालत में वाहन चलाने की लापरवाही पर रोक लगाना है, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। यह अभियान एएसपी यातायात डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में, डीएसपी सतीश ठाकुर और गुरजीत सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। यातायात अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ की गई कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने आरटीओ कार्यालय के पीछे डेरापारा क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज कुमार ध्रुव (44 वर्ष) निवासी गंगा नगर, बंजारी बाड़ी थाना खमतराई बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से सफेद बोरी में छिपाकर रखे 39 पौवा शोले देशी मसाला मदिरा बरामद की गई। जब्त शराब की मात्रा 7.20 लीटर और कीमत लगभग 3900 रुपये बताई गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 1198/25 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

होरा पीड़ित संघ ने भू-माफिया की गिरतारी के लिए खोला मोर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। होरा पीड़ित संघ के सदस्य भूमाफिया को गिरतार करने के लिए लामबंद हो गए हैं। मुय सचिव से लेकर अपर मुय सचिव मनोज पिंगुआ और डीजीपी अरुण गौतम से मिलकर गुरुचरण सिंह होरा को गिरतार करने की मांग की है। शुक्रवार को पीड़ित संघ ने मंत्रालय में ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। देवनाथ देवांगन, निथलेश धीवर, विवेक शर्मा, शेखर साहू ने कहा कि रायपुर के भू-माफिया होरा द्वारा जमीनों की अफरा-तफरी एक संगठित गिरोह बनाकर की जा रही है। इस पर सती से रोक लगाई जाए। पूर्ववर्ती शासन काल में इसका संरक्षण करने का आरोप अनिल टुटेजा पर भी लगाया। पीड़ितों ने यह भी बताया कि भूमाफिया द्वारा बोर्ड लगाकर अपनी जमीन होने का दावा करके प्रोटेक्शन मनी भी वसूलते हैं। इनकी सहयोगी शहनाज अली नाम महिला भी है जो इस कार्य के लिए कई मुस्लिम महिलाओं का गैंग बनाकर रखी है। विगत एक माह पूर्व सिविल लाइंस थाने में अपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

तड़के 4 बजे पुलिस की 60 टीम का सर्च ऑपरेशन, 134 आरोपियों को भेजा जेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर में ऑपरेशन निश्चय के तहत पुलिस ने तड़के 4 बजे विशेष अभियान चलाया। पुलिस की अलग-अलग 60 टीमों ने शहर के 100 से अधिक ठिकानों पर अचानक दबिश दी। इस दौरान जो भी संदिग्ध, नशा या हथियार के साथ मिला, उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने 100 ज्यादा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की सुबह ऑपरेशन निश्चय के तहत अलग-अलग थानों के स्टॉफ और अधिकारियों की संयुक्त रूप से 60 टीमें बनाई गई। इसके बाद सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान 6 आरोपियों को गांजा बेचते पकड़ा गया। 29 आरोपियों को शराब बेचते और 1 को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। इसके साथ ही 21 वारंटियों को भी पकड़ा गया। इसके अलावा शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 70 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इस तरह अलग-अलग मामलों में कुल 134 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 7 फरार आरोपी भी शामिल हैं। आरोपियों के पास से गांजा, नशे की गोलियां, अवैध हथियार जब्त किए गए हैं।

गोंड़ समाज कल्याण समिति का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

रायपुर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ गोंड़ समाज कल्याण समिति, गोंडवाना भवन, टिकरापारा रायपुर में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विवाह योग्य युवक-युवती, विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता का भी परिचय सम्मेलन दिनांक 23/11/2025 दिन रविवार को आदिवासियों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक व धार्मिक संस्कृति संबंधी जागरूकता व विकास के उद्देश्य से आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा अन्तर्राज्यीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन प्रतिदिन 10.00 बजे से संध्या 7.00 बजे तक गोंडवाना भवन टिकरापारा रायपुर में आवेदन पत्र स्वीकार किया जा रहा है। सामाजिक एवं पत्रिका प्रकाशन हेतु सहयोग राशि प्रति आवेदन पंजीयन शुल्क 500/-रू. जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते। पंजीयन हेतु अधिक जानकारी के लिये संपर्क नम्बर- फूलसिंह ठाकुर संरक्षक मोबा.नं. 9424215551, जग्गुसिह ठाकुर अध्यक्ष मो.नं. 9329121383, सेवाराम ध्रुव सचिव मो. नं. 9617790338, इन्दल मरकाम कोषाध्यक्ष मो.नं.7489392668 से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

शोक संदेश

सुनील कुमार जोसफ

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू शांति नगर निवासी सुनील कुमार जोसफ जल संसाधन विभाग से सहायक अभियंता (ए.ई.) का शनिवार को निधन हो गया। वे युगांक जोसफ एवं सुरभि साहिल देव के पिता थे। वैट सीए जयश्री जोसफ एवं साहिल देव के ससुर थे। वे शिवेन्द्र एवं दीप्ति के मौसा, ईशांक, शशांक, सौम्या, इशिका, विनय एवं रेनू के बड़े पापा थे। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल कब्रिस्तान टिकरापारा में किया गया।

पहली बार ठाकरे परिसर जा सकते है प्रधानमंत्री मोदी, तैयारियां शुरू

नया रायपुर में होने वाली डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस में होंगे शामिल

■ **इसी माह दूसरी बार रायपुर आगमन**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार इसी माह दूसरी बार रायपुर आगमन होने वाला है। इस बार वे नया रायपुर में होने वाली डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। अब तक प्रधानमंत्री का जितनी बार भी रायपुर आगमन हुआ है, वे कभी भी भाजपा कार्यालय नहीं गए हैं। इस बार उनके कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आने की पूरी संभावना है। 28 नवंबर की शाम को वे जब रायपुर पहुंचेंगे, तो विमानतल से लेकर भाजपा कार्यालय तक उनका रोड शो होगा।

पीएमओ से अंतिम मंजूरी का ही इंतजार

ठाकरे परिसर में कुछ समय वे रहेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब पीएम मोदी ठाकरे परिसर आएंगे। इसको लेकर भाजपा का प्रदेश संगठन तैयारी में भी जुट गया है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर बस पीएमओ से अंतिम मंजूरी का ही इंतजार है। पहली बार रायपुर में अखिल भारतीय डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर आएंगे। उनके आगमन को लेकर जहां एक तरफ प्रदेश सरकार तैयारी में जुटी है, वहीं भाजपा का प्रदेश संगठन इसको लेकर अलग ही तैयारी कर रहा है।

छावनी बनेगा ठाकरे परिसर

यह तय है कि पीएम मोदी के भाजपा कार्यालय के आगमन के समय ठाकरे परिसर पूरी तरह से छावनी में बदल जाएगा। ठाकरे परिसर में सिर्फ वहीं रह पाएंगे जिनका पीएम के कार्यक्रम के लिए नाम होगा। जिनका सूची में नाम नहीं होगा, उनको ठाकरे परिसर में प्रवेश नहीं मिल सकेगा। पीएम ठाकरे परिसर में कितनी देर तक रहेंगे, यह अभी तय नहीं है। पीएमओ से मंजूरी के बाद तय होगा कि उनका ठाकरे परिसर का कार्यक्रम कितने समय का होगा।

भाजपा कार्यालय में तैयारी शुरू

प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी को 11 साल हो चुके हैं, इस बीच उनका कई बार रायपुर आना हुआ है। लेकिन कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आए हों। पहले भी वे यहां पर रात्रि विश्राम कर चुके हैं, लेकिन वे भाजपा कार्यालय नहीं गए। लेकिन इस बार उनके आगमन का लाभ लेते हुए भाजपा के प्रदेश संगठन ने उनको ठाकरे परिसर आमंत्रित किया है। भाजपा नेताओं की मानें तो पीएम मोदी का भाजपा कार्यालय आने का कार्यक्रम वैसे तो तय ही है, लेकिन अभी पीएमओ से अंतिम मंजूरी का आना शेष है। इसके बाद भी पीएम का आना तय मानकर भाजपा कार्यालय में तैयारी चल रही है।

विमानतल से ठाकरे परिसर तक होगा भव्य स्वागत

पीएम मोदी के आगमन पर जहां उनका विमानतल पर भव्य स्वागत होगा, वहीं विमानतल से लेकर ठाकरे परिसर तक रास्ते में एक दर्जन स्थानों पर उनका स्वागत होगा। इसके लिए मंच बनाएं जाएंगे। इन मंचों पर जहां भाजपा के नेता रहेंगे, वहीं छत्तीसगढ़ी परंपरा से भी उनका स्वागत होगा। इसके लिए अलग-अलग छत्तीसगढ़ी लोक कला और नृत्य दलों को बुलाया जाएगा। इसी तरह के स्वागत की तैयारी बीते माह 31 अक्टूबर को भी उनके आगमन पर की गई थी।

सीजी बोर्ड दसवीं-बारहवीं के सभी विषयों के मॉडल पेपर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के ब्लूप्रिंट के आधार पर तैयार सभी विषयों के मॉडल प्रश्नपत्र अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इससे प्रदेशभर के विद्यार्थियों और शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

इन विषयों के मॉडल पेपर उपलब्ध

कक्षा 10वीं - हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान सहित सभी मुख्य विषयों के मॉडल प्रश्नपत्र जारी किए गए हैं। कक्षा 12वीं - हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, गणित, लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र और भारतीय संगीत सहित सभी स्ट्रीम्स के मॉडल पेपर्स अपलोड किए गए हैं।

स्कूलों में शुरू हुई तैयारी

मॉडल प्रश्नपत्र जारी होने के बाद प्रदेश के कई विद्यालयों ने इन पेपर्स के आधार पर अभ्यास सेट तैयार करना, कक्षा परीक्षण आयोजित करना, प्री-बोर्ड की तैयारी तेज करने जैसी गतिविधियाँ शुरू कर दी हैं।

मॉडल प्रश्नपत्र क्यों उपयोगी?

- माशिमं अधिकारियों के अनुसार, मॉडल प्रश्नपत्रों से विद्यार्थी प्रश्नपत्र की संरचना और पैटर्न को अच्छी तरह समझ सकेंगे।
- मल्टीपल चॉइस, लघुउत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का सही अनुपात और फॉर्मेट स्पष्ट है।
- इससे छात्रों को समय प्रबंधन, लेखन कौशल और परीक्षा रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।
- शिक्षकों को भी ब्लूप्रिंट के आधार पर बेहतर शिक्षण योजना तैयार करने में सुविधा होगी।

जनवरी में होंगे प्री-बोर्ड

इस वर्ष 10वीं और 12वीं के प्री-बोर्ड परीक्षा जनवरी में प्रस्तावित हैं। ऐसे में मॉडल प्रश्नपत्र छात्रों के लिए तैयारी की दिशा तय करने में बेहद उपयोगी साबित होंगे।

275 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर मामलों के वारंट हुए तामिल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए गए एक विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले 24 घंटों की कार्रवाई में पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार, आर्म्स एक्ट और धोखाधड़ी सहित विभिन्न गंभीर अपराधों के कुल 275 स्थायी और गिरफ्तारी वारंट तामिल किए हैं। इनमें कई ऐसे आरोपी शामिल हैं जो सात वर्षों से अधिक समय से फरार चल रहे थे। यह व्यापक अभियान पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में चलाया गया। शुक्रवार, 21 नवंबर को शहर के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 100 पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान न केवल वारंट तामिल किए गए, बल्कि संदिग्ध गुंडे और बदमाशों की भी जमकर जांच-पड़ताल की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को संबंधित न्यायालयों के समक्ष पेश किया गया है। इस कार्रवाई की खास बात यह रही कि कई वारंटीयों को पड़ोसी राज्यों महाराष्ट्र, ओडिशा और मध्य प्रदेश सहित सीमावर्ती जिलों से तलाश कर गिरफ्तार किया गया, जो रायपुर पुलिस की पहुंच और दबिश की कारगर क्षमता को दर्शाता है। यह अभियान अपराधियों के खिलाफ कानून का पालन कराने की पुलिस की मजबूत प्रतिबद्धता का एक स्पष्ट संकेत है।

टिकट काउंटर्स कम, लग रही भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जनरल टिकट काउंटर की संया कम होने और एटीवीएम में फैसिलिटर के नहीं होने के कारण टिकट लेने में लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। इसके चलते कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट रही है। दरअसल दो माह पहले ही स्टेशन के मुय गेट से सभी अनारक्षित टिकट काउंटर को आरक्षण केंद्र में शिट कर दिया गया है। यहां काफी मशक्कत के बाद यात्रियों को सामान्य दर्जे के टिकट मिल पा रहे हैं। रेलवे स्टेशन में वर्तमान में 7 एटीवीएम संचालित हैं। इसमें वीआईपी गेट पर एक, मुय गेट पर चार और दुर्ग छोर की ओर दो मशीन संचालित हैं। अधिकतर में फैसिलिटर (कर्मचारी) नहीं होने की वजह से हर यात्री इससे टिकट नहीं निकाल पा रहे हैं। कई बार एटीवीएम में तकनीकी खराबी आने के कारण भी यात्री परेशान होते रहते हैं।

भीड़ को देखकर डीआरएम हुए नाराज

हाल ही में रायपुर डिवीजन के डीआरएम दयानंद ने स्टेशन का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होंने मुय गेट के पास यात्रियों की भीड़ को देखकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने अधिकारियों को जनरल टिकट काउंटर्स आरक्षण केंद्र में शिट होने के बावजूद भीड़ कम नहीं होने पर कुछ काउंटर्स मेन गेट के पास खोलने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी अभी तक रेलवे ने यहां जनरल टिकट काउंटर्स नहीं खोले।

डिजिटल हथियार | रायपुर में पकड़े गए आईएसआईएस मॉड्यूल को लेकर बड़ा खुलासा

डार्क वेब पर हथियार खोज रहे थे दोनों किशोर

रायपुर/नवप्रदेश। आईएसआईएस समर्थित पाक माड्यूल के कब्जे में फंसे रायपुर के दो किशोरों की गिरफ्तारी के बाद नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। एटीएस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी तो वह राज्य ही नहीं बल्कि देश की सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर माने जा रहे हैं। यह मामला सिर्फ 'पाक हैंडलर' तक सीमित नहीं है, बल्कि एक बहुस्तरीय विदेशी नेटवर्क और डिजिटल कट्टरपंथ से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों किशोर केवल पाकिस्तान के आईएसआईएस से जुड़े हैंडलरों के इशारे पर काम नहीं कर रहे थे।

डिवाइस और डिजिटल लाग रिव्यू में सामने आया कि दोनों का संपर्क विदेश में मौजूद कई अन्य डिजिटल यूजर्स से था। कई इंटरैक्शन छद्म पहचान, मास्क्ड अकाउंट और वीपीएन लोकेशन के जरिए हुए थे। चैट पैटर्न में कट्टरपंथी सामग्री, विदेशी भाषा में निर्देश और टास्क आधारित संदेश का मिला है। एटीएस के सूत्र बताते हैं कि यह डिजिटल नेटवर्क संगठित, योजनाबद्ध और तकनीक आधारित है, जिसमें किशोरों को धीरे-धीरे शामिल किया गया।

इंस्टाग्राम पर 'आईएसआईएस रायपुर' ग्रुप

जांच में सामने आया है कि दोनों किशोरों ने इंस्टाग्राम पर 'आईएसआईएस रायपुर' नाम से एक ग्रुप बनाया था। इस ग्रुप में विचार वाले युवाओं को जोड़ने की कोशिश, कट्टरपंथी पोस्ट, प्रतीक चिन्ह, वीडियो शेयर, विदेशी प्रोफाइल्स से इंटरैक्शन किया जा रहा था। ग्रुप की गतिविधियों की टाइमलाइन और मेंबरशिप पैटर्न एटीएस के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

डार्क वेब पर हथियार खरीदने के प्रयास ने बढ़ाई चिंता: फॉरेंसिक जांच में एटीएस को किशोरों के लैपटाप और मोबाइल से जो जानकारी मिली है, वह बेहद गंभीर है। दोनों किशोर डार्क वेब के जरिये घातक हथियारों की खोज कर रहे थे। हथियारों की कैटेगरी, कीमत और उपलब्धता से जुड़ी लिस्ट मिली है। डार्क वेब सर्फिंग के लिए विशेष अनानिमाइजिंग टूल्स व ब्राउजर का इस्तेमाल किया गया। एटीएस ने इस हिस्से को हाई रिस्क कैटेगरी में चिह्नित किया है और साइबर एक्सपर्ट्स की अलग टीम इसकी गहराई में जांच कर रही है।

अरबी भाषा सीखकर संगठन को मजबूत करने का प्रयास: एटीएस को मिले टूल्स और मोबाइल एप से पता चला कि दोनों किशोर अरबी सीखने के कोर्स, ट्यूटोरियल्स और डिजिटल लैंग्वेज टूल्स का उपयोग कर रहे थे। इसका उद्देश्य विदेशी हैंडलरों से सीधे संवाद करना, संदेशों को गुप्त कोड में बदलना, कट्टरपंथी सामग्री को समझना।

एटीएस की जांच का दायरा बढ़ा

जैसे ही किशोरों के संपर्कों की सूची सामने आई, एटीएस की जांच रायपुर से बाहर निकलकर भिलाई, बिलासपुर अन्य जिलों और छत्तीसगढ़ के बाहर कई राज्यों तक फैल चुकी है। भिलाई के जिन चार युवकों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया था, उन्हें छोड़ दिया गया है। एटीएस ने उनके मोबाइल सीज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

धार्मिक तालिम देने वालों से भी होगी पूछताछ

दोनों किशोर जिन्हें धार्मिक तालिम देने वालों से एटीएस की टीम पूछताछ करेगी। वहीं उनसे मिलने वाले उनकी गतिविधियों पर नजर रखने वाले और जिनके संपर्क में वे अक्सर रहते थे। उन सभी से एटीएस जरूरत पड़ने पर पूछताछ करेगी।

अलास्का के शहर उत्कियाग्विक में डूबा सूरज 65 दिन बाद निकलेगा..

क्या हो अगर आप उठें और सूरज निकले ही नहीं। आम जगहों पर ऐसा नहीं होता, लेकिन दुनिया में ऐसी जगहें हैं, जहां सूरज एक दो नहीं बल्कि पूरे 65 दिन नहीं निकलता. जी हां. अलास्का का शहर उत्कियाग्विक ने मंगलवार को साल का अपना आखिरी सूर्यास्त देखा और 卐पोलर नाइट卐 में प्रवेश कर लिया। उत्कियाग्विक में अब अगला सूर्योदय 22 जनवरी 2026 को होने की उम्मीद है. पोलर नाइट लगभग 65 दिनों तक बिना सीधे सूरज की रोशनी वाला समय होता है। इस जगह को पहले बैरो के नाम से जाना जाता था। यहां की आबादी करीब 4600 है। आर्कटिक सर्कल से लगभग 483 किलोमीटर उत्तर में स्थित उत्तरी अमेरिका का यह सबसे उत्तरी समुदाय अब लंबे अंधेरे में रहेगा(

आर्कटिक-अंटार्कटिका में दिन-रात का गजब खेल

जहाँ आर्कटिक कस्बों को कुछ हफ्तों का अंधेरा मिलता है, वहीं दक्षिणी ध्रुव पर लगभग छह महीने लंबी एक ही रात होती है, क्योंकि वह पृथ्वी के ठीक उस बिंदु पर स्थित है जहाँ झुकाव का असर सबसे ज्यादा होता है. वहीं जब आर्कटिक अंधकार में डूबा होता है, तब दक्षिणी ध्रुव पर लगातार सूरज चमकता रहता है, और जब आर्कटिक में 'मिडनाइट सन' होता है, तब दक्षिणी ध्रुव अपनी आधे साल लंबी रात में प्रवेश कर जाता है।

जीवन के सुख-दुख के सच्चे साथी हैं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत...

-राजकुमार धर द्विवेदी

धान का कटोरा' कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ की माटी में केवल धान की हरी-भरी फसलें ही नहीं उगतीं, बल्कि यहाँ लोक-संस्कृति की वह मधुर धारा बहती है, जो जीवन के हर उतार-चढ़ाव को गीत-संगीत से सींचती है। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत (लोकगीत) केवल धुन और बोल नहीं हैं, वे इस अंचल के लोगों के हृदय की धड़कन हैं, जो जन्म से लेकर मृत्यु तक, हर सुख और दुख में उनके सच्चे साथी बने रहते हैं। ये गीत छत्तीसगढ़ की आत्मा का सार हैं–सरल, सहज और भावनात्मक रूप से गहरे।

ये लोकगीत मानव जीवन के तीन प्रमुख संस्कारों–जन्म, विवाह और मृत्यु से गहरे जुड़े हुए हैं। हर अवसर के लिए विशिष्ट गीतों की एक शृंखला है, जो उस पल की भावना को सटीक रूप से व्यक्त करती है।

छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका और देश की सुप्रसिद्ध कवयित्री 80 वर्षीया संतोष झांझी पारंपरिक गीतों के संबंध में कहती हैं, "छत्तीसगढ़िया भाषा- बोली की मिठास उसके लोकगीतों में सबसे अधिक उभर कर आती है। उन गीतों को गाते, सुनते हुए इंसान उसके माधुर्य में इतना अधिक डूब जाता है कि यह भी भूल जाता है कि उसकी अपनी भाषा कौन-सी है? मेरे साथ तो ऐसा ही होता रहा है। गाते-गाते मैं इतना डूब जाती थी कि आँखें भी भीगती थीं और हँसती भी थी।"

किलकारी और मंगल गीत :

जब किसी घर में नन्हे मेहमान की किलकारी गूँजती है तो छत्तीसगढ़ में सोहर गीत या सधौरी/पुंसवन गीत गाए जाते हैं। ये गीत माँ बनने की खुशी, बच्चे के आने के उल्लास और परिवार के मंगल की कामना से भरे होते हैं। ये गीत अक्सर गर्भवती महिला की देखभाल और उसके मन की दशा का भी वर्णन करते हैं।

सोहर गीतों में पति अपनी पत्नी को प्रसवकाल के लिए पौष्टिक वस्तुएँ जैसे दूध, शहद और पीपर पीने के लिए मनाता है। वहीं कुछ गीतों में नई बहू की मनोदशा व्यक्त होती है, जो प्रसव पीड़ा में अपने मायके वालों से सहायता की गुहार करती है। यह गीत केवल खुशी का इजहार नहीं, बल्कि मातृत्व की चुनौतियों और पारिवारिक स्नेह की अभिव्यक्ति भी है।

उदाहरण के लिए, एक सधौरी गीत में पति का आग्रह होता है, "रानी पीलो मधु-पीपर..." और पत्नी का संकोच, जो उनके आपसी प्रेम और देखभाल को दर्शाता है।

जन्म के समय गाए जाने वाले इन मंगल गीतों में प्रकृति की उपमाएँ और सरल घरेलू बिम्ब होते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि नया जीवन परिवार और प्रकृति के आशीर्वाद से आया है। ये गीत आने वाले बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

विवाह संस्कार : जीवन की नई डोर के गीत

विवाह, जिसे छत्तीसगढ़ी में बिहाव कहते हैं, यहाँ का सबसे रंगीन और गीत-संगीत से भरा संस्कार है। बिहाव गीत केवल रस्मों को पूरा करने के लिए नहीं होते, बल्कि ये वर-वधू के मन के भाव, दो परिवारों के मिलन का उल्लास और बेटी के बिछुड़ने का दुख–इन सभी भावनाओं का संगम होते हैं।

उल्लास और शगुन के गीत : विवाह के आरंभ से ही विभिन्न रस्मों के अनुसार गीत गाए जाते हैं, जैसे चूलमाटी गीत। यह मिट्टी लाने की रस्म के दौरान गाया जाता है। वर-वधू को सजाने के समय मौर (मुकुट) सजाने के गीत गाए जाते हैं। पियर-हरदी गीत हल्दी लगाने की रस्म के दौरान गाए जाते हैं। ये गीत जीवन की नई शुरुआत के लिए उत्साह और मंगल कामनाओं से भरे होते हैं। कुछ गीत तो एकदम पारंपरिक होते हैं, जो सदियों से गाए जा रहे हैं और कुछ गीत कवि-कवयित्रियों ने रचे हैं। दोनों तरह के गीत गाए जाते हैं।

गारी गीत : हास-परिहास और नेह का बंधन

बिहाव का एक महत्वपूर्ण अंग है गारी गीत, जो अक्सर बारात के आने पर या अन्य रस्मों के दौरान गाया जाता है। ये गीत हास्य और व्यंग्य से भरे होते हैं, जिनमें लड़की पक्ष के लोग वर पक्ष को छेड़ते हैं।

गीत का उदाहरण : एक प्रसिद्ध गारी गीत है,

"संग लाए दिया ना बाती रे, ये आए कौन बाराती..."

एक गीत भिलाई के कवि रविशंकर शुक्ल का है, जिसका मुखड़ा है,

"धीरे- धीरे रेंगव हो दुलहा बाबू,
हमर नोनी के कोंवर- कोंवर पाँव हो।"

सुप्रसिद्ध साहित्यकार दानेश्वर शर्मा के हास्य गीत का मुखड़ा है, "गजब लपरहा दिखथै समधी
चट चट चट चट बोलय रे,
रेंगतय तो कनिहा मटकाथै
मेहला साहीं डोलय रे।"

इन गीतों का उद्देश्य किसी को अपमानित करना नहीं होता, बल्कि आपसी संबंधों में अनौपचारिक सहजता और प्यार भरना होता है। ये गीत बताते हैं कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति में रिश्ते कितने गहरे और आत्मीय होते हैं, जहाँ खुशी के मौके पर हल्की नोक-झोंक भी प्रेम का हिस्सा होती है।

विदाई और भांवर के गीत

जब बेटी की विदाई होती है तो भावर गीत या विदाई के गीत गाए जाते हैं। ये गीत अत्यंत मार्मिक होते हैं, जिनमें माता-पिता, भाई-बहन और बेटी के बीच का गहरा प्रेम व्यक्त होता है। बेटी का घर छोड़कर जाना, मायके की यादें और नए जीवन की आशा–ये सभी भाव इन गीतों में समाहित होते हैं, जो सबकी आँखों में आँसू ला देते हैं।

मृत्यु संस्कार : जीवन-चक्र की अंतिम थाती

जहां जन्म और विवाह के गीत जीवन की शुरुआत और समृद्धि का जश्न मनाते हैं, वहीं मृत्यु के गीत जीवन के अंतिम सत्य को स्वीकार करने और दिवंगत आत्मा को शांति देने के लिए होते हैं। आदिवासी क्षेत्रों, विशेषकर मुड़िया आदिवासियों में, घोटुल पाटा (या मुंडुल पाटा) के रूप में मृत्यु गीत गाने की एक अनूठी परंपरा है।

घोटुल पाटा : ये गीत बुजुर्ग व्यक्तियों द्वारा गाए जाते हैं। ये केवल शोकगीत नहीं होते, बल्कि राजा जोलोंग साय की पौराणिक कथाओं के माध्यम से जीवन-चक्र, प्रकृति के जटिल रहस्य और आत्मा की अमरता पर दार्शनिक चिंतन प्रस्तुत करते हैं। ये गीत दुख को एक आध्यात्मिक दृष्टिकोण देते हैं, यह समझाते हैं कि जीवन एक यात्रा है और मृत्यु उसका अनिवार्य पड़ाव।

गीत का सार : मृत्यु के अवसर पर, ये गीत बताते हैं कि संसार की नश्वरता के बावजूद, संबंध और यादें अमर रहती हैं। ये दिवंगत आत्मा की सद्गति की कामना करते हुए समुदाय को इस अपूरणीय क्षति को स्वीकार करने की शक्ति देते हैं।

कुछ पारंपरिक लोकगीतों के मुखड़े :

1-तरी नारी नाना हो सुआ हो छोड़के चलेहो परदेस, ओ सुअना छोड़के चले हो परदेस।

2- पता देजा रे, पता देजा रे ओ गाड़ी वाले।

3- बटकी मं बासी अऊ चुटकी मं नून,
मैं गावत हौं ददरिया, तैं कान दे के सुन।4- बागे बगैचा दिखे हे हरियर
मोटर वाल नयी दिखै बदे हौं नरियर ओ चना के दार।
चना के दार राजा, चना के दार, रानी चना के दार गोंदली कड़कत हे,
राहे परदेसिया होटल मं भजिया कड़कत हे।

व्यंग्य रचना : ऊपरी इन्कम

डॉ. किशोर अग्रवाल

अच्छी खासी मास्टरी होने के बावजूद मेरी शादी नहीं हो पा रही थी। उन दिनों नौकरियों की ऐसी मारामारी नहीं थी , थोड़ा बहुत पढ़े-लिखे लोग भी नौकरी पा जाते थे पर सभी नौकरियां रुदबे-रुआब वाली थोड़ी होती है , रुदबा और रुआब की असली ताकत है नौकरी से आने वाला पैसा । नौकरी के वेतन को कोई कहां गिनता है और वह होता भी कितना है । कोई ऐसे को अपनी लड़की क्यों देता जिसे उंगलियों पर गिनकर नोट मिलते हो और ट्यूशन का जुगाड़ किए बिना घर ना चलता हो । अपने समाज में पसंद की गई एक अच्छी भली सुशीला कन्या को हमारे संभावित ससुर ने पढ़े लिखे होने के बावजूद हमें रिजेक्ट कर एक टेलीफोन ऑपरेटर को ब्याह दिया, क्योंकि तब मोबाइल तो क्या एसटीडी पीसीओ भी चलन में न थे और टेलिफोन ऑपरेटर ही लोकल कॉल, ट्रंक काल एवं लाइटनिंग कॉल एक्सचेंज से लगा कर दिया करते थे । व्यापारियों के ट्रंककाल लोकल काल की कीमत पर लगाकर उनसे बचाए पैसों में से अपना हिस्सा वसूलने का हुनर इन्हें ही आता थ । सोसाइटी में ऊपरी इन्कम का प्रचलन, स्वीकरण और उसका सम्मान बहुत है । लोग ऊपरी आय वाली पोस्ट पर बैठे लोगों से मिलने जुलने में गर्व महसूस करते हैं। ऐसी ऊपरी आय के अभिलाषियों को रकम देने वाला घर से ही मन बनाकर चलता है कि बिना लिए दिए कुछ होने वाला नहीं है । ऊपरी इन्कम हमारी राष्ट्रीय पहचान बन चुकी है । प्रति व्यक्ति आय की गणना में यह भले ही शामिल नहीं होती पर वास्तव में मूल वेतन से ऊपरी इन्कम कई गुना बैठती है । देश की आर्थिक संपन्नता के लिए अध्ययन के आंकड़ों में अगर इसे शामिल कर लिया जाए तो हम अमेरिका और रूस जैसे धन संपन्न नागरिक कहलाने लगेंगे । पढ़े-लिखे , सभ्य , सम्मानित लोगों को कोई कायदे का काम कहां मिलता है । वे पढ़ने-पढ़ाने के कामों में लग जाते हैं, वैज्ञानिक बन जाते हैं, फौज में चले जाते हैं , जज बन जाते हैं पर आय तिकड़मी वकीलों की ज्यादा होती है । किसी के घर जाकर उसके रहन-सहन का स्तर देखने का अवसर मिले तो उनके ठाठ बाट देखें । शादियों में पटवारी की औरत हाई स्कूल के हेड मास्टर की औरत से ज्यादा गहने पहने नजर आती है। अगर नगर पालिका के चुंगी वाले को बाजार में किलो भर महंगा मटर खरीदते हुए देखो तो उसे पाव भर मटर खरीदने वाले मास्टर से ज्यादा पढ़ा लिखा ना समझना । पढ़ाई धरी रह जाती है जब फॉरेस्ट गार्ड बात की बात में सागौन का गोला कटवाकर बेटे को मोटरसाइकिल खरीद देता है जबकि आम आदमी नई साइकिल लेने में भी सोचता रह जाता है । आप अंदाज भी नहीं लगा सकते सरकारी दफ्तर में स्टूल पर बैठे चपरासी की , मंडी सचिव की , समिति सेवकों की, पंचायत के सचिव की , निगम पार्षदों की , कोर्ट के रीडर की यहां तक कि पुकार लगाने वाले चपरासी तक की ऊपरी इन्कम के बारे में कि वह कितनी होती होगी । बिजली सुधारने वाले लाइनमैन , ओवरसीयर और सब इंजीनियरों के ऊपरी इन्कम का भी अंदाजा मुश्किल है । इनका वेतन जरा-जरा सा होता है पर उनके ठाट-बाट लोगों में ईर्ष्या जगाते हैं। ऊपरी इन्कम तो पोस्टमार्टम करने वाला डॉक्टर भी चाहता है। अस्पताल में भर्ती करने व बेड दिलाने में सरकारी डॉक्टर भी इस खेल से अछूते नहीं है।। पटवारी और तहसीलदारों के तो कहने ही क्या , ये मगरमच्छों की श्रेणी में आते हैं । इनसे कभी पूछो तो ये अपना वेतन मान ही नहीं बता पाएंगे क्योंकि वेतन की ओर देखने की तो इन्हें जरूरत ही नहीं पड़ती । ट्रैफिक का सिपाही , थाने में थानेदार से लेकर वहां वायरलेस चलाने वाले होमगार्ड सैनिक तक गले-गले तक ऊपरी इन्कम के तालाब में डूबे हुए हैं । फूड ,वाणिज्य कर, सेनीटरी, पॉल्यूशन , ड्रग इंस्पेक्टर्स के तो कहने ही क्या? गरीबों को मकान के आबंटन और व्यवस्थापन में लगा अमला भी अपनी ऊपरी आय बढ़ाने में निरंतर लगा रहता है । बिना इसके इनके गले से निवाला नही उतरता। अपना ही पैसा वापस प्राप्त करने में, एडवांस जमा इन्कमटैक्स के रिफंड लेने में , कहीं भी जमा सिक्योरिटी डिपाजिट लौटाने में पैसा चाहिये ही चाहिये , पटवारी खुद गलत लिख दे तो सुधारने का पैसा, मकान बनाने के नक्शे पास करने , बिजली कनेक्शन लेने पटवारी से नकल लेने , जमीन की रजिस्ट्री कराने , सभी जगह रिश्वत अर्थात कारिंदों की ऊपरी इन्कम का खेल चलता रहता है । रेल में सीट ,न्यायालय में न्याय , नाली गड्ढों की मरम्मत , स्कूलों में एडमिशन , सब जगह दलालों व कमिशनखोरों का ही बोलबाला है। ये कभी लूप लाइन में पोस्ट हो जाएं सूखी तनख्वाह में रह जाएं, चाय पानी और मिठाई का डिब्बा मिलना बंद हो जाए तो इनको अपना संसार ही उजड़ा हुआ मालूम पड़ने लगता है । बलिहारी है ऊपरी इन्कम की ।

सर्दियों में लें ये हेल्दी डाइट

सर्दियों का मौसम अपने साथ ठंडक, सुस्ती और कई बार आलस लेकर आता है। तापमान गिरते ही शरीर को ज़्यादा ऊर्जा, गर्माहट और पोषण की जरूरत पड़ती है। यही वजह है कि इस मौसम में हमारा खान-पान थोड़ा अलग होता है। आइए जानें ठंड में क्या खाना चाहिए और ठंड में क्या पीना चाहिए, जिससे शरीर गर्म भी रहे और प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़े।

हरी पत्तेदार सब्जियां

सर्दियों में पालक, मेथी, सरसों, चौलाई, बथुआ, सोया जैसी सब्जियां खूब आती हैं. इनमें आयरन, कैल्शियम, फाइबर और विटामिन ए,सी भरपूर मात्रा में होते हैं।

सूखे मेवे और नट्स

बादाम, काजू, पिस्ता, अखरोट, किशमिश, छुहारा, चिलगोज़ा–ये सब सर्दियों में ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत हैं। इनमें हेल्दी फैट, प्रोटीन और मिनरल्स भरपूर होते हैं, जो शरीर को अंदर से गर्म रखते हैं।

देसी घी

घी शरीर को गर्माहट देता है और त्वचा को भी मुलायम रखता है. थोड़ी-सी मात्रा में घी रोज़ाना लेने से सर्दियों में सूखापन, कमजोरी और थकान महसूस नहीं होती।

गुड़ और तिल

भारत में सदियों से सर्दियों में गुड़ और तिल खाने की परंपरा रही है। गुड़ पाचन सुधारता है, खून साफ करता है और शरीर को गर्म रखता है।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : *आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। व्यवसाय में आपको लाभ मिलेगा।

वृषः आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। धन व प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। पारिवारिक मामले को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी काम को भाग्य के भरोसे छोड़ेंगे।

कर्कः आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा।

सिंहः आज का दिन आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा, लेकिन आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करके चलने के लिए रहेगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायी रहने वाला है, आर्थिक दृष्टिकोण से लिए गए फैसलों के लिए पछतावा होगा। यदि आप कोई निवेश करना चाहते हैं।

मकरः आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

कुंभः आज आपको लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपके काम भी बढ़ेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस के काम में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

सूर्योदय : 06:50, सूर्यास्त : 17:51, चन्द्रोदय : 08:41, चन्द्रास्त : 21:09, अयन - दक्षिणायन, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास - मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : मूल, योग : धृति, प्रथम करण : कौलव (17:11 तक), द्वितीय करण - तैतिल (30:19+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : धनु, मंगलः वृश्चिक (अस्त, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) जेलैड वन्यजीव अभयारण्य, जो तेल अन्वेषण के कारण समाचारों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?

2) क्रिस्टीन कार्ला कांगलू को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया, वे किस देश की राष्ट्रपति हैं?

3) दिदी की लाइब्रेरी पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी?

4) कौन सा कोयला पीएसयू भूमिगत खनन में पेस्ट फिल तकनीक अपनाने वाला भारत का पहला बन गया है?

5) अंगामी जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में पाई जाती है?

उत्तरमाला- (1) मणिपुर (2) त्रिनिदाद और टोबैगो (3) बिहार (4) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (5) नागालैंड

शब्द सागर

मसाज के नाम पर अवैध देह व्यापार, दो स्पॉ सेंटरों में छापेमारी

भिलाई/नवप्रदेश। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने शुक्रवार को देर रात दो स्पा सेंटरों में दबिश देकर एक महिला संचालिका और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यहां मसाज की आड़ में अवैध देह व्यापार की सूचना मिली थी। तीनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि स्मृति नगर इलाके के लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून में मसाज के नाम पर अवैध देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस ने टीम बनाकर दोनों जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधियां पाई गईं। मौजूद लोगों से पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के दौरान संचालिका व उसके साथियों के खिलाफ आपत्तिजनक स्थिति और अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के पर्याप्त सबूत मिले।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून की संचालिका अहिल्या सागरवंशी (36 वर्ष) और उनके पति दिग्विजय सागरवंशी निवासी सिकोलाभाठा जयंती नगर, दुर्ग को हिरासत में लिया। इसके अलावा अंकुश ईखार (29 वर्ष), निवासी हाउसिंग बोर्ड जामुल, थाना जामुल को भी संदिग्ध गतिविधियों में पाए जाने पर पकड़ा गया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत आगे की कार्रवाई की। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि मसाज के नाम पर लड़कियों को बुलाने और अवैध रूप से देह व्यापार कराने की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। नगर पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम के निर्देशन में टीम ने दबिश दी।

चेन स्नेचिंग करने वाला गिरोह पकड़ाया, 5 गिरफ्तार

■ सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाली महिलाओं की करते थे चेन स्नेचिंग

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने जिले में सक्रिय चैन स्नैचिंग गैंग का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब 45 ग्राम सोने के चैन और 10 लॉकेट सहित कुल 6 लाख रुपए का माल और घटना में प्रयुक्त दो बाइक (मूल्य लगभग 1 लाख रुपए) बरामद किया गया है। आरोपियों को टाउनशिप, प्रियदर्शनी परिसर और कुम्हारी में चेन स्नैचिंग की घटनाओं के बाद घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 5 नवंबर से 19 नवंबर के बीच भिलाई और कुम्हारी क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को निशाना बनाकर कई चैन स्नैचिंग की घटनाएं हुई। 5 नवंबर को सेक्टर-1 की सड़क 09, 19 नवंबर को सेक्टर-10 की सड़क 12 और सड़क 23, और 8 अक्टूबर को प्रियदर्शनी परिसर में महिलाओं से चैन छीनी गई थी। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने मॉर्निंग पेट्रोलिंग, नाका बंदी, फिक्स प्वाइंट ड्यूटी और सिविल कपड़ों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच में संदिग्धों की पहचान होने पर पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी, कैपिटल सिटी फेस-2, सड्डू रायपुर में दबिश देकर पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर, अब्दुल मुकीम और ज्वाला बैरागी को मेस्ट्रो और दो एचएफ डीलक्स के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ज्वाला बैरागी निवासी बैरागी मोहल्ला, पावर हाउस भिलाई ने इन वारदातों में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। अब्दुल मुकीम, पुरुषोत्तम और एक नाबालिग के साथ सुबह भिलाई क्षेत्र में बाइक बदल-बदलकर घूमता था। मौका मिलते ही चैन स्नैचिंग करता था।

■ न्यूज गैलरी

नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में बीआईटी के स्वयंसेवक आदित्य का चयन

दुर्ग। राष्ट्रीय सेवा योजना, बीआईटी दुर्ग के सक्रिय स्वयंसेवक आदित्य संतोष नायर का चयन नेशनल इंटिग्रेशन कैंप के लिए किया गया है। यांत्रिक इंजीनियरिंग के 7 वें सेमेस्टर के विद्यार्थी आदित्य अपनी लगन, अनुशासन और सेवा-भाव के लिए निरंतर सराहे जाते रहे हैं। यह राष्ट्रीय शिविर 22 से 28 नवंबर तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आनंद (गुजरात) में आयोजित होगा, जिसमें आदित्य सीएसवीटीयू भिलाई का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस साल सीएसवीटीयू से 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। आदित्य के चयन पर संस्था के प्राचार्य डॉ. एसके जैसवाल, डॉ. डीएस रघुवंशी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, सीएसवीटीयू भिलाई, और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी व अभिजीत लाल ने हार्दिक बधाई दी।

स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा की कार्यप्रणाली, गन्ने से शक्कर बनाने की प्रक्रिया और गन्ने के अवशिष्ट से बिजली बनाने की प्रक्रिया को समझा। छात्र-छात्राओं ने कवर्धा स्थित रानी दहरा जलप्रपात का मनोरम दृश्य का आनंद भी लिया। भोरमदेव मंदिर का दर्शन कर प्राचीन मान्यताओं को जाना।

4 साल के बेटे को जान से मारने वाले सौतेले पिता और मां को उम्रकैद की सजा

बेटे को पटक-पटककर मार डाला, चुपचाप कर दिया अंतिम संस्कार

भिलाई/नवप्रदेश। कुम्हारी के शंकर नगर में 4 साल के बेटे की हत्या करने वाले सौतेले पिता और मां को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सौतेले पिता और मां ने बेटे की हत्या फरवरी 2024 में की थी। पुलिस को पता चला कि सौतेला पिता बच्चे से अमानवीय व्यवहार करता था। घटना वाले दिन भी आरोपी पिता ने बच्चे को उठाकर पटका था और पेट पर प्रहार किया था। मारपीट के कारण बच्चे की मौत हो गई थी। घटना के बाद पति-पत्नी ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। आरोपी मनप्रीत सिंह और उसकी पत्नी गायत्री साहू शंकर नगर में काजू मुसलमान के मकान में किराए पर रहते थे। यहीं पर बेटे जगदीप के साथ मारपीट की गई। मौत होने पर बालक का चुपचाप अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले की सूचना कुम्हारी पुलिस को आरोपी दंपत्ति के पड़ोसी हरिनाथ यादव ने दी थी। यादव ने पुलिस को बताया कि मनप्रीत अक्सर अपने सौतेले बेटे जगदीप के साथ अमानवीय व्यवहार करता था। उन्होंने दो महीने पहले की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि मनप्रीत ने बच्चे के गले में रस्सी बांधकर उसे हवा में उठा दिया था, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची थी। वह लगातार बच्चे को पीटता रहता था। 31 जनवरी की शाम को मोहल्लेवासियों ने आरोपी दंपत्ति को बच्चे को बुरी तरह पीटते हुए देखा था। अगले ही दिन रात में जगदीप की मौत की जानकारी मिली। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्चे के शरीर पर कई गंभीर चोटें थीं। रिपोर्ट के अनुसार पेट और गुप्तांगों पर प्रहार, जमीन पर पटकना और लगातार मारपीट के कारण उसकी मौत हुई थी। कुम्हारी पुलिस ने अपराध क्रमांक 32/2024 दर्ज कर दोनों आरोपियों मनप्रीत सिंह और गायत्री साहू को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी निरीक्षक संजीव मिश्रा ने घटनास्थल का नक्शा, गवाहों के बयान और चिकित्सीय साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया था। इस मामले में अदालत ने कहा कि बालक पूरी तरह असहाय था। अभियुक्तों ने अपने ही संरक्षण में रह रहे 4 वर्षीय मासूम पर घोर अमानवीय अत्याचार किया और उसकी असमय मृत्यु का कारण बने। मासूम बालक अपनी रक्षा करने में पूर्णतः असमर्थ था। ऐसे अपराध समाज की चेतना को झकझोर देते हैं। ऐसे मामलों में नरमी बरतना उचित नहीं। कठोर दंड से समाज में यह संदेश जाता है कि बच्चों पर अत्याचार करने वाला कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं सकता। दोनों अभियुक्त 2 फरवरी 2024 से न्यायिक अभिरक्षा में हैं। अदालत ने उनकी अवधि का समायोजन करने और उन्हें आगे की सजा काटने केंद्रीय कारागार दुर्ग भेजने का आदेश दिया है। सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर की अदालत ने सौतेले पिता मनप्रीत सिंह और मां गायत्री साहू को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और 1,000 रुपए जुर्माने की सजा दी है।

सड़क हादसे में महिला की मौत : 9 माह पहले हुई थी शादी

भिलाई/नवप्रदेश। राजनांदगांव से अपने मायके भिलाई आ रही महिला साक्षी द्विवेदी (29 साल) की सड़क हादसे में मौत हो गई। आज सुबह पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से साक्षी की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गई। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। साक्षी राजनांदगांव की एक निजी कंपनी में एचआर एग्जीक्यूटिव थी। साक्षी राजनांदगांव में ससुराल में रहती थी। 22 नवंबर की सुबह वह छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से पावर हाउस स्टेशन पर उतरी। उसके पिता साक्षी को स्टेशन लेने पहुंचे थे। स्टेशन से पिता-बेटी बाइक से भिलाई-3 स्थित अपने निवास जा रहे थे। पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे उतरते ही पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर की जोरदार टक्कर से पिता बाइक समेत दूर जा गिरे। साक्षी पीछे की ओर सड़क पर गिरते ही ट्रेलर की चपेट में आ गई। ट्रेलर महिला को कुछ दूर तक घसीटता हुआ निकल गया।

साक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार साक्षी की शादी इसी साल फरवरी 2024 में हुई थी। घटना की खबर मिलते ही पति और ससुराल पक्ष भी भिलाई पहुंच गया। परिवारजनों ने बताया कि साक्षी बीमार मां को देखने नियमित रूप से भिलाई आती थी।

शनिवार-रविवार की छुट्टी होने के कारण अक्सर मायके में समय बिताती थी। हादसे के बाद साक्षी के पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वे बार-बार कह रहे हैं कि अगर वे स्टेशन न गए होते या रास्ता बदल लेते तो बेटी बच जाती। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

विधायक चंद्राकर ने किया पीएससी टॉपर देवेश का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीजी पीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धनोरा ग्राम के निवासी देवेश साहू पिता होलधर साहू के निवास स्थान पहुंचकर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। विधायक चंद्राकर ने देवेश साहू को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ललित ने कहा कि उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। देवेश साहू की उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। विधायक चंद्राकर ने कहा साय सरकार पीएससी भर्ती के साथ-साथ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता प्रक्रिया अपनाकर युवाओं के हौसले को पंख देने का काम कर रही है। मेहनत करने वाले अभ्यर्थी अपनी काबिलियत के बल पर मुकाम हासिल कर रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी कर घोटाले का गढ़ बना दिया था। आज भ्रष्टाचार करने वाले जेल में है। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, जनपद सदस्य जितेन्द्र टंडन, फत्ते लाल वर्मा, प्रवीण यदु, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे सहित परिवार जन उपस्थित रहे।

नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहननगर थाना क्षेत्र में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को नाबालिग लड़के से अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी परमसुख सोनी ने स्कूटी में लिफ्ट देने के बहाने नाबालिग के साथ अश्लील हरकत की। घटना के बाद पीड़ित ने घर जाकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने मोहन नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को रात के समय नाबालिग बालक ने स्कूटी पर आए आरोपी से लिफ्ट मांगी। आरोपी ने उसे लिफ्ट दी और इसके बाद आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरन अश्लील हरकतें शुरू कर दी। पीड़ित नाबालिग के अनुसार आरोपी ने उसके प्राइवेट पार्ट को छूना शुरू कर दिया। नाबालिग किसी तरह आरोपी से बचकर निकला और अपने घर पहुंचकर पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। पुलिस ने बताया कि मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण फौरन कार्रवाई की गई। आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी परमसुख सोनी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के साथ पाक्सो अधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

सीजीपीएससी परीक्षा में खुशबू जानी की सफलता से गुजराती समाज गौरवान्वित

भिलाई। खुशबू जानी ने सीजी पीएससी परीक्षा में पहले ही प्रयास के फाइनल इंटरव्यू राउंड में 12 वाँ स्थान प्राप्त किया है। वे उमेश जानीऔर दिव्या जानी की सुपुत्री हैं। खुशबू का चयन छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा अधिकारी पद पर हुआ है। खुशबू की इस उपलब्धि पर श्री गुजराती समाज, सेक्टर 4 के पदाधिकारियों समेत समूचा भिलाई नगर गौरवान्वित है। खुशबू की असाधारण उपलब्धि कड़ी मेहनत, अटूट धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनकी सफलता समाज के हर युवा को संदेश देती है कि मन में दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी सपना दूर नहीं। दिव्या उमेश जानी के मार्गदर्शन, अनुशासन और सतत प्रयासों ने खुशबू की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम बोड़ेगांव में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ उर्वशी देशलहरा व नर्सिंग स्टाफ ने सहयोग दिया। शिविर में 57 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की।

पुलिस अभिरक्षा से फरार

भिलाई। पत्नी को जबरन मायके से उठाकर रायपुर ले जाने वाला हेमंत अग्रवाल आज पुरानी भिलाई थाना से पुलिस को चकमा देकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पत्नी तान्या देवांगन को पुलिस ने मायके पक्ष को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 19 नवंबर को आरोपी हेमंत अग्रवाल अपनी पत्नी तान्या देवांगन को बिजली आफिस कुरुद के पास से क्रूरतापूर्वक मारपीट करने के बाद रायपुर ले गया था। तान्या देवांगन की मां सरिता देवांगन की रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने आरोपी हेमंत अग्रवाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया।

अय्यप्पा मंदिर में भागवत सप्ताह यज्ञ

भिलाई/नवप्रदेश। अय्यप्पा सेवा संघम सेक्टर-2 भिलाई स्थित अय्यप्पा मंदिर में इस साल 37 वाँ भागवत सप्ताह यज्ञ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ 17 नवंबर से 23 नवंबर तक मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच भक्तिमय अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज भागवत सप्ताह यज्ञ के पाँचवें दिन रुक्मणी स्वयंवर महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने दिव्य दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रद्धापूर्वक महाभोग परोस कर यज्ञ महोत्सव का मंगल प्रारंभ किया। सांसद ने प्रदेश के समस्त अय्यप्पा भक्तों और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति के लिए भगवान श्री अय्यप्पा से मंगल कामनाएँ कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। आयोजन में अय्यप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष ईकेएस नायर सहित अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व भक्तगण उपस्थित रहे।

सेक्टर 9 हॉस्पिटल सब्जेक्ट टू वेकेशन रिटेंशन पर संयुक्त यूनियन ने बढ़ाया बीएसपी का टेंशन

भिलाई/नवप्रदेश। टाउनशिप में रिटेंशन स्कीम व सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम को रोकने और अस्पताल के निजीकरण को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी को आईआर विभाग के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इन मुद्दों पर चर्चा कर समाधान निकालने की मांग की। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि चर्चा कर समाधान नहीं निकालने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। संयुक्त यूनियन में शामिल इंटक, बीएमएस, एचएमएस, एटक ,एक्टू व स्टील वर्कर्स यूनियन ने बीएसपी के निदेशक प्रभारी के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को सौंपा है। यूनियन ने कहा कि टाउनशिप में रिटेंशन स्कीम व सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम को बंद करने और अस्पताल के निजीकरण व लाइसेंस स्कीम सहित कर्मियों के अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी चर्चा कर जल्द समाधान निकालना चाहते हैं। ताकि, कर्मचारियों में प्रबंधन के प्रति बढ़ रहे आक्रोश को काम किया जा सके। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द संयुक्त यूनियन के साथ बैठक कर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यूनियन उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। ऐसी स्थिति में संयंत्र में विषम परिस्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। इस दौरान प्रबंधन से महाप्रबंधक विकास चंद्रा वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा और इंटक से वंश बहादुर सिंह गिरिराज देशमुख के रमन मूर्ति विंसेंट परेरा डी शंकर ताम्रध्वज सिन्हा, राजकुमार डीपी साहू बीएमएस से प्रदीप कुमार पाल, दिल्ली राव, जगजीत सिंह, अनिल गजभिए, जोगेंद्र कुमार, अखिलेश उपाध्याय, ए वेंकट रमैया, एटक से विनोद कुमार सोनी, विनोद कुमार मिश्रा, संतोष सिंह, एचएमएस से हरिराम यादव, लोईमू से सुरेंद्र मोहंती, अभिशेष यादव, स्टील वर्कर्स यूनियन टंडन दास, बृजेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

सेक्टर-9 हास्पिटल. विश्व सीओपीडी दिवस पर जेएलएन चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

भारत में मृत्यु का दूसरा बड़ा कारण सीओपीडी, बचाव के उपाय जरूरी

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के श्वसन चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व सीओपीडी दिवस 2025 के अवसर पर विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। चिकित्सालय के मुख्य ओपीडी परिसर और चेस्ट ओपीडी में आयोजित कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ विनीता द्विवेदी मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा कौशलेंद्र ठाकुर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा उदय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

डॉ विनीता द्विवेदी ने बढ़ते रोग भार पर चिंता जताते हुए कहा कि समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग और त्वरित पहचान को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा उदय कुमार ने आमजन को समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने, उपचार का पूर्ण पालन करने और धूम्रपान व घरेलू प्रदूषण जैसे जोखिम कारकों से बचने की सलाह दी। सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष श्वसन चिकित्सा डॉ सोनाली त्रिवेदी ने कहा कि क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) भारत में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। जन-जागरूकता चिंताजनक रूप से कम है। उन्होंने सीओपीडी के त्वरित संदेह, निदान और प्रभावी प्रबंधन के लिए उपलब्ध विभिन्न तरीकों की जानकारी दी और लोगों से प्रारंभिक लक्षणों के प्रति सजग रहने की अपील की।

इस अवसर पर नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत जागरूकता नाटक ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। सीओपीडी रोगियों के दैनिक संघर्षों और परिवारों पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव को दर्शाते हुए इस नाटक ने समय पर परामर्श, रोकथाम व जीवनशैली में सुधार जैसे संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किए।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ रौनक दास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कंसल्टेंट डॉ सुदीप्तो दासगुप्ता ने निःशुल्क स्पाइरोमेट्री जांच शिविर की जानकारी दी, जिसके माध्यम से श्वसन क्षमता में कमी का प्रारंभिक परीक्षण संभव हुआ। जागरूकता पहल के अंतर्गत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ अथुल अंगज ने पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कृत प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों को अब ओपीडी परिसर में प्रदर्शित किया गया है, जो रोगियों व आगंतुकों को जागरूक और प्रेरित करने में सहायक होंगे।

वार्डों में टैक्स वसूलने पहुंची निगम की टीम

■ निगम कमिश्नर के सख्त निर्देश पर बकाएदारों के नल कनेक्शन काटने बनी निगम की टीम

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम की टीम वार्डों में टैक्स वसूली कर रही है। निगम प्रशासन ने साफ कहा है कि बकाया टैक्स राशि जमा न करने पर उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटे जाएंगे। निगम की राजस्व टीम शहर के कई वार्डों में अभियान चलाकर वसूली कर रही है। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 5 में नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करने पहुंची टीम को जीवराखन पिता लाल गुप्ता ने 9,952 रुपये का बकाया टैक्स जमा कर दिया। वार्ड नंबर 32 में चंदा बाई पति चांद मल जैन ने 28,915 रुपये जमा किये। महानंद साव से 7,200 रुपये का बकाया टैक्स जमा किया। राजेश्वरी पति जगदीश ने निगम की टीम को 33,390 रुपये जमा किये। इसी तरह जयलाल लक्ष्मण साव पिता लुभवा साव ने 62,630 रुपये का चेक दिया।

निगम अधिकारियों ने बताया कि बकाया टैक्स वसूलने के लिये करदाताओं को कई दिनों से नोटिस दिया जा रहा था। भुगतान न करने पर अब कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान उपभोक्ताओं से भविष्य में समय पर टैक्स भुगतान करने की अपील की गई। अभियान में सहायक राजस्व अधिकारी थान सिंह यादव, आरएसआई संजय मिश्रा, उमेश चंद्राकर व उमेश यादव की सक्रिय भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

आरोपी को आजीवन कारावास

कवर्धा। बिरनपुर खुर्द में पेचकस से किए गए प्राणघातक हमले के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर 2024 की शाम रोहित साहू गंभीर रूप से घायल अवस्था में घर लौटे थे। उनके गले और चेहरे पर गहरी चोटें थीं। गांव के अशोक साहू ने उन पर पेचकस से हमला किया था। घटना की जानकारी देने और पिता को अस्पताल ले जातेसमय शीतला मंदिर के पास आरोपी ने उतरा साहू, तीजू साहू और दुकल्हा साहू पर भी हमला किया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के लिए ले जाते समय घायल रोहित साहू ने रास्ते में दम तोड़ दिया। कबीरधाम पुलिस ने इस घटना का पता चलते ही आरोपी अशोक साहू को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। विस्तृत विवेचना और ठोस सबूतों के आधार पर अदालत ने आज आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

कुएं में मिला नवजात बच्चे का शव

कवर्धा। बोडला - बोड़ला विकासखंड के ग्राम रानीदहरा में खेतों में सिंचाई के लिए खोदे गए एक कुएं से लगभग 10 दिन के नवजात बालक का शव मिला। सूचना मिलते ही बोड़ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं में लगभग पांच फीट पानी था और शव पानी की सतह पर दिखाई दे रहा था। बोड़ला थाना के एएसआई प्रहलाद चंद्रवंशी ने बताया कि नवजात बालक लगभग 10 दिन का है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि जन्म के बाद उसे सीधे कुएं में फेंका गया या कहीं और से लाकर डाला गया। शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीणों की उपस्थिति में अंतिम कार्रवाई पूरी कर शव को उसी खेत मालिकों और रानीदहरा के ग्रामीणों को सौंप दिया गया। एएसआई ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच कर रही है कि हाल ही में आसपास के किसी गांव में प्रसव हुआ था या नहीं।

उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत

राजनांदगांव। विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेश पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस चौकी चिखली में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान को स्टार लगाकर उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक व रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

कोचियों के खिलाफ कार्रवाई : अब तक 1 करोड़ 19 लाख 63 हजार रुपए मूल्य का 3859 क्विंटल अवैध धान व 2 वाहन जप्त

■ अवैध धान बिक्री रोकने आज 5 प्रकरणों में 6 लाख 41 हजार 700 रुपए मूल्य का 207 क्विंटल अवैध धान जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों व बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 41 हजार 700 रूपए मूल्य के 207 क्विंटल (518 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 35 प्रकरणों में 1 करोड़ 19 लाख 62 हजार 900 रुपए मूल्य का 3859 क्विंटल (9648 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन जप्त किया गया है। अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 93 हजार रुपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान और डोंगरगढ़ अनुविभाग में 4

प्रकरण में 5 लाख 48 हजार 700 रुपए मूल्य के 177 क्विंटल (443 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 20 प्रकरणों में 74 लाख 36 हजार 900 रुपए मूल्य के 2399 क्विंटल (5998 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 11 प्रकरण में 36 लाख 39 हजार 400 रुपए मूल्य के 1174 क्विंटल (2935 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन और डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 4 प्रकरणों में 8 लाख 86 हजार 600 रुपए मूल्य के 286 क्विंटल (715 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है।

जिले के 1500 छोटे बड़े मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार व खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने और सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। मंडी, नगर सेना, वन विभाग और राजस्व अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

सड़क नाली से हटेंगे अतिक्रमण - नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

नपा अध्यक्ष चंद्रवंशी ने व्यापारियों से सहयोग की अपील की

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैठक शहर को स्वच्छ बनाने, बेहतर यातायात व्यवस्था और सड़क व नालियों को अतिक्रमण मुक्त करने सहित हाईटेक बस स्टैंड में शिफ्टिंग की कार्यवाही को लेकर बैठक हुई, जिसमें कई निर्णय लिये गए। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने की दिशा में सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया कि अतिक्रमण से मुक्ति के लिये प्रशासन और व्यापारियों समेत हर वर्ग का संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में अतिक्रमण मुक्त शहर व सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की के दौरान नपा अध्यक्ष ने बताया कि शीतला मंदिर से लेकर ऋषभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक होते हुए गुरूनानक चौक, रायपुरनाका चौक और गुरू तेगबहादुर चौक मेन मार्केट से लोहारा मार्ग विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे मार्केट में लोगों का आवाजाही ज्यादा है। इन मार्गो पर व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान रख दिया जाता है, जिसके कारण मार्केट मे आने वाले व्यक्तियों को काफी परेशानी होती है। यातायात व्यवस्था भी

ठप्प हो जाती है। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से दुकान के बाहर सामान न रखने की अपील की। व्यापारियों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया।

हाईटेक बस स्टैण्ड को लेकर हुई चर्चा

नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि पुराना बस स्टैण्ड अब नए हाईटेक बस स्टैण्ड में स्थानांतरित किया जाएगा। घोठिया रोड सड़क मार्ग का कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। अतिक्रमण या स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। तरह नालियों के ऊपर अतिक्रमण, शहर में गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों के खिलाफभी शिकंजा कसा जाएगा। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर सभी नागरिकों और व्यापारियों की साझा जिम्मेदारी है, जिसके लिए हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा। स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के लिए प्रशासन को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

बैठक में राजस्व एवं बाजार समिति के सभापति अजय ठाकुर, पार्षद योगेश चंद्रवंशी, संजीव कुर्रे, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दिनेश जैन, आकाश आहूजा, राकेश दोषी, गौतम लूनिया, अनिल दानी, राजेश गुप्ता, अजय लूनिया, सूचित बोथरा, बल्लूराम सिंह, प्रफुल्ल जैन, अमित शर्मा, संजय गुप्ता, सूर्य प्रकाश केशरी, नरेन्द्र सिंह बग्गा, वैभव नाहटा एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

सूदखोरों से प्रताड़ित होकर आत्महत्या का मामला गरमाया, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सम्बलपुर पोस्ट सिंघोला जिला राजनादगांव के निवासी धान कोचिया रामखिलावन साहू पिता श्याम लाल साहू के निज निवास सम्बलपुर पहुंचकर युवा नेता निखिल द्विवेदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। द्विवेदी ने कहा कि रामखिलावन सूद खोरों से परेशान था। आर के ज्वेलर्स और उमेश पालीवाल नाम के व्यापारियों से उसने धान उपार्जन और व्यापार के लिए ब्याज में पैसा लिया था। उनके भाई सोम साहू ने बताया कि उनका संबंध इन व्यापारियों से था और कई सालों से लेनदेन चल रहा था। व्यापारियों को बताया गया था कि धान बेचकर 5 प्रतिशत में दिए गए ब्याज के साथ मूलधन को लौटा देंगे। रामखिलावन द्वारा रकन न लौटाने पर परिवारजन रकम लौटाएंगे। लेकिन सूदखोर व्यापारियों ने रामखिलावन पर बहुत ज्यादा दबाव बनाया।

उन्होंने बताया कि इन व्यापारियों के एक आदमी ने रामखिलावन की जमीन की ऋण पुस्तिका भी छीन ली और 50,000 रुपए भी निकाल लिए थे। ग्राम सरपंच उमाकांत चंद्राकर ने कहा कि इन सूदखोरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि अगली बार कोई किसान कर्ज तले दब कर सुसाइड न करे। जिस दिन मृतक ने आत्महत्या की. उस दिन मौके पर पुलिस ने एक डायरी जप्त की। मृतक के पास से 17000 रुपये भी बरामद हुए और सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला। पुलिस ने सुसाइड नोट में लिखे गए नामों को मर्ग में लिखने से मना किया था। बाद में परिजनों और ग्रामीणों के हंगामे के बाद सुसाइड नोट के नाम भी शामिल किए गए। युकां के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने तत्काल एएसपी राहुल देव शर्मा और टीआई गोस्वामी से फोन पर चर्चा की और निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसी दबाव में आकर पुलिस निष्पक्ष कार्यवाही नहीं करेगी तो परिजनों और ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान हुमन लाल साहू, माता नेमबती, आमीन बाई ग्राम प्रमुख भैयाराम साहू पंच ढाकेश्वर साहू, तरुण, तारण, भूपेंद्र कुमार, राजेश साहू साकेत साहू उमाकांत साहू अजय साहू पूर्व पार्षद शरद पटेल किसान नेता डोमार साहू आजाद सिंह मोहित कोचरे सहित बड़ी संख्या में परिजन ग्रामीण उपस्थित थे।

जर्जर सड़कों के नवनिर्माण को लेकर शताक्षी ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जालबांधा क्षेत्र की जर्जर सडक़ो के जीर्णोद्धार और पुर्ननिर्माण प्रक्रिया कराए जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह ने कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर सुमन राज को ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही किए जाने की मांग की । जिपं सदस्य सिंह ने ज्ञापन मे बताया कि जिपं क्षेत्र जालबांधा इलाके के कई महत्वपूर्ण सडक़ो की नियत समय से अधिक होने के बाद भी मरम्मत और जीर्णोद्धार नही होने से ग्रामीणो को सुगम आवागमन मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । ग्रामीणो की आवाजाही, स्कूली छात्रछात्राओं को परेशानियां, स्वास्थ्य सेवा मे भी दिक्कतें बढ़ चुकी है । सिंह ने क्षेत्र की राजनांदगांव खैरागढ़ मुख्य मार्ग से दपका पहुँच मार्ग का नवनिर्माण, मूतेड़ा नवांगांव सडक़, मदराकुही होते ग्राम पांडूका सडक़ मार्ग के तत्काल नवनिर्माण कराए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते कहा कि इस सडक़ से क्षेत्र के हजारो ग्रामीण, किसान छात्र, कर्मचारी सहित अन्य लोग रोजाना आवाजाही करते है । कई सडक़े पूरी तरह उखड़ चुकी है तो कई सडक़ो के नवनिर्माण की तत्काल आवश्यकता है। जिले मे प्रधानमंत्री सडक़ योजना और मुख्यमंत्री सडक़ योजना कार्यालय का सुचारू संचालन होने के बाद भी विभागीय अधिकारियो ने इस सडक़ो के नवीनीकरण, मरम्मत और निर्माण को लेकर अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नही की है। जिससे ग्रामीणो को समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। सिंह ने उपरोक्त सड़को को योजना के तहत जल्द स्वीकृत करा निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की गई। इस दौरान जिपं सदस्य दिनेश वर्मा,जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू, अजय पटवा उपस्थित थे।

खैरागढ़ महोत्सव में सितार, सुर और लोकधुनों का संगम

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में जारी तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव के दूसरे दिन भी सुर, लय और ताल का अनूठा संगम देखने को मिला। शानदार प्रस्तुतियों ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा और विश्वविद्यालय परिसर में कला संस्कृति का उत्सव चरम पर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के संगीत संकाय की प्रस्तुति के साथ हुई। दिल्ली के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पं. हरीश तिवारी ने अपनी मनभावन राग साधना से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता के दिग्गज

सितार वादक पद्मभूषण पं. बुधादित्य मुखर्जी की प्रस्तुति महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही। उनकी विलक्षण शैली और निपुणता पर दर्शकों ने लंबे समय तक तालियां बजाई।

दिल्ली के व्योमेश शुक्ला व समूह द्वारा प्रस्तुत 'राम की शक्ति पूजा' कार्यक्रम ने मंच पर आध्यात्मिकता और शास्त्रीय कला का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय कलाकार गंडई के पीसी लाल यादव व समूह ने लोकसंगीत दूध मोगरा के माध्यम से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक सौंधी खुशबू बिखेरी।

संस्थापक प्रतिनिधि आर्यव्रत हुए शामिल

दूसरे दिन के कार्यक्रम में राजा आर्यव्रत सिंह मुख्य अतिथि रहे। कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मनीष पारख, अमित बरडिया और हरीश चंद जैन विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि राजा आर्यव्रत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 1951 में परदादा और परदादी ने अपनी पुत्री इंदिरा के नाम पर संगीत शिक्षा के लिए अपना महल दान में दिया था। उनका उद्देश्य यही था कि यहां पढने् वाले छात्र-छात्राएं अपना और खैरागढ़ का नाम विश्व भर में रोशन करें।

कुछ वर्ष पहले परिस्थितियाँ प्रतिकूल हो गई थीं और विश्वविद्यालय की छवि प्रभावित हुई थी, लेकिन कुलपति डॉ. लवली शर्मा विश्वविद्यालय का उत्कृष्ट संचालन कर रही हैं और सभी व्यवस्थाएँ तेजी से सुधर रही हैं। दूसरे दिन के कार्यक्रमों में भी देर रात तक दर्शक मौजूद रहे।

गुरुकुल में विज्ञान प्रदर्शनी, छात्राओं ने किया वॉटर फिल्टर मॉडल का प्रदर्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के विज्ञान के प्रति उत्सुकता और विज्ञान से संबंधित अन्य गतिविधियों से जोडऩे के लिए हर साल अंतर विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है।

कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी विज्ञान संबंधी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 149 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें से 24 वर्किंग मॉडल थे, जबकि शेष मॉडल नॉन-वर्किंग श्रेणी में शामिल रहे। विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों और नवाचारों को दर्शाते हुए तैयार किए गए ये मॉडल विज्ञान मेला

का मुख्य आकर्षण बने। क्लास 5 की छात्राओं ने वॉटर फिल्टर मॉडल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि गंदे पानी को किस प्रकार विभिन्न फिल्टरिंग लेयर्स के माध्यम से साफ कर उपयोग योग्य बनाया जा सकता है। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि सौरभ नामदेव, विशिष्ट अतिथि संतोष बोथरा अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन, नेहा बोथरा और निर्णायक मनोज कुमार पुसाम, पीजीटी बायोलॉजी केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर व श्रवण मिश्रा पीजीटी रसायनशास्त्र, जवाहर नवोदय विद्यालय उडियाकला, राज नामदेव मन्चासीन थे। कक्षा छठवीं से बारहवीं के छात्रों ने भौतिकी, कृषि, व्यवसाय शास्त्र व शरीर विज्ञान से संबंधित उत्कृष्ट मॉडल का प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि विज्ञान से संबंधित विभित्र मॉडलों में भूकंपरोधी यंत्र, ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव, पवन चक्की, नर्वस टिशु, हीमो डायलिसिस, हृदय संरचना, कृषि संबंधित मॉडल व एडवांस्ड लेजर डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन किया। 11वीं वाणिज्य के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका द्वारा बैंकिंग लोन सिस्टम को समझाया। निर्णायक द्वय ने चयनित मॉडलों को पुरस्कृत भी किया। आगंतुक अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भविष्य के वैज्ञानिकों की कुशलता की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथियों को शाला की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज राय ने विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करती है।

कौरिनभाठा में पीलिया की शिकायत महापौर ने किया दौरा

राजनांदगांव। कौरिनभाठा के राधाकृष्ण मंदिर पास के क्षेत्र में संक्रामक बीमारी पीलिया फैलने की शिकायत पर महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड का दौरा किया। महापौर ने क्षेत्र में पाइपलाइन की जांच करने, गैंग लगाकर सफाई कराने, क्लोरीन टेबलेट वितरण करने और हैल्थ कैंप लगाने के निर्देश दिए। महापौर यादव ने कौरिनभाठा में पीलिया जैसी संक्रमक बीमारी होने की जानकारी मिलते ही जल विभाग के उप अभियंता अनुप पाण्डे को संबंधित क्षेत्र के पाइपलाइन की जॉच करने के निर्देश दिए। पानी में क्लोरीन की मात्रा चेक करने कहा।

धान खरीदी में फर्जीवाड़ा रोकने 3089 क्विंटल धान जप्त

बालोद/नवप्रदेश। वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी सुनिश्चित करने जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री की रोकथाम करने प्रशासन की टीम ने अब तक 3089 क्विंटल धान जब्त किया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर राजस्व, सहकारिता, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा धान के थोक व फुटकर व्यापारियों की दुकानों व गोदामों की जांच की जा रही है। जारी की गई अनुज्ञप्ति व अन्य आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर धान की मात्रा कम या अधिक पाए जाने पर अतिरिक्त धान की जप्ती की कार्रवाई की जा रही है।

कृषि उपज मंडी के सचिव संजीव वाहिले ने बताया कि बालोद जिले में धान खरीदी में फर्जीवाड़ा को रोकने कोचियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक कुल 39 कोचियों और थोक व फुटकर व्यापारियों के दुकानों व गोदामों में सघन अभियान चलाकर अनुज्ञप्ति व दस्तावेज के आधार पर धान न पाए जाने पर धान जप्ती की कार्रवाई की है।

आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम आनंदपुर के व्यापारी चंद्रहास यादव के गोदाम से 30 हजार 400 कीमत के कुल 16 क्विंटल, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार के व्यापारी सुभाषचंद जैन के गोदाम से 36 हजार 80 रुपए कीमत का कुल 17 क्विंटल 60 किलो और गौतमचंद जैन के दुकान से 37 लाख 8 हजार 120 रुपये मूल्य का कुल 1901 क्विंटल 60 किलो धान जप्त किया गया।

पेज 1 का शेष

ड्रग और आतंक के...

ताकि रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने का रास्ता निकले।

पाक से हथियार ड्रोन के...

तुर्की और चीन में बने 10 हाई-टेक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए।

पुलिस का कहना है कि बरामद हथियारों की क्वालिटी और नेटवर्क का विस्तार देखकर साफ है कि यह एक संगठित और हाई-फंडेड तस्करी मॉड्यूल था। पुलिस का कहना है कि बरामद किए गए हथियार बहुत आधुनिक हैं और इनके पीछे बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था। इससे लग रहा है कि यह तस्करी का संगठित और हाई-फंडेड मॉड्यूल था।

दिल्ली ब्लास्ट के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

दरअसल 10 नवंबर को दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। राजधानी दिल्ली से लेकर सीमावर्ती राज्यों तक बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। कश्मीर में आतंकियों के मददगारों पर लगातार छापेमारी हो रही है, इसी क्रम में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ये नेटवर्क पकड़ा। हालांकि, इसका लिंक अभी आतंकियों से सामने नहीं आया है, लेकिन गैंगस्टरों के साथ मिला है।

आरोपी उत्तर प्रदेश और पंजाब के रहने वाले

गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हथियारों का यह बड़ा जखीरा दिल्ली के रोहिणी इलाके से ज़ब्त किया गया है। क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार लाने की तैयारी में हैं। इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

लेबर रिफार्मस से बढ़ेगी ...

वर्कर्स की भलाई के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हम पहले से ही अपने वर्कर्स को इंश्योरेंस और वेलफेयर बेनेफिट्स जैसे कई फायदे फ्री ऑफ कॉस्ट उपलब्ध करवा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अमेजन ने कहा कि कंपनी सरकार के इन सुधारों के पीछे के उद्देश्य को अपना समर्थन देती है।

अमेजन ने कहा कि कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी कंपनी के कर्मचारी सुरक्षा और कल्याण पर फोकस से जुड़ा है।केंद्र के अनुसार, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 नौ मौजूदा सामाजिक सुरक्षा अधिनियमों को एक फ्रेमवर्क में पेश करती है, जिससे संगठित, असंगठित, गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए यूनिवर्सल सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह पहली बार है जब गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को मान्यता दी जा रही है और उनके कल्याण के लिए एक सामाजिक सुरक्षा कोष की स्थापना की गई है।

कांग्रेस नेता अशोक फड़नवीस ने निर्वाचन आयोग की तैयारियों को बताया अधूरा

राजनांदगांव /नवप्रदेश। प्रदेश में संचालित मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक फड़नवीस ने निर्वाचन आयोग की तैयारियों और समय-सीमा को लेकर गंभीर आपत्तियाँ जताते हुए कहा कि जिस तरह केवल एक माह का समय दिया गया है, वह हड़बड़ी में गड़बड़ी को जन्म दे रहा है।फड़नवीस ने कहा कि चुनाव में अभी तीन साल बचे हैं। फिर भी आयोग बिहार की तरह जल्दबाज़ी में प्रक्रिया पूरी करवाना चाहता है।ज़मीनी स्तर पर बीएलओ मानसिक दबाव में काम कर रहे हैं। उन्हें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी भी नहीं दी गई है। फड़नवीस ने आरोप लगाया कि बीएलओ के पास फॉर्म भरने की कई महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियाँ नहीं हैं। 30 दिन में 2 करोड़ 12 लाख मतदाताओं तक फ़ॉर्म पहुंचाना असंभव जैसा कार्य है।

कवर्धा में कैंसर जांच शिविर, 39 मरीजों की हुई जांच, 15 पॉजिटिव

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष निर्देश पर जिला अस्पताल कवर्धा में प्रत्येक माह कैंसर जांच शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री जिले में गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में संचालित अभियान ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला अस्पताल परिसर में कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालको के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर पांडे द्वारा विभिन्न प्रकार के कैंसर से संभावित मरीजों की जांच की गई। कुल 39 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 15 मरीजों के परिणाम पॉजिटिव मिले। डॉ. दिवाकर पांडे ने कहा कि कैंसर की शुरुआती अवस्था में पहचान और समय पर उपचार से मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने जागरूकता और नियमित जांच को बेहद आवश्यक बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र तुरे ने कहा कि उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर आयोजित शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहे हैं।

मेगा पालक एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय माध्यमिक शाला घठुला में मेगा पालक एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन के प्रारम्भ में मा. शा.घठुला में पदोन्नत प्रधान पाठक श्री अब्दुल अज़ीज़ मेमन का समस्त पालकों द्वारा स्वागत किया गया तत्पश्चात सम्मेलन में चर्चा के बिंदु यथा बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा तनाव प्रबंधन, बोर्ड परीक्षा की तैयारी, नशा मुक्ति अभियान, बच्चों का स्तर एवं कक्षागत आकलन के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई। पालकों को पढ़ाई का कोना एवं समय सारणी तैयार करने में सहयोग करने हेतु आग्रह किया गया। लगातार अनुपस्थित बच्चों को शाला में जोड़ने तथा कक्षा स्तर तक लाने हेतु योजना का निर्धारण किया गया। उक्त बैठक प्राचार्य आर. के. कश्यप व मा. शा. घठुला के प्रधान पाठक ए.ए.मेमन के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, प्रधान पाठक प्रा. शा. तेज नाग, शिक्षक नरेश कौशल, मनोज पटेल, ईश्वर सिंह पटेल ,संकुल समन्वयक संजय रेड्डी एवम् पालकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

बलौदी में शक्कर घोटाला! 15 दिन बाद भी शासन-प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी!

■ **20 रुपये में शक्कर वसूली! ग्रामीणों की शिकायत दबा रहा प्रशासन?**

भिनोदा/सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बलौदी में संचालित उचित मूल्य की दुकान को लेकर ग्रामीणों में तीखा आक्रोश है। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि पिछले माह शक्कर का वितरण नहीं किया गया, और जब दिया भी गया तो शासन द्वारा निर्धारित 17 रुपये की जगह 20 रुपये प्रति किलो वसूला गया, जो कि पूरी तरह मनमानी और नियम विरुद्ध है। यह दुकान अंजली स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित है, और ग्रामीणों का कहना है कि समूह शासन-प्रशासन के किसी भय के बिना अपनी सुविधानुसार दुकान चला रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अंजली स्व-सहायता समूह को हर प्रकार का लाभ दिया जा रहा है जबकि बाकी जुड़े समूहों को कोई लाभ नहीं मिलता, जिससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

SDM कार्यालय में लिखित शिकायत के बाद भी कार्रवाई शून्य- ग्रामीणों ने उक्त अनियमितताओं को लेकर स्ठरू कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, परंतु चौंकाने वाली बात यह है कि शिकायत किए 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों को फोन कर जानकारी लेने पर अधिकारी फोन उठाना भी आवश्यक नहीं समझते, जिससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि अधिकारी स्वयं इस गंभीर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। पीडीएस जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक वितरण प्रणाली में इस तरह की गंभीर शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन की अब तक की चुप्पी विभाग को भी संदेह के घेरे में खड़ा करती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह स्पष्ट होगा कि पूरे प्रकरण को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है।

राष्ट्रीय एकता शिविर गुजरात के लिए पॉलीटेक्निक की मधु का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए रासेयो पॉलीटेक्निक की स्वयंसेविका मधु ठाकुर इलेक्ट्रिकल ब्रांच का चयन किया गया है, जिससे पूरे संस्थान में हर्ष का माहौल है। यह शिविर 22 से 28 नवंबर तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर, आणंद (गुजरात) में आयोजित होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न राज्यों के युवा प्रतिनिधि भाग लेते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। संस्था के प्राचार्य ने मधु ठाकुर को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि मधु ठाकुर का चयन न केवल हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य छात्रों को भी राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।

चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक लगी आग

अभनपुर/नवप्रदेश। अभनपुर-रायपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। चलते-चलते एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग भड़क उठी, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। स्कूटी सवार युवक ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली, अन्यथा हादसा और भी गंभीर हो सकता था। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी स्कूटी जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि स्कूटी के बैटरी सेक्शन से धुआं उठने लगा। कुछ ही सेकंड में आग ने भयंकर रूप ले लिया। आग की लपटे देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं है। बैटरी ओवरहीटिंग, शॉर्ट-सर्किट या तकनीकी खराबी को संभावित वजह माना जा रहा हैं। लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

हितेंद्र सिंह बाघे उप पुलिस अधीक्षक बने

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षा में ग्राम टिकुलिया भाटापारा के प्रतिष्ठित स्वर्गीय शोभासिंह बाघे के सुपौत्र हितेंद्र सिंह बाघे पुत्र सत्येन्द्र सिंह बाघे,माता शकुन बाघे का चयन डी एस पी के पद पर हुआ है। डी एस पी चयन होने पर हितेंद्र सिंह ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए इस उपलब्धि के लिए अपने माता पिता बहन सहित परिजनों का इसका श्रेय दिया है।हितेंद्र की बहन सुश्री हितेश्वरी बाघे वर्तमान में संयुक्त कलेक्टर गरियाबंद में पदस्थ है तथा गरियाबंद एस डी एम के प्रभार में है,जबकि उनके पिता सत्येंद्र सिंह बाघे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलोदा बाजार में कार्यरत है।हितेंद्र के डी एस पी चयन होने पर उसके ग्रह ग्राम टिकुलिया सहित सुभाष वार्ड स्थित उनके निवास पर उसे बधाई और शुभकामना देने वाले लगातार पहुंच रहे है।विदित हो कि हितेंद्र और उसकी बहन हितेश्वरी बाघे शुरू से ही मेघावी रहे है ,हितेंद्र की इस सफलता पर उनके परिजन भी काफी खुश है।

चार गांव के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया

■ **शासकीय जमीन में सौर ऊर्जा लगाने का ग्रामीणों ने विरोध किया**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। बड़हुम, करेठी,गुंडरदही ,खुज्जी, के ग्रामीणों ने 21 नवंबर को दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय डोंगरगांव में पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया,

ग्राम पंचायत बडहुम के सरपंच बिसन बाई आलेंद्र को नायब तहसीलदार ने नोटिस जारी कर 21 नवंबर को पेशी में बुलाया था सरपंच ने नोटिस को गांव वाले के समक्ष रखा जिनमें गांव में बैठक आयोजित कर सर्व सम्मति से एक मात्र घास जमीन चारागाह खेल मैदान है जो शासकीय है इसी मैदान में इन चार गांव के स्कूली बच्चे खेल मैदान के रूप में उपयोग करते हैं यहां पर इस एरिया में एक मात्र खाली मैदान बचा हुआ है जिनमें चार गांव के पशुओ का एक मात्र चारागाह मैदान है इस शासकीय जमीन को बचाने के लिए पूरे चारों गांव के ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर सौर ऊर्जा लगाने के नाम पर पूरी तरह विरोध जताया है।

एबिस फूड्स एंड प्रोटीन प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अंजुम अल्वी द्वारा ग्राम बड़हुम में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 752,1 रकबा जो

35 एकड़ में फैला है यह शासकीय घास जमीन

ग्राम बड़हुम से लगे खाली घास जमीन जो शासकीय हैं जो तालाब किनारे से चारों घिरा पुरी तरह 35 एकड़ में फैला हुआ है। जिसे गांव वालों ने संभाल कर कर रखा है इसी जमीन में इस श्रेत्र के चार गांव पशुओं को चारागाह के रूप में तथा स्कूली बच्चों के खेल मैदान के रूप उपयोग किया जा रहा है

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

ग्राम बड़हुम करेठी गुंड़रदही खुज्जी के ग्रामीणों ने लिखित में ज्ञापन डोंगरगांव एसडीएम श्रीकांत कोराम को सौंपा गया है। ज्ञापन में श्रेत्र के ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि उक्त शासकीय जमीन पर किसी भी प्रकार के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने नहीं देंगे। अगर इस जगह में शासन द्वारा पट्टे प्रदान किया जाएगा तो पूरा ग्रामवासी और श्रेत्रवासी मिलकर आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

लगभग 35 एकड़ शासकीय भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर संचालित करने हेतु शासकीय पट्टे प्रदान के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के समक्ष आवेदन पेश किया गया है जिस पर श्रेत्र के ग्रामीणों ने पूरी तरह से आपत्ति लगाई है।

स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, वाहन के उड़े परखच्चे

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 11.10 बजे नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर अचानक फिल्मी स्टाइल में पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि गाड़ी में सवार चारों युवक पूरी तरह सुरक्षित बच गए।

जानकारी के मुताबिक चारों युवक अभनपुर क्षेत्र के दरबा मुर्रा गांव के निवासी हैं, जो नवापारा अस्पताल में मरीज छोड़कर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो की रफ्तार काफी ज्यादा थी, जिसके कारण ड्राइवर वाहन को संभाल नहीं पाया और गाड़ी सड़क के डिवाइडर से टकराकर रॉग साइड में पलटती चली गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर युवकों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन चारों युवकों को खरोंच तक नहीं आई, जिसे स्थानीय लोग 'चमत्कार' से कम नहीं मान रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार सड़क पर गाय आ जाने के कारण चालक का नियंत्रण खो बैठा और वाहन डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। फिलहाल किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया है। लोगों ने तेज रफ्तार से बचने और सड़क पर सतर्कता बरतने की अपील की है।

सीजीपीएससी में 47 वीं रैंक लेकर गौरव सोनी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

सफलता से परिवार व मित्रों में खुशी की लहर

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की परीक्षा में क्षेत्र के होनहार युवक गौरव सोनी ने 47 वीं रैंक हासिल कर अपना व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार, मित्रों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

गौरव के पिता गंगाधर सोनी और माता शोभा सोनी ने बेटे की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे परिवार के लिए अविस्मरणीय क्षण बताया।

बाल्यकाल से ही होनहार रहे गौरव ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, गुरुजन तथा राजीव लोचन भगवान को दिया। साथ ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा में भाग ले रहे छात्रों के लिए संदेश देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर अध्ययन से सफलता निश्चित मिलती है। गौरव सोनी की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर है और लोग उन्हें शुभकामनाएँ दे रहे हैं। बधाई देने वालों में उनके मित्र पंडित विकास मिश्रा, भारत भूषण, सचिन सोनी, राहुल साहू, तरुण जैन, मनीष जैन और नागेन्द्र निषाद ने गौरव को बधाई देते हुए आगे भी राज्य व समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

सतनामी समाज की शोभायात्रा और बैठक आज

कुरूद/नवप्रदेश। आइए, मिलकर समाज की एकता और संस्कृति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ के उद्देश्य के साथ 23 नवम्बर 2025, रविवार समयः दोपहर 12:00 बजे सतनाम भवन, डिपो रोड में सतनामी समाज कुरूद ब्लॉक द्वारा आगामी शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुत्व के सभी सामाजिक बंधुओं, कर्मचारी-अधिकारी, पदाधिकारी, ग्रामीण महिला एवं पुरुष भाई-बहनों से विनम्र निवेदन है कि इस बैठक में उपस्थित होकर समाज की एकता और गौरव को और सशक्त बनाएं। यह बैठक समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और शोभायात्रा की भव्यता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसमें उपस्थिति ही इस आयोजन की सफलता का आधार बनेगी।

इस बैठक की तैयारी में आयोजक मंडल के भाव सिंह डहरे, जिला अध्यक्ष धमतरी , रामकुमार बंजारे ङ्क ब्लॉक अध्यक्ष ,राजकुमार टंडन ब्लॉक सचिव , ब्लॉक अधिकारी एवं पदाधिकारी साथीगण आदि जुटे हुए हैं।

कुरुद के विद्यार्थियों को श्री मेगा मार्ट कुरूद में औद्योगिक भ्रमण कराया

कुरूद/नवप्रदेश। राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के अंतर्गत संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम(रिटेल) मे शासकीय कन्या उ. मा. विद्यालय कुरुद के विद्यार्थियों श्री मेगा मार्ट, कुरूद मे औद्योगिक भ्रमण कराया गया। श्री बोध साहू जी द्वारा रिटेल बिजनेस संबंधित जानकारी दिया गया। इसके साथ ही व्यवसायिक पाठ्यक्रम(रिटेल)- सेन्टम कंपनी के द्वारा शासकीय कन्या उ. मा. विद्यालय कुरुद में अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। अतिथि व्याख्याता राजेश शर्मा द्वारा ग्राहक सेवा का जानकारी दिया गया, इस अवसर पर प्राचार्य डी पी देवांगन, व्यवसायिक प्रशिक्षक रमाकांत सिन्हा, एल एन चंद्राकर,मिथलेश सोनकरअन्य शिक्षक उपस्थित थे।

नेवरा में वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर मानव श्रृंखला बनाई

तिल्दा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाई गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती रानी सौरभ जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 21, श्रीमती अनुराधा वर्मा भाजपा जिला ग्रामीण मंत्री, श्रीमती देवकी बाघमार मंडल उपाध्यक्ष ,श्रीमती नंदनी खीचारियां, श्रीमती बेबी गोस्वामी ,श्रीमती मंजू तिवारी, प्राचार्य श्रीवासुदेव साहू उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमती रानी सौरभ जैन ने कहा कि 7 नवंबर 2025 को वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पूरा हुआ। वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है ।इस वर्षगांठ को मनाने की पहल हमारे प्रधानमंत्री जी ने की है। आप सभी बच्चे देश के आने वाले भविष्य है और आप सभी के सहयोग से वंदे मातरम का 150 वर्षगांठ पूर्ण होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपने घर के आसपास एक पेड़ अवश्य लगाए । जिससे भविष्य में पर्यावरण को बचाया जा सके। हमें अपने आसपास, गांव, शहर, विद्यालय में साफ सफाई रखनी चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों से आगे कहा कि वह माननीय श्री प्रधानमंत्री जी की मन की बात अवश्य सुने ,इससे हमें बहुत ही महत्वपूर्ण देश-विदेश की जानकारी प्राप्त होती है।

जनजाति गौरव सम्मान कार्यक्रम में समाज की उपेक्षा

छुरा / नवप्रदेश। गरियाबंद जिला स्तरीय जनजाति गौरव धरती का आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इसमें जनजाति समाज की और उ पेक्षा हुई जिसमे क्षेत्र के सभी आदिवासी समाज के पदाधिकारीयों कार्रवाई की मांग की है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही यह है कि जनजाति गौरव के माध्यम से जनजाति समाज के लोगों का सम्मान और उनकी तक पहुंच कर उनकी बारे में जानकारी एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाना है कार्यक्रम का आयोजन किया गया इससे पता चलता है कि यहां कार्यक्रम से राजनीतिक कार्यक्रम हो गया है इसमें अतिथि के नाम का है जबकि जनजाति गौरव के कार्यक्रम होने के नाते कार्यक्रम के अध्यक्षता किसी सामाजिक बंधुओ से किया जाना था एवं सबसे दुखद पहलू यह की इस कार्यक्रम का आमंत्रण सर्व आदिवासी समाज जैसे संवैधानिक संगठन के पदाधिकारी तक को नहीं मिला एवं साथ ही साथ विभिन्न संगठन जो आदिवासी समाज में कार्य करते हैं उन समाज के पदाधिकारी को आमंत्रण तक नहीं दिया गया है ।

पाईल्स एवं फिस्टुला हेतु वरदान हैः आयुर्वेद की क्षारसूत्र चिकित्सा

बिलासपुर/नवप्रदेश। वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान, अरपा पुल के पास, मेन रोड़ नेहरू चौक, बिलासपुर में 20 नवंबर को विश्व बवासीर दिवस (वर्ड पाईल्स डे) के अवसर पर 5 दिवसीय निःशुल्क पाईल्स (बवासीर), फिशर (मलद्वार का छिलना), फिस्टुला (भगंदर) जांच एवं चिकित्सा हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न जिलों, ग्रामीण अंचलों, नगरवासियों द्वारा लाभ प्राप्त किया जा रहा है।

शिविर के तीसरे दिन मिलाकर लगभग 465 रोगियों ने जांच कराई एवं चिकित्सा प्राप्त की जिसमें लगभग 138 पाईल्स, 63 मलद्वार का छिलना (फिशर), 108 भगंदर (फिस्टुला), 7 एनोरेक्टल प्रोलेप्स (गुदभ्रंस) एवं शेष अन्य रोगो के मरीज थे। इस शिविर में साथ ही वातरोग (घुटने-कमर-गर्दन कंधे कोहनी-एड़ी दर्द), त्वचा रोग, डायबिटीज (मधुमेह / शर्करा रोग), शिशु रोग, स्त्री रोग जैसे इनफर्टिलिटी, श्वेत, रक्तप्रदर रोग, अनियमित मासिक धर्म आदि रोगों के भी मरीजों का आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चिकित्सा प्रदान की। सभी रोगियों कों दैनिक जीवनशैली के विकृत होने वाले गंभीर रोग हेतु जागरूक कने पत्र-पत्रिकाओं का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। मलद्वार के रोगों का मुख्य कारण मलबद्धता (कब्ज) माना जाता है। आधुनिक जीवनशैली में अनेकानेक जनसामान्य कब्ज (पेट साफ न होना) से परेशान है। अतः कब्जियत को दूर करने से भी चिकित्सा लाभ प्राप्त किया जा सकता है। क्षारसूत्र का निर्माण हल्दी चूर्ण, चिरचिरे की भस्म, स्नूही (थूहर) के दूध आदि औषधों के संयोग से महर्षि सुश्रुत शल्यतंत्र के जनक द्वारा सुश्रुत संहिता में बताया गया है। वैद्यशाला संस्था द्वारा विगत 12 वर्षों से माह नवम्बर में चिकित्सा शिविर कर 24 रोगियों की निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा (शल्य-क्रिया) अपने खर्चे में कराई जाती है।

कार्यक्रम | **मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर जो आंगनबाड़ी के माताओं-बहनों को मिला हुआ है-रोहित**

दो ब्लॉक के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह में पहुंचे विधायक

छुरा/ नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता रमईपाठ के प्रांगण में आयोजित गरियाबंद जिले के छुरा एवं फिंगेश्वर विकासखंड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह में विधायक रोहित साहू ने अपने उदबोधन की शुरूआत माता के जयकारे और जय श्रीराम के उदघोष से करते हुए कहा कि माता के इस मंदिर प्रांगण में आज सम्मान समारोह के आयोजन से शांति और सुकुन का एहसास हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका होना सम्मान की बात है। विधायक श्री साहू ने कहा कि मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर है जो आंगनबाड़ी के माताओं-बहनो को मिला हुआ है। मेरी ये बहने नींव मजबूत करने का काम करते है। शासन की एक-एक योजनाओं को न केवल घर-घर पहुंचाते है बल्कि बड़ी ईमानदारी से काम करते है। एक-एक घरो से जुड़ाव है आपका। बच्चों के जन्म से लेकर शादी विवाह तक हर योजना की जानकारी और सहयोगी की भूमिका आप बखूबी निभाते है। संस्कार देने का काम करती है। आने वाले पीढ़ी और भविष्य का निर्माण भी आप ही करती है। विधायक श्री साहू ने कहा कि हर जगह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। भाजपा शासनकाल में महिला सशक्तिकरण के साथ महिलाओं का उत्थान भी हो रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आवास की समस्या सबसे ज्यादा थी। गरीब के आवास की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। एकसाथ 26 लाख आवास स्वीकृत हुआ। मोदी की गारंटी को राज्य के विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन वाली सरकार पूरा कर रही हैं ।इससे हर गरीबो के चेहरे पे मुस्कान आ गया है। हर व्यक्ति को लाभ पहुंच रहा है ।विधायक श्री साहू ने कहा कि एक जमाना वह भी था जब किसी के घर में शौचालय नही था। माताओं को इससे काफी तकलीफो का सामना करना पड़ता था इसकी भी चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ।आज घर-घर शौचालय बना हुआ है। सबसे बड़ी चिंता भोजन की थी,इसे भी डॉ रमन सिंह की सरकार ने दूर किया और हर घर में 35 किलो चांवल की व्यवस्था की ।इन सभी बातो को याद रखना चाहिए कि हमारी चिंता किस सरकार ने की ।कहा कि समाज के लिए,महिलाओं के लिए कौन काम कर रहा है इसे भी याद रखना चाहिए।

न्यूज गैलरी

राज्य सेवा परीक्षा-2024 - धमतरी के अनंत गुप्ता ने हासिल किया 26वां स्थान

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2024 की समेकित मेरिट सूची जारी कर दी गई है, जिसमें धमतरी जिले के अनंत गुप्ता ने 26वीं रैंक प्राप्त कर जिले एवं शहर का गौरव बढ़ाया है। परिणाम जारी होने के उपरांत अनंत गुप्ता ने आज शाम कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनंत से परीक्षा की तैयारी की प्रक्रिया, अध्ययन पद्धति तथा पारिवारिक सहयोग के विषय में जानकारी ली। अनंत गुप्ता ने बताया कि उन्होंने किसी भी कोचिंग संस्थान के बिना, पूरी तरह स्वध्ययन के आधार पर तैयारी की। उन्होंने धमतरी के मेनोनाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूली शिक्षा तथा भिलाई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने नियमित 10 से 12 घंटे अध्ययन कर पीएससी की तैयारी की और दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त की। वर्तमान में वे यूपीएससी की तैयारी भी कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनंत को आगे की उच्च स्तरीय परीक्षाओं हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अनंत के पिता श्री राजेंद्र गुप्ता और चाचा श्री रामकुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।

नहाने के बाद सीने में हुआ दर्द जवान की हो गई मौत

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम तरौद में छुट्टी पर आए सीआईएसएफ जवान तोमेश्वर साहू की शुक्रवार सुबह 9 बजे हार्टअटैक से मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर हैं। 26 वर्षीय तोमेश्वर साहू कोरबा में पदस्थ थे। दस दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे। 23 नवंबर को पुनः अपने ड्यूटी पर जाने वाले थे। उनके शव को जिला अस्पताल के मरच्युरी लाया गया, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा। शनिवार उनका गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।परिजनों के मुताबिक तोमेश्वर सुबह नहाकर आया, कपड़े पहन बच्चों के साथ था। तभी अचानक सीने में दर्द होने जैसा लगा और अपने कमरे के बैड में लेट गया। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया । जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी मासूम बच्ची है। अब परिजन उनके भाई व बहन का इंतजार कर रहे हैं। दोनों भाई बहन भी भारतीय सेना में हैं। दोनों कल तक गांव आएंगे उनके आने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

एसआईआर के अंतर्गत नाम जोड़ने लोगों की बड़ी भीड़

नगरी / नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव ,भुरसीडोंगरी में स्क्ष्क्र (समग्र जानकारी रिकॉर्ड) के अंतर्गत नाम जोड़ने एवं संशोधित करने का कार्य व्यवस्थित रूप से जारी है। जिसमें वही ग्राम पंचायत में लोगों की बड़ी भीड़ दिखाई दे रही है इस प्रक्रिया में ग्रामीणों के नाम शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार शामिल किए जा रहे हैं। जिसमे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नियमों के अनुसार७. वर्ष 2003 की सूची में नाम उपलब्ध होना आवश्यकक्क मतदाता सूची में फेटो अनिवार्यष्ट. माता-पिता का नाम, सरल क्रमांक, भाग संख्या आदि विवरण इन सभी दस्तावेजों के माध्यम से ग्रामीणों की जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के उपरांत पात्र व्यक्तियों के नाम स्क्ष्क्रपोर्टल में जोड़े या हटाए जा रहे हैं।इस कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रुखमणी ध्रुव, मितानिन सियाबाई ध्रुव, सरपंच कमितला, सचिव धनुष नेताम सहित ग्राम पंचायत आमगांव की टीम सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। ग्रामीणों को नियमों के अनुरूप क्रमांक तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे स्क्ष्क्रअपडेट कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

ग्राम पंचायत की यह पहल ग्रामीणों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से की जा रही है।

उपार्जन केन्द्रों में किसानों की मेहनत को मिल रहा सम्मान

धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं से खुश है महिला किसान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में सुदृढ़ एवं पारदर्शी व्यवस्था से किसानों में प्रसन्नता का माहौल है। ग्राम लोहारी की महिला किसान शैलेन्द्री वर्मा ने भी धान उपार्जन केंद्र सुहेला में समय पर बारदान उपलब्ध होने और त्वरित तौल की व्यवस्था की सराहना की है।

शैलेन्द्री के पूरा परिवार की आय खेती पर आधारित है। वे 19 एकड़ में खेती करती हैं। उन्होंने

बताया कि इस वर्ष उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए बेहतरीन प्रबंध किए गए हैं। केंद्र में आने वाले किसानों के लिए पीने के पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

केंद्र में समाधान पेटी भी स्थापित की गई है, जिसमें किसान अपना सुझाव आवेदन लिखकर डाल सकते हैं। इससे किसानों की बात सीधे प्रशासन तक पहुंच रही है और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी संभव हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी किए जाने के निर्णय को लेकर भी किसान शैलेद्री वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अत्यंत लाभकारी और सराहनीय है। शैलेन्द्री वर्मा ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष धान खरीदी की पूरी व्यवस्था सुचारू और सुविधाजनक है। समय पर बारदान मिला, समय पर तौल हुई और किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आई। सरकार और प्रशासन किसानों के साथ खड़े हैं, इसके लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के हर उपार्जन केंद्र में किसान सहज, सुरक्षित और सम्मानपूर्वक धान बेच सकें, एवं खरीदी कार्य तत्परता, पारदर्शिता और किसान-हित की भावना के साथ सतत जारी रहे।

अवैध धान भण्डारण पर उड़नदस्ता दल ने दर्ज किए 17 प्रकरण, 784 क्विंटल जप्त

■ अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कलेक्टर के निर्देशानुसार कड़ी कार्यवाही

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और निर्बाध बनाए रखने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है। कृषि, खाद्य, सहकारिता, राजस्व तथा कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों से संयुक्त रूप से गठित यह दल कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा किए जाने वाले अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर प्रभावी निगरानी रख रहा है।

उड़नदस्ता दल द्वारा 17 अक्टूबर 2025 से 19 नवंबर 2025 तक की कार्रवाई के दौरान मंडी अधिनियम 1972 के तहत कुल 17 प्रकरण दर्ज किए गए। इस अवधि में 784 क्विंटल अवैध धान जप्त कर लगभग 16 लाख 54 हजार रुपये मूल्य का धान सुरक्षित कब्जे में लिया गया है। यह कार्रवाई जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने और खरीदी व्यवस्था को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जप्त धान की कार्यवाही (प्रकरणवार मात्रा)-

अजय कुमार, भखारा - 12.8 क्विंटल, वासुदेव साहू, कोलियारी - 4 क्विंटल, सतराम साहू, मगरलोड -16 क्विंटल, मोतीलाल देवांगन, अमाली - 12 क्विंटल, उदित नारायण सिन्हा, फरसिया - 15 क्विंटल, राजकुमार महावर/अमित ट्रेडर्स, कुरूद - 12.8 क्विंटल, योगेश कुमार साहू, बेलरगाँव - 6.4 क्विंटल, मुन्नालाल चंद्रवंशी, बासीखाई - 12.4 क्विंटल, चूरामणि साहू, परसापानी - 16.8 क्विंटल, भाऊराम साहू, झरातराई - 14.8 क्विंटल, मिथलेश कुमार/मेसर्स सूर्या राइस मिल, देवपुर - 176 क्विंटल, शिवकुमार कोरोम, गट्टासिल्ली - 12 क्विंटल, चदूलाल चोपड़ा/पियूष ट्रेडर्स, बेलरगाँव - 82 क्विंटल, रामाराव बघेल/न्यू पूजा राइस मिल, सिहावा - 105 क्विंटल, भानुराम साहू, बेलरगाँव - 60 क्विंटल, सीताराम साहू, घटकेल - 106 क्विंटल, संतोष खंडेलवाल, घटकेल -120 क्विंटल। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उड़नदस्ता दल द्वारा आगे भी इसी प्रकार सतत निगरानी एवं सख्त कार्यवाही जारी रहेगी, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और खरीदी व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

संभागायुक्त पहुंचे धान खरीदी केन्द्र व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र खप्परवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र खप्परवाड़ा में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा, ऑनलाईन टोकन के अलावा धान खरीदी केन्द्र के मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्र में केवल साफ-सूथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने किसी भी स्थिति में कोचियों एवं व्यापारियों से अवैध धान की खरीदी के रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। संभागायुक्त श्री राठौर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक एवं छांव इत्यादि की व्यवस्था के अलावा शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। श्री राठौर ने धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी, प्राधिकृत अधिकारी एवं निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को धान खरीदी केन्द्र में सुबह जल्दी पहुँचकर धान खरीदी का सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री राठौर ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

डॉ. जेम्स डी. वॉटसन के वैज्ञानिक योगदान पर एक दिवसीय व्याख्यान संपन्न

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के निर्देशन में विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 17 नवंबर सोमवार को ÷डॉ. जेम्स डी. वॉटसन की यात्रा और विज्ञान में उनका योगदान÷ विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राकेश धृतलहरे, अतिथि व्याख्याता, प्राणिशास्त्र उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. वॉटसन के डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना संबंधी ऐतिहासिक आविष्कार पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने डीएनए के आणविक संरचना अध्ययन, उसके विविध अनुप्रयोगों, कृषि एवं चिकित्सा विज्ञान में इसके उपयोग और आने वाले समय में संभावित वैज्ञानिक खोजों पर भी विस्तार से जानकारी दी। इसी महान खोज के लिए डॉ. वॉटसन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे वैज्ञानिक व्याख्यान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि डॉ. वॉटसन के आविष्कार ने डीएनए सीक्वेंसिंग की प्रक्रिया को अत्यंत सरल और त्वरित बना दिया है, जिसके चलते आज यह कार्य कुछ ही घंटों में संभव हो पाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति को विकसित करना तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नेट सेट की तैयारी हेतु प्रेरित करना था।

जिलाध्यक्ष ने ऑडियो रिकार्डिंग शेयर करते हुए हड़ताली कर्मचारियों को किया बर्खास्त

■ पोण्डी सेवा सहकारी समिति का मामला, प्राधिकृत जिला अध्यक्ष के वायरल ऑडियो से समिति के कर्मचारियों में हड़कंप

गुरुर/नवप्रदेश। धान खरीदी के सीजन में सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल से आहत बालोद के प्राधिकृत जिलाध्यक्ष चमनलाल साहू ने वाइस रिकार्डिंग शेयर करते हुए कर हड़ताली कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और उन्होंने उप पंजीयक राठिया से सभी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आग्रह भी करते हुए मंत्रालय स्तर पर कार्रवाई को आगे बढ़ने का निवेदन किया है। प्राधिकृत जिलाध्यक्ष के इस ऑडियो वायरल से हड़ताल पर गए सेवा सहकारी समिति पोंडी के कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है। प्राधिकृत जिलाध्यक्ष के इस वायरल ऑडियो पर कार्रवाई होगी या नहीं

या तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन समिति के कर्मचारियों में टकराव होना तय माना जा रहा है।

दरअसल, सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से हड़ताल पर चल रहे हैं। कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से धान की खरीदी लगभग चरमरा सी गई है। सरकार की महत्वाकांक्षी धान खरीदी योजना पर पलीता लगाने वाले हड़ताली कर्मचारी से प्राधिकृत जिलाध्यक्ष चमनलाल साहू ने हड़ताल पर नहीं जाने का आग्रह किया था, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। प्राधिकृत जिलाध्यक्ष चमनलाल साहू अपने निवेदन को ठुकरा देने से इतने आहत हुए की उन्होंने सेवा समिति पोंडी के सभी हड़ताली कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। उन्होंने उप पंजीयक को सभी कर्मचारियों के खिलाफ मंत्रालय स्तर पर कार्यवाही करने की मांग की है।

लिखित में कोई दस्तावेज नहीं लाया जाता, तब तक सेवा में बहाल नहीं होगा

प्राधिकृत जिलाध्यक्ष चमनलाल साहू ने यह भी कहा कि शासन स्तर पर हड़ताली कर्मचारियों द्वारा जब तक उच्च अफसरों से लिखित में कोई दस्तावेज या माफीनामा नहीं लाया जाता, तब तक उन्हें सेवा में बहाल नहीं किया जाएगा। उनकी वजह से काफी तनाव के दौर से गुजरना पड़ा है। श्री साहू ने कहा कि हड़ताल की वजह से किसानों को धान बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

गैर मान्यता प्राप्त चिकित्सक आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

बालोद/नवप्रदेश। ताजुद्दीन आसिफ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) बालोद (छ.ग.) के द्वारा अभियुक्त रेखराम साहू उम्र 54 वर्ष, निवासी-कांदुल, थाना-अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.) का जमानत निरस्त कर दिया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी सनद कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त लोक अभियोजक के द्वारा किया गया, जिसके अनुसार मृतक सुभाष कुमार के पिता ने दिनांक 29-06-2025 को इस आशय की लिखित शिकायत पेश की, कि उसका पुत्र सुभाष कुमार विगत 15 वर्षों से बवासीर की बीमारी से ग्रसित था तथा दिनांक 08-05-2025 को अभियुक्त द्वारा गलत ईलाज करने के कारण

उसकी मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में दिनांक 08-05-2025 को मृतक सुभाष कुमार जनबंधु ग्राम कांदुल में बवासीर के ईलाज हेतु अभियुक्त के क्लिनिक में आया था, जहां अभियुक्त द्वारा उसे कुल 09 इंजेक्शन लगाया गया। दिनांक 09-05-2025 को मृतक के गुदाद्वार से अत्यधिक रक्त स्त्राव होने और पेट फूलने से उसे ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल अम्बागढ़ चौकी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल राजनांदगांव रिफर किया गया। तदोपरांत जिला अस्पताल राजनांदगांव रिफर किये जाने पर उसे शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई में भर्ती कराया गया, जहां दिनांक 11-05-2025 को सुभाष कुमार जनबंधु की मृत्यु हो गयी। तत्संबंध में मृतक के पिता ने पुलिस अधिकारियों को शिकायत की। उक्त शिकायत के आधार पर थाना-अर्जुन्दा ने अभियुक्त के विरूद्ध 105 भा.न्याय संहिता धारा-12 छ.ग. राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनायें अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं धारा 23 छ.ग. आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया।

आम-सूचना

नाम परिवर्तन के संबंध में सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मनीष कुमार नागवंशी पिता रामलाल नागवंशी, उम्र 46 वर्ष, निवासी- प्लाट नं.-10, गांधी नगर भिलाई, पो. मोतीलाल नेहरू नगर, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का निवासी है, मेरे पक्षकार के शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं सर्विस रिकार्ड में नाम- मनिष कुमार महार (Manish Kumar Mahar) पिता रामलाल (RamLal) दर्ज है, जो कि पुराना नाम है, जबकि मेरे पक्षकार का सही एवं वास्तविक नाम- मनीष कुमार नागवंशी (Manish Kumar Nagvanshi) पिता रामलाल नागवंशी (RamLal Nagvanshi) है, जो कि मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि में दर्ज है। कि, मनीष कुमार नागवंशी एवं मनिष कुमार महार दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का ही नाम है।

भविष्य में मेरे पक्षकार मनीष कुमार नागवंशी (Manish Kumar Nagvanshi) पिता रामलाल नागवंशी (RamLal Nagvanshi) के नाम से जाना एवं पहचाना जावेगा। अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोनू कुमार जायसवाल आत्मज स्व. छोटे लाल उम्र 42 साल, जाति-कलार, निवास पता- मकान नं.-2/ई, सड़क नंबर- 28, सेक्टर-11 वार्ड नंबर-30, जोन-02 खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरी पुत्री सौम्या जायसवाल जो कि बी.एस.पी. इंग्लिश मिडियम स्कूल, सेक्टर-6 भिलाई में कक्षा 6-ए में अध्ययनरत है, मेरी पुत्री के रिजल्ट में मेरा नाम (अर्थात पिता का नाम) सोनू जायसवाल अंकित है, मेरी पुत्री के स्कूल के रिजल्ट में पिता का नाम सोनू कुमार जायसवाल करना चाहता हूं तथा मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम सोनू कुमार जायसवाल अंकित है, जिसे आगे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखो/ दस्तावेजो में मेरा नाम परिवर्तित / संशोधित सहीं नाम सोनू कुमार जायसवाल अंकसूची/शैक्षणिक दस्तावेज में अंकित करवाना चाहता हूं। जिसके संबंध में यह प्रकाशन प्रकाशित किये जाने हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सोनू कुमार जायसवाल
आत्मज स्व. छोटे लाल
निवास पता- मकान नं.-2/ई,
सड़क नंबर- 28, सेक्टर-11 वार्ड
नंबर-30, जोन-02 खुर्सीपार, भिलाई,
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत सरसींवा
जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Email Id- nagarpanchayatsarsiwa@gmail.com
क्रमांक//जन्म-मृत्यु/न.पं./2025-26/559
सरसींवा, दिनांक 21.11.2025

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन क्र. 442 दिनांक 24/12/2021 के अनुसार नाम सुशांत जगत (sushant jagat) लिंग पुरूष पिता श्री बुधेश्वर जगत (budheshwar jagat) माता श्रीमती मनीषा (manisha) जन्म तिथि 24/10/2024 जन्म स्थल निर्मला अस्पताल सरसींवा जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। जिसे आवेदक द्वारा निम्नानुसार बदलकर सुशांत जगत (sushant jagat) लिंग पुरूष पिता श्री बुधेश्वर जगत (budheshwar jagat) माता श्रीमती मनीषा सिदार (manisha sidar) जन्म तिथि 24/10/2024 जन्म स्थल निर्मला अस्पताल सरसीवां प्रस्तावित किया है। तत्संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो साक्ष्य सहित 15 दिवस के भीतर कार्यालय नगर पंचायत सरसीवां में कार्यालयीन तिथि व समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयवधि उपरांत दावा-आपत्ति में विचार नहीं किया जावेगा।

सील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरसीवां
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

कलेक्टर ने थोक अनाज व्यापारियों के गोदामों का किया निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन के आला अधिकारियों एवं जाँच दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कोचियों तथा धान के थोक एवं फुटकर व्यापारियों के गोदामों की निरंतर जाँच की जा रही है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ग्राम भीमकन्हार में दो थोक व्यापारियों के गोदामों में पहुँचकर वहाँ रखे गए धान का निरीक्षण किया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/7828/न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनांक 21/11/2025

।। ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	180218	CONSTRACTON OF BT ROAD AT SAHEBRAM NAGAR AHP ROAD RAIGARH (2nd Call	48.94	08.12.2025
2	180226	DEVELOPMENT OF MUKTIDHAM RAJIV NAGAR AT W.N. 01 (2nd Call)	39.02	08.12.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

न्यूज गैलरी

दो सगे भाइयों की दो घंटे अंतराल में निधन हुआ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम औरी में 20 नवंबर को अचानक एक साहू परिवार में दो सगे भाइयों के निधन दो घंटे के अंतराल में निधन होने से साहू परिवार में मातम छा गया है। ग्राम औरी निवासी रूपराम साहू 76 वर्ष छोटे भाई 20नवंबर को सुबह 10 बजे निधन हुआ उसके दो घंटे बाद उनके बड़े भाई जीवराखन साहू 80 वर्ष का 12 बजे निधन हो गया जिससे साहू परिवार में मातम छा गया है यह इस श्रेत्र में पहला घटना है जो एक ही दिन में दो सगे भाइयों की दो घंटे बाद बाद अलग अलग समय में एक दिन में निधन हुआ है दोनों भाईयों का अंतिम संस्कार गृह ग्राम में एक ही स्थान में किया गया है निधन हुए दो सगे भाइयों के अंतिम यात्रा में मोहल्लेवासी ग्रामवासी परिवार वाले और सामाजिक बंधुओं तथा आसपास के ग्रामीण जन शामिल हुए थे

चाकू लहरा कर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने कृषि उपज मंडी के पास हथियार लहराकर लोगों को आतंकित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कृषि उपज मंडी के सामने मार्ग में चाकू लेकर लोगों को आतंकित कर रहा श्रीराम कॉलोनी महासमुंद निवासी सुशील सोनी (30) को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

बाइक की ठोकर से एक घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। झलप में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल हो गया। पटेवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। ग्राम सरेकेल निवासी राम प्रसाद पटेल ने पटेवा थाने में शिकायत की है कि 15 नवंबर की शाम करीब 4 बजे उसका बड़ा भाई रघुनाथ पटेल बाइक से झलप बाजार गया था, इस दौरान जब वह झलप में मेघनाथ यादव की मुर्गी दुकान के सामने खड़ा था, तभी चंद्रशेखर बघेल ने अपनी बाइक को तेज रफ्तार चलाते हुए आकर उनके बड़े भाई रघुनाथ पटेल को ठोकर मार दिया। जिससे रघुनाथ के बाएं पैर, सीना, दाहिना कंधे में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है।

सड़क किनारे खड़ी बाइक हुई चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश।तुमगांव में सड़क किनारे खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस को कृष्ण धीवर ने बताया कि 18 नवंबर को वह अपनी बाइक होंडा ड्रीम युगा सीजी 04 एमएक्स 7968 को एनएच-53 सड़क किनारे खड़ी कर खेत गया था। वापस आने पर बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात के खिलाफधारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

अधेड़ से 6 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश।सिघोंड़ा पुलिस ने एक अधेड़ से छह लीटर महुआ शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गहनाखार - परसकोल मार्ग में परसकोल, थाना सिंघोड़ा निवासी महादेव सिदार (45) से कुल 6 लीटर महुआ शराब (कीमत 1200 रुपए) जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए कांग्रेस ने की प्रभारियों की नियुक्ति

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने ब्लॉक अध्यक्षों को मतदाताओं के सहयोग करने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। कोई भी मतदाता का नाम ना छूटे, इसके साथ ही नए मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इस कार्य के लिए मतदाताओं को सहयोग के लिए करने के लिए समस्त ब्लॉक अध्यक्षों के साथ संपूर्ण जिले में एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जिला कांग्रेस भवन में एक कंट्रोल रूम मतदाताओं के सहयोग के लिए बनाया गया है। जिसमें कांग्रेसजनों की टीम भी गठित की गई है। जिसमें पार्टी के समस्त प्रकोष्ठ एवं

मतदाताओं के सहयोग के लिए टीम का निर्धारण किया गया है। संपूर्ण जिले में एसआईआर का सुचारू संचालन के लिए वरिष्ठ कांग्रेस जनों के सहयोग से एसआईआर प्रक्रिया में सहायता ली जा सकती है। जिलाध्यक्ष ने महासमुंद की 46 बूथों के लिए प्रभारी की नियुक्ति की है। इसके लिए प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, एवं पार्षद व पार्षद प्रत्याशियों को जिम्मेदारी दी गई है।

एसआईआर प्रक्रिया के लिए विधायक द्वारिकाधीश यादव, विधायक चतुरी नंद, पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, अमरजीत चावला, आलोक चंद्राकर, मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकार, महामंत्री संजय शर्मा, मनजीत सलूजा, मंदाकिनी साहू, इश्तियाक खैरानी, आत्माराम यादव, अनंत सिंह वर्मा, महेंद्र बाग, दुर्गा सागर, अमन चंद्राकर, शाहबाज राजवानी, गिरीश पटेल, गणेश शर्मा, समीम खान, प्रमोद चंद्राकर, कपिल साहू, अमृत पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम के प्रभारी नितेंद्र बैनर्जी, जफरुल्लाह खान, मोती जांगड़े, निर्मल जैन, कमलेश सोनकर, चंद्रेश साहू, कमल प्रजापति शामिल हैं।

19 दिन की हड़ताल खत्म

अशोक बजाज की मध्यस्थता से सहकारी कर्मचारियों ने आंदोलन किया स्थगित

- **किसान, सहकारी समितियों और धान खरीदी व्यवस्था में लौटेगी रफ्तार**

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सहकारी समिति कर्मचारी संघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की 19 दिन से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज की पहल और मध्यस्थता से शुक्रवार देर रात कर्मचारी संगठनों और शासन के बीच सहमति बन गई। दोनों पक्ष मांगों पर बातचीत के बाद तैयार हो गए और देर रात आंदोलन स्थगित करने की औपचारिक घोषणा की गई।

हड़ताल खत्म होने के साथ ही सभी कर्मचारी नियमित कामकाज में लौट आए हैं। इससे धान खरीदी, उचित मूल्य दुकान संचालन और सहकारी समितियों की गतिविधियों में फिर से सुचारु व्यवस्था बहाल हो सकेगी।

बजाज की मध्यस्थता बनी निर्णायक

सूत्रों के अनुसार, अशोक बजाज ने दोनों पक्षों को एक मंच पर लाकर संवाद स्थापित कराया। लगातार बैठकों और बातचीत के बाद 19 दिन से जमे गतिरोध को तोड़ते हुए अंतिम सहमति बनी और रात तक फैसले की घोषणा कर दी गई।

कर्मचारी संगठनों ने आंदोलन स्थगित करने का लिया निर्णय : संयुक्त मोर्चा — छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ — ने बताया कि उनकी 4 सूत्रीय मांगों पर शासन द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। किसान हित, लोकहित और सोसायटी हित को सर्वोपरि रखते हुए आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

एस्मा, निलंबन व अन्य कार्रवाइयों को निरस्त करने की मांग : कर्मचारी संगठनों ने शासन को भेजे पत्र में कहा है कि हड़ताल अवधि में लगाए गए एस्मा, निलंबन, बर्खास्तगी, कंप्यूटर ऑपरेटरों के तबादले और उचित मूल्य की दुकानों के विरुद्ध जारी निलंबन आदेशों को तत्काल प्रभाव से शून्य किया जाए। हड़ताल खत्म होने के साथ ही धान खरीदी केंद्रों में कार्य सुचारु होने की उम्मीद है, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ से प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास, धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ से प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष मीनाक्षी यादव,प्रदेश संयोजक विद्या शंकर यादव, प्रदेश सचिव मोहन डहरिया, प्रदेश संरक्षक संतोष साहू, नरेश साहू, सना अली, प्रमिला मानिकपुरी, बलराम कौशिक उपस्थित थे।

सहायक संचालक सिन्हा ने स्कूल का निरीक्षण किया

- **छात्रों को दिए जा रहे मध्याह्न भोजन का भी स्वाद चखा**

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय श्री राम प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला महासमुंद में आज शिक्षा विभाग के सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शनिवार बैगलेस डे के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा पुराने अखबार से पर्यावरण के अनुकूल पेपर बैग तैयार करने की गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें स्काउट गाइड एवं विद्यार्थियों द्वारा पेपर बैग तैयार किए गए। छात्रों की इस गतिविधि को देख श्री सिन्हा ने सराहना की।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया तथा आगामी अर्धवार्षिक आकलन में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रदत्त मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी उन्होंने प्रशंसा की।

इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती उर्मिला मरकाम, शिक्षिका श्रीमती लीनू चंद्राकर तथा डीगेश पुरैना उपस्थित थे। सहायक संचालक ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

दूसरे राज्य से आने वाले अवैध धान को किया जब्त

गरियाबंद /नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने हेतु प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आज दिनांक 22.11.2025 को मुखबीर द्वारा थाना देवभोग को सूचना मिला की उड़िसा प्रांत से अवैध रूप से धान बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना से पुलिस स्टाफ रवाना कर चेक पोस्ट में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान 120 कट्टा अवैध धान परिवहन करत दो बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 04 ओ.डी. 3090 एवं बोलेरो पीकअप क्रमांक ओ.डी. 08 ई. 9187 को थाना देवभोग के द्वारा जप्त किया गया। इसी प्रकार विगत 15 दिनों से विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग-अलग कुल 14 प्रकरणों में 772 कट्टा अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया।

किसान खुद से तौल रहे और सुई-धागा लेकर बोरे सी रहे : मानिक

महासमुंद/नवप्रदेश। किसान कांग्रेस के संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पांडेय तथा महासमुंद जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने शुक्रवार को पिथौरा ब्लॉक के विभिन्न केंद्रों का सघन दौरा किया। नेताओं ने कहा कि धान खरीदी के सातवें दिन उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था चरम पर है। भगतदेवरी केंद्र की हालत बदतर मिली, जहाँ एक भी पुराना बारदाना नहीं पहुँचा। किसान मजबूरी में नए बारदाने भर रहे हैं, जिससे प्रति क्विंटल 25-30 रुपए का सीधा नुकसान हो रहा है। तौल कांटा खराब, सिलाई मशीन नदारद, किसान खुद हाथ से तौल रहे हैं और सुई-धागा लेकर बोरे सी रहे हैं। सात दिन में महज 600 क्विंटल धान ही खरीदा जा सका है।

दीपक पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड खरीदी का ढोल पीटा, लेकिन सात दिन बाद भी किसान धान लेकर सड़क पर खड़े हैं, यह किसानों का अपमान है। अगर 48 घंटे में व्यवस्था नहीं सुधरी तो हम सड़क से कलेक्टर कार्यालय तक आंदोलन करेंगे। जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि पुराना बारदाना नहीं, मशीनें खराब, कर्मचारी गायब, यह सब जानबूझकर किया जा रहा है। किसान चुप नहीं बैठेगा। इस दौरान तुमगांव नगर पंचायत बलरामकांत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रवि कश्यप, सरपंच देवेंद्र पटेल, हेमंत कौशिक, भूषण नायक, केशव चौधरी, जगशू यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। किसानों ने एक स्वर में ऐलान किया।

सत्यापन के नाम पर बिना जांच के काटा जा रहा गरीबों का राशन कार्ड : निखिलकांत

गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा के अधिकार हो सकते हैं वंचित

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि शासन के निर्देश पर राशन कार्डों की जाँच तथा अपात्रों के राशन कार्ड रद्द किए जा रहे हैं, जो निश्चित ही स्वागतेय है। लेकिन, उचित जाँच किए बगैर ही राशन कार्डों को निरस्त किए जा रहे हैं। जो न्याय संगत नहीं है, कई गरीब परिवार जो हर दृष्टि से पात्र हैं, उनका भी राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि अनेक पात्र लोगों ने उन्हें इस बात की जानकारी दी है कि वे

शासन के गाइड लाइन के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग हैं, उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। सत्यापन के नाम पर गरीबों के राशन कार्ड निरस्त किये जा रहे हैं। इसका बड़ा प्रभाव गरीब परिवार के स्कूली बच्चों पर पड़ सकता है। आरटीई के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को भविष्य में राशन कार्ड की आवश्यकता होने पर वे गरीबी रेखा अंतर्गत राशन कार्ड प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे। जिसे शिक्षा के अधिकार से उन्हें वंचित होना पड़ेगा।

नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि शासन के गाइड लाइन अनुसार जिनके पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन और 6 लाख से ज्यादा वार्षिक आय है, ऐसे लोगों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। सत्यापन में अब तक 10 हजार से अधिक राशनकार्डधारी अपात्र पाए गए हैं। इनमें से 7 हजार लोगों के राशनकार्ड निरस्त भी किए जा चुके हैं। शहरी क्षेत्र में अधिकांश गरीबों के पास खेती भूमि ही नहीं है, वहीं, रोजी-मजदूरी कर वे अपना जीवन यापन करते हैं।

ग्राम बिछिया में किसान के साथ हुए मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपली पुलिस ने ग्राम बिछिया के एक किसान के साथ गाली-गलौज करने वाले आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस को बिछिया निवासी खगेश्वर चौहान ने बताया कि 20 नवंबर की शाम लगभग 7. 30 बजे गांव में सीताराम चौहान की जमीन संबंधी बात को लेकर बैठक हुई थी। बाद सीताराम चौहान उसे छोड़ने के लिए घर आ रहा था। उसी दौरान गनपत चौहान ने उससे कहा कि तुम्हारा लड़का कुष्टेलाल काम करने बाहर जाने से पहले उनसे पैसा लिया है, तब उन्होंने कहा कि तुम 1000 के बदले 2000 रुपए लिए हो। इस पर गनपत चौहान ने धक्का देकर गिरा दिया, जब पुत्र भागीरथी व रामकुमार बचाने आए तो दयाराम व गनपत ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

कावरे ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण

- **राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर कार्यों का लिया जायजा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे ने आज कलेक्टर श्री बी.एस. उईके की मौजूदगी में जिले के राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजिम तहसील कार्यालय, कोपरा एवं कोमा मतदान केंद्रों तथा बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारूका, तहसील गरियाबंद एवं नगर पालिका गरियाबंद के मतदान केंद्रों में मतदाता सूची अद्यतन एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की

समीक्षा की। आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित बीएलओ एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रक में सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के सुधार एवं छूटे हुए पात्र मतदाताओं को शामिल करने के लिए ग्रामीणों से समुचित संपर्क एवं संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि की सटीकता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि मतदाता सूची अद्यतन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, गरियाबंद तहसीलदार श्री चितेश देवांगन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक का अमानवीय व्यवहार आया सामने बेरहमी से पिटाई पर छात्र हुआ बेहोश

राजिम/नवप्रदेश। फिंगेश्वर विकासखंड के हाईस्कूल से शिक्षक की क्रूरता का मामला सामने आया है। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक पर कक्षा 9 वीं के छात्रों की बेरहमी से पिटाई करने और छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप यह भी है कि एक छात्र पिटाई से बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, जबकि कई छात्रों के शरीर पर डंडों से पिटाई के स्पष्ट निशान देखे जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर ब्लाक के ग्राम तरीघाट

हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मण तारक ने कक्षा 9 वीं के कुछ छात्रों की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित छात्रों ने बताया कि शिक्षक कई बार मामूली बातों पर डांट-फटकार से आगे बढ़कर सीधे डंडे से पिटाई कर देता है। कई बार छात्र डर के कारण आवाज नहीं उठा पाते थे, लेकिन इस बार पिटाई इतनी अधिक हो गई कि एक छात्र की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद बच्चों ने पूरी घटना अपने पालकों को बताई।बीच बचाव करने आए एक छात्र की भी पिटाई कर दी गई। मामला सामने आते ही पालकों में भारी आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में पालक स्कूल पहुंच गए और शिक्षक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे।

लापरवाही | आबकारी विभाग की मिलीभगत या लापरवाही

आबकारी विभाग की नाक के नीचे चल रहा 'अवैध चखना' का बड़ा खेल, अवैध ठेलों पर जाम

पिथौरा/नवप्रदेश। शहर में शराब प्रेमियों के लिए सरकार द्वारा टेंडर निकाल लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए शासकीय चखना सेंटर केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। आबकारी विभाग की सरपरस्ती में शराब दुकानों के इर्द-गिर्द अवैध चखना सेंटर्स का जाल फैला हुआ है शासन द्वारा निर्धारित नियम-कायदों को ताक पर रखकर चल रहे इस कारोबार ने न केवल सरकारी राजस्व को चूना लगाया है, बल्कि आम जनता का जीना भी मुहाल कर दिया है।

शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद, शराब दुकानों के ठीक बाहर अवैध गुमठियों, ठेलों और अस्थाई टपरों की बाढ़ आ गई है। हैरत की बात यह है कि इन दुकानों के संचालन के लिए सरकार द्वारा अधिकृत 'शासकीय चखना दुकानें' मौजूद हैं, वहां सन्नाटा पसरा है। वहीं, अवैध दुकानदार खुलेआम शराब के साथ चखना, डिस्पोजल और पानी बेच रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो यह पूरा खेल स्थानीय आबकारी अधिकारी की शह से चल रहा है। हर अवैध ठेले की कमाई का एक बड़ा हिस्सा ऊपर तक पहुंचने की चर्चा जोरों पर है।

इस अवैध धंधे का खामियाजा न केवल सरकार, बल्कि समाज को भी भुगतना पड़ रहा है: सरकारी राजस्व की भारी हानि शासकीय चखना दुकानों का टेंडर लाखों रुपये में होता है। लेकिन जब ग्राहक बाहर ही सब कुछ खरीद लेते हैं, तो टेंडर लेने वाले ठेकेदार घाटे में जा रहे हैं। इससे भविष्य में कोई भी सरकारी टेंडर लेने से कतराएगा, जिससे राजस्व का बड़ा नुकसान होगा।

अवैध चखना सेंटर्स पर केवल चखना ही नहीं बिक रहा, बल्कि वहाँ खुलेआम 'अहाता' जैसा माहौल बना दिया गया है। लोग सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर, बोनट पर बोतल रखकर शराब पीते नजर आते हैं। शराब दुकानों के आसपास डिस्पोजल ग्लास, प्लेट्स और बची हुई सामग्री का अंबार लगा रहता है।

खाद्य सुरक्षा की अनदेखी

इन अवैध ठेलों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की कोई जांच नहीं होती। बासी और अस्वास्थ्यकर खाना ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

आबकारी विभाग पर उठते सवाल

यह स्थिति आबकारी विभाग की कार्यशैली पर कई गंभीर सवाल खड़े करती है आखिर जब शासकीय दुकान मौजूद है, तो अवैध ठेलों को अनुमति कौन दे रहा है आबकारी विभाग की गश्ती टीमें इन अवैध दुकानों को देखकर भी अनदेखा क्यों कर देती हैं क्या विभाग अवैध वसूली के लालच में नियमों की धज्जियां उड़ने दे रहा है।

राज्यपाल रमेन डेका खैरागढ़ महोत्सव के समापन समारोह में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कला और संस्कृति की प्रतिष्ठित धरती खैरागढ़ शुक्रवार की रात को रंगङ्करसङ्कसंगीत की रंगीन छटा से निखर उठी। बहुप्रतीक्षित खैरागढ़ महोत्सव के समापन समारोह में राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि खैरागढ़ की सांस्कृतिक धरोहर न केवल छत्तीसगढ़ की पहचान है, बल्कि यह भारत की विविध कला-पद्धतियों का जीवंत केंद्र भी है। उन्होंने बताया कि यहां की संस्कृति रामायण काल से भी प्राचीन है। उन्होंने कहा कि संस्कृति के संरक्षण में ग्रामीणों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में कला के प्रति प्रेम और संरक्षण की प्रेरणा जगाते हैं तथा कलाकारों को अपने हुनर के प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ भारत की कला-राजधानी के रूप में उभर रहा है और यह महोत्सव आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त करेगा। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि खैरागढ़ महोत्सव विद्यार्थियों की साधना, सृजनशीलता और कला-अनुसंधान का सशक्त मंच है तथा विश्वविद्यालय भविष्य में राष्ट्रीय कला केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

पुलिस कप्तान को धमकाया जाना जंगलराज की निशानी : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने गृहमंत्री और पुलिस कप्तान सीएसपी थानेदार को धमकी दिये जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गृहमंत्री विजय शर्मा कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे है। प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। कानून का ख़ौफ़ खत्म हो गया है। जब एक व्यक्ति प्रदेश के गृहमंत्री पुलिस के अधिकारी को धमका सकते है, ऐसे में समझ सकते है जनता के साथ आपराधिक तत्वों के द्वारा किस प्रकार से व्यवहार किया जाता होगा। अपराधी तत्व खुलेआम घूम रहे है, जनता डरी हुई है, रोज आपराधिक घटनाये घट रही है। ये सब सुस्त क़ानून व्यवस्था के कारण है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक संगठन के मुखिया द्वारा प्रदेश के गृहमंत्री को धमकी दी जा रही है। राजधानी के एसएसपी को धमकी दी जा रही है, टीआई को धमकी दी जा रही है, सीएसपी को धमकी दी जा रही है, घर में घुसने की बात की जा रही है और थाने में कुछ लोगो को लाकर बवाल भी किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार और पुलिस दोनों मूकदर्शक बने हुये है, जब पुलिस इतनी कमजोर हो जायेगी, गृहमंत्री इतने बेचारे हो जायेंगे और सरकार इतनी ज्यादा मजबूर और लाचार हो जायेंगे तो फिर कैसे कानून स्थिति की व्यवस्था बनेगी? प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कोई व्यक्ति कितना भी बड़ा हो या किसी भी संगठन का मुखिया हो यदि वह धमकी चमकी में उतर आया है और पुलिस प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधी हुयी है तो यह बेहद ही चिंता का विषय है। ऐसे में कैसे अराजक तत्वो में पुलिस काबू पायेगी और ऐसे में पुलिस कैसे कानून व्यवस्था की स्थिति बना पायेगी। मुख्यमंत्री आपके गृह मंत्री इतने बेचारे साबित हो गये है तो बदल क्यों नहीं देते? राजधानी के एसएसपी को धमकी दी जा रही है, घर में घुसने की धमकी दी जा रही है और सरकार मौन है।

60,000 बुनकरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

रायपुर / नवप्रदेश। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण स्थानीय 60,000 बुनकरो के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न होने का आरोप लगाते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का नारा लगानी वाली भाजपा सरकार ने एक भाजपा नेता को फायदा पहुंचाने यूपी, गुजरात, राजस्थान के व्यापारियों से सरकारी विभागों के लिए चादर खरीदी की है, जिसके कारण प्रदेश के बुनकरों को 14 करोड़ रुपया का नुकसान हुआ है। स्थानीय बुनकरों द्वारा बनाई गई 4 लाख नग चादर गोदाम में जाम हो गई है जिसके कारण 60 हजार बुनकरो के सामने गम्भीर रोजगार संकट उत्तपन्न हो गया है। ये बुनकर कर्ज में दब गये है ।

पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कसंगत उपयोग पर विशेष कार्यक्रम

■ **विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जागरूकता सप्ताह**

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के फार्माकोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (प्रतिरोध) जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फार्माकोलॉजी विभाग के लेक्चर हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एंटीबायोटिक का तर्कसंगत उपयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि एंटीबायोटिक का अनुचित या बिना आवश्यकता के प्रयोग किया जाता है, तो रेजिस्टेंस (प्रतिरोध) का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर द्वारा प्रिस्क्राइब की गई दवा को निर्धारित अवधि तक ही लेना चाहिए, तभी दवा प्रभावी रहती है।फार्माकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा जोशी ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस वह स्थिति है जब बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी जैसे सूक्ष्मजीव, दवाओं (जैसे - एंटीबायोटिक्स) के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं, जिससे संक्रमण का इलाज करना मुश्किल या असंभव हो जाता है। इसी उद्देश्य को लेकर एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस वीक हर वर्ष 18 से 24 नवंबर के बीच मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बढ़ते एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और संक्रमण नियंत्रण के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप एक समन्वित कार्यक्रम है, जो एंटीमाइक्रोबियल के उचित उपयोग को बढ़ावा देता है, मरीजों के उपचार परिणामों में सुधार करता है तथा मल्टीड्रग रेजिस्टेंस जीवों के प्रसार को रोकने में सहायक है।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिखा जायसवाल ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के विभिन्न कारणों और उसके बचाव के तरीकों के बारे में बताया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से डॉ. रूपम गहलोत ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के वैश्विक भार के बारे में बताया। उन्होंने कहा समय रहते इस दिशा में सकरात्मक प्रयास नहीं किया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। इसके साथ ही एंटीबायोटिक की विकास यात्रा के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया।

कार्यक्रम में डॉ. ओंकार खंडवाल, डॉ. शुभ्रा अग्रवाल, डॉ. नेहा श्रीवास्तव, डॉ. माया रामटेके, डॉ. संदीप अग्रवाल एवं पीजी डॉक्टरों सहित विभिन्न कक्षाओं के 250 से अधिक एमबीबीएस छात्र- छात्रा मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में एंटीबायोटिक के सीमित एवं तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने हेतु सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में चिकित्सा छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज़ और स्लोगन कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसका समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

मत्स्य किसान आर्थिक समृद्धि लाने अपनाए नवीन तकनीक और कौशल: मंत्री नेताम

■ **विश्व मात्स्यिकी दिवस पर कृषि मंडपम सभागार में आयोजित एक दिवसीय मत्स्य कृषक संगोष्ठी में शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा मछलीपालन मंत्री रामविचान नेताम आज विश्व मात्स्यिकी दिवस पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि मंडपम सभागार में आयोजित एक दिवसीय मत्स्य कृषक संगोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रति वर्ष 21 नवंबर को विश्व मात्स्की दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन के महत्व, मछुआ समुदाय के अधिकारों, आर्थिक आजिविका, खाद्य सुरक्षा, सांस्कृतिक विरासत एवं समुदाय सशक्तिकरण हेतु जागरूकता लाना है। श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रजत जयंती मना रहा है। राज्य में प्राकृतिक रूप से मछली पालन के स्त्रोत प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है।

मत्स्य किसानों के विकास के लिए आवश्यकता है केवल नवीन तकनीक, मानव कौशल विकास, आर्थिक प्रोत्साहन एवं सहायता की। कृषि मंत्री श्री नेताम ने बताया कि शासन ने राज्य निर्माण के पश्चात राज्य एवं केन्द्र की विभिन्न योजनाओं जैसे कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, नील काति, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना आदि के माध्यम से मछली पालन विकास के सतत् प्रयास किया जा रहा है।

मत्स्य पालन बेरोजगारी दूर करने का सशक्त साधन

छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा और रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने भी सम्बोधित किया। मछलीपालन पालन विभाग के संचालक एमएस नाग ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि भारत के मध्यस्थल पर स्थित प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन विकास काफी प्रगति पर है। राज्य में उपलब्ध जल संसाधन की दृष्टि से मछली पालन एक विशिष्ट स्थान रखता है, राज्य की भौगोलिक एवं कृषि जलवायु स्थितियां भी मछलीपालन हेतु उपयुक्त है। यह ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगारी दूर करने का सशक्त साधन है।

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं जांजगीर में थोक मत्स्य बाजार की स्थापना

मंत्री नेताम ने कहा कि विपणन व्यवस्था को सुदृढ बनाने एवं उपभोक्ता तक ताजी मछली पहुंचाने के लिए 1008 मोटर साइकल, आईस बॉक्स, 10 थी व्हीलर एवं 05 इन्सुलेटेड ट्रक, 114 वाहन (लाइव फिश वेडिंग सेन्टर) वितरित किए गए। रायपुर दुर्ग बिलासपुर एवं जांजगीर में थोक मत्स्य बाजार की स्थापना की गई। मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर मछुआ संघ की ओर से हितग्राहियों को लाभांश राशि का चेक प्रदान किया।

कलिंगा विवि के केंद्रीय पुस्तकालय ने 'डॉ. यशवंत सिंह परमार विरासत' विशेष संग्रह का किया अनावरण

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के केंद्रीय पुस्तकालय ने कानून शिक्षा और शोध को सशक्त बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए ÷डॉ. यशवंत सिंह परमार विरासत÷ नामक एक विशेष संग्रह का उद्घाटन किया है। यह संग्रह 1969 से 2025 तक के 567 महत्वपूर्ण सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक मामलों को समेटे हुए है। इस विशेष संग्रह का औपचारिक अनावरण 20 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में किया गया। यह सुव्यवस्थित संग्रह विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों और विधिक पेशेवरों के लिए एक समृद्ध शैक्षणिक संसाधन के रूप में कार्य करता है, जो न्यायशास्त्र में उन्नत अध्ययन के लिए एक व्यवस्थित आधार प्रदान करता है।

यह संग्रह न्यायिक विकास की दशकों लंबी यात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करता है और डॉ. यशवंत सिंह परमार जो हिमाचल प्रदेश के संस्थापक एवं प्रथम मुख्य मंत्री थे की स्मृति का सम्मान करता है। जो डॉ. के. रिजु राज एस. जम्वाल के पूर्वज थे, जिनकी विरासत आज भी विद्वता और विधिक अनुसंधान को प्रेरित करती है।

संचार क्रांति में टीवी की भूमिका अतुलनीय, बच्चे मोबाइल छोड़ टीवी को दें समय : प्राचार्य

■ **संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में मनाया गया विश्व टेलीविजन दिवस**

रायपुर/नवप्रदेश। संचार क्रांति का आधार टेलीविजन को कहा जाता है। क्योंकि इसके आने के बाद मनोरंजन और सूचनाओं के प्रसार में तेजी आई। ब्लैक-एंड-व्हाइट से लेकर रंगीन, केबल और डिजिटल स्ट्रीमिंग तक, टीवी ने एक साझा सांस्कृतिक अनुभव बनाया है, जनमत को आकार दिया है और दुनिया भर की घटनाओं को लोगों तक पहुंचाया है। आज डिजिटल युग में भी यह अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। उक्ताशय के विचार संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने शुक्रवार 21 नवंबर की असेंबली में गया विश्व टेलीविजन दिवस के अवसर पर कहीं।

शुक्रवार, 21 नवंबर को येलो हाउस की टीम ने असेंबली कंडक्टकी। हाउस कार्डिनेटर अस्मिता कुसरे और असेंबली इंचार्ज रेणुका शुक्ला ने बच्चों को बताया कि टेलीविजन में आज भी कई कार्यक्रम ऐसे आते है जिन्हें छोटे बच्चों को देखना चाहिए। जैसे जंगल बुक, ब्रेनचाइल्ड, मालगुड़ी डेज, डोरा, द एक्सप्लोरर, डा. बिनोक्स शो, स्टोरीबॉट्स से पूछें, छोटे आइंस्टीन शिक्षाप्रद कार्यक्रम है।

दुर्भाग्यजनक शिक्षक अब आवारा कुत्तों की निगरानी भी करेंगे: कांग्रेस

■ **सरकार की प्राथमिकता में पढ़ाई नहीं, पढ़ाई को छोड़कर सारे काम शिक्षकों के भरोसे**

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार पढ़ाई छोड़कर शेष सारे काम शिक्षकों से करवाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार का आदेश जारी हुआ है कि स्कूलों में तथा स्कूलों के आसपास आवारा कुत्तों की निगरानी करने के काम में भी अब सरकार ने शिक्षकों और प्रिंसिपलों तथा प्राधानाध्यापकों की ड्यूटी लगा दिया है। जबकि इस प्रकार के काम होते उसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन नगर निगम, पंचायत होता है उसको दी जानी चाहिए। उनके माध्यम से इस कार्य को संचालन किया जाना चाहिए।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नगर निगम के मूलभूत कार्य में आवारा कुत्तों, जानवरों से, शहर से निजात दिलाना और नगर निगम इस काम के लिए मशीनरी है, काऊ कैचर, डॉग केचर है और कुत्ते पकड़ने के एक्सपर्ट है, ऐसे कामों के लिए शिक्षकों को क्यों लगाया जा रहा है? सरकार की मानसिकता बन गई है कि कोई भी काम हो किसी योजना का प्रचार करना हो, कोई ना मिले एक आदेश निकाल कर शिक्षकों को झोक दो। इससे पढ़ाई बर्बाद हो, बच्चों का भविष्य बर्बाद हो इससे सरकार को मतलब नहीं है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में एसआईआर का का चल रहा है। इस काम में भी बीएलओ के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षायें सामने है लेकिन शिक्षक, सरकार और आयोग के निर्देश पर बीएलओ के रूप में मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में लगे है। स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है, सरकार की प्राथमिकता में बच्चों की पढ़ाई नहीं है, इसीलिए शिक्षकों को पढ़ाई छोड़कर अन्य कामों में लगाया गया है।

भाजपा विधायक को साइबर फ्रॉड धमका रहे : वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। *भाजपा के पूर्व सांसद और रायपुर दक्षिण के वर्तमान विधायक सुनील सोनी को एक साइबर फ्रॉड द्वारा धमकी देने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आम जनता साइबर फ्रॉड से पहले ही ठगी जा रही थी अब तो सत्ताधारी दल के विधायक भी पीड़ितों में शामिल हो गए। गुंडे बदमाशों का हौसला बुलंद है, इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है, प्रशासन और सरकार पूरी तरह से असहाय हो चुकी है, जरा भी नैतिकता बाकी है तो प्रदेश के अक्षम गृहमंत्री विजय शर्मा को तत्काल अपने पद से स्टीफा दे देना चाहिए या उसे बर्खास्त करे साय सरकार।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि विगत दिनों गंज थाने में जांच एजेंसियों के फर्जी अधिकारी का मामला सर्वविदित है, जो थाने में बैठकर डंके की चोट पर रैकेड संचालित करता था, अब भाजपा के विधायक को फोन पर धमकी देने का मामला सामने है। अपराधी कॉल कर खुद को आईबी अफसर बता रहे, ये भाजपा की सरकार और प्रशासन की अक्षमता का ही प्रमाण है। इंटेलिजेंस फेल हो चुका है। भाजपा सरकार में अपराधियों का अमृतकाल चल रहा है, कहीं पर कोई भी ऐरा ग़ैरा अपराधी अपने आपको पीएमओ का अधिकारी बताकर प्रोटोकॉल और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा ले रहा है तो कहीं पर भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ही सायबर अपराधी खुलेआम धमका रहे हैं।*

जल शक्ति जन भागीदारी अभियान में सूरजपुर का शानदार प्रदर्शन

■ **पूर्वी क्षेत्र की केटेगरी-3 में 12 वां स्थान**

■ **राष्ट्रपति से 25 लाख का मिला पुरस्कार**

रायपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले को जल शक्ति जन भागीदारी अभियान में शानदार प्रदर्शन किया है। जिले को इस प्रदर्शन के चलते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों विगत दिनों दिल्ली में आयोजित समारोह में पूर्वी क्षेत्र की केटेगरी-3 में 12 वां स्थान प्राप्त किया है। सूरपुर जिले के कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने राष्ट्रपति के हाथों यह पुरूस्कार ग्रहण किया। पुरूस्कार के रूप मे जिले को 25 लाख रूपए प्राप्त हुआ। जल शक्ति जन भागीदारी अभियान के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश एवं जिला का गौरव बढ़ा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले की इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। विगत 18 नवंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार वितरण समारोह में सूरजपुर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 25 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री श्री सी. आर. पाटिल द्वारा प्रदान किया गया।

सूरजपुर जिले की ओर से यह पुरस्कार जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री अरुण कुमार मिश्रा ने ग्रहण किया। पुरस्कार प्राप्त कर लौटने पर श्री मिश्रा ने कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने श्री मिश्रा को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। ज्ञात हो कि जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1-0 जल संचय संरचनाओं के निर्माण एवं उनके डेटाबेस तैयार करने पर केंद्रित एक राष्ट्रीय अभियान है। इसके अंतर्गत सूरजपुर जिले ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए जल संरक्षण के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाया तथा सतत एवं दीर्घकालिक जल प्रबंधन की दिशा में प्रभावी प्रयास किए।

इस उपलब्धि के साथ सूरजपुर जिले ने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान सुदृढ़ की है, बल्कि जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी आधारित मॉडल को एक सफल उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है।

धान खरीदी शुरू हुए 6 दिन हो गए, सरकार अभी तक व्यवस्था नहीं बना पाई : बैज

■ **सोसायटियों में किसान भटक रहे किसी का पंजीयन, तो किसी का टोकन की परेशानी**

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी को शुरू हुए 6 दिन हो गये लेकिन सरकार अभी तक खरीदी की व्यवस्था नहीं बना पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सोसायटी में फैली अव्यवस्था के कारण किसान पंजीयन के लिए भटक रहे है, लोगों का टोकन नहीं कट रहा है। किसान रोज सोसायटी जाकर घूम कर वापस आ जा रहे है। सोसायटी कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण दूसरे विभाग के जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी थी उनको धान खरीदी का अनुभव नहीं था इसलिए भी किसानों को परेशानी हो रही थी। हड़ताल से वापस आने के बाद सोसायटी कर्मचारी अभी पूरी तरह से खरीदी व्यवस्था से नहीं जुड़ पाये है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में 2023 के बाद खातो में परिवर्तन एवं बंटवारा, फौती का डाटा नहीं डाला गया है जिसके कारण भी बहुत से किसानों का आज तक पंजीयन नहीं हुआ। इसके साथ ही समिति के कम्प्यूटर में एग्रीस्टेक पोर्टल का पूरा डाटा नहीं चढ़ा है। पोर्टल और सोसायटी के डाटा में मिलान नहीं हो पा रहा है। किसान जब टोकन कटाने जा रहा तब उसे बताया जा रहा कि आपका पूरा डाटा नहीं, उनको टोकन नहीं मिला रहा है। जब एग्रीस्टेक पोर्टल में सोसायटी के कम्प्यूटर में डाटा अपडेट होना था तब सोसायटी के कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर थे, इस कारण किसान परेशान हो रहे है। सरकार धान खरीदी की व्यवस्था को प्राथमिकता से सुधार करे।

ये है अरूणाचल की जीरो वैली

ईटानगर/नवप्रदेश। यह है अरूणाचल प्रदेश के जीरो वैली (डिस्ट्रीक हैडक्वाटर) का विहंग्म दृश्य। चौतरफा हिमालयीन पहाड़ियों से घिरी यह जीरो वैली इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। अरूणाचल के ईटनगर से इसकी दूरी 75 किलोमीटर है यहां तक पहुंचना भी किसी रोमांच से कम नहीं है। पहाड़ियों के बीच बने रास्ते पर्यटन को आकर्षित करते हैं। यहां से करीब 20 किलोमीटर एक शिव मंदिर है जहां प्राकृतिक शिवलिंग की उत्पत्ति हुई है। (फोटोः यशवंत धोटे)

वेणुगोपाल स्वामी मंदिरः 70 साल तक पानी में डूबा रहा

आज भी भक्तों को सुनाई देती है बांसुरी की आवाज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। देश में भगवान श्रीकृष्ण के ऐसे कई मंदिर हैं, जो अपने रहस्य और चमत्कारों के लिए जाने जाते हैं। मंदिर की धार्मिक मान्यताएं ही भक्तों को उनके आराध्य से जोड़ने का काम करती हैं। ऐसा ही आध्यात्म और चमत्कार से जुड़ा है कर्नाटक का वेणुगोपाल स्वामी मंदिर। माना जाता है कि आज भी इस मंदिर में भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की बांसुरी की मधुर आवाज सुनाई देती है। कर्नाटक के मैसूर जिले के पास होसा कन्नमबाड़ी नाम के गांव में वेणुगोपाल स्वामी मंदिर है। इस मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की बांसुरी बजाते हुए उनकी मूर्ति की पूजा होती है। भगवान का रंग श्याम है और सुंदर फूलों से उनका श्रृंगार होता है। इस मंदिर को लेकर भक्तों का अनुभव रहा है कि जब भी वहां कोई दर्शन के लिए जाता है, तो बांसुरी की आवाज आती है, लेकिन आवाज कहां से आती है, ये बात आज भी रहस्य बनी हुई है।

वेणुगोपाल स्वामी मंदिर इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 70 सालों तक पानी में डूबा रहा, लेकिन फिर भी मंदिर को खास नुकसान नहीं हुआ। मंदिर सफेद ग्रेनाइट पत्थरों से बना है और मंदिर के स्तंभों और दीवारों पर पारंपरिक होयसल की वास्तुकला देखने को मिलती है। मंदिर का निर्माण 12वीं वीं सदी में होयसल वंश द्वारा किया गया था। मंदिर के अंदर कई छोटे-छोटे मंदिर और ऐतिहासिक विरासत को दिखाती रॉयल रथ देखने को मिल जाएगी। पूरे मंदिर के निर्माण में सफेद मार्बल का इस्तेमाल किया गया है। फर्श से लेकर नक्काशी तक सब कुछ सफेद मार्बल पर की गई है।

जी20 में पीएम मोदी... मेलोनी ने मुस्कुराते हुए किया नमस्ते

नई दिल्ली/ए.। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे तो दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया. समिट में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और प्रधानमंत्री मोदी की भी मुलाकात हुई. दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को मुस्कुराते हुए नमस्ते किया और हाथ मिलाया. ब्राजीली राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने मुलाकात के दौरान पीएम मोदी को गले लगा लिया. उनकी यूके के पीएम कीर स्टार्मर, यूएन महासचिव एंटोनियो गुतारेस आदि कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात हुई।

भारत-पाक तनाव के बीच चीनी हथियारों का परीक्षण..

वॉशिंगटन। भारत और पाकिस्तान के बीच मई में बढ़े तनाव को चीन ने अपने आधुनिक हथियारों की क्षमता परखने के मौके के तौर पर इस्तेमाल किया। अमेरिकी द्विदलीय आयोग की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीजिंग ने चार दिन चले इस संघर्ष को अपने हथियारों के वास्तविक युद्धक परीक्षण और प्रचार के लिए ÷मौक़ापरस्ती÷ के साथ उपयोग किया। रिपोर्ट ने चीन की इस रणनीति को सीमा तनावों और रक्षा उद्योग को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षा से जुड़ा हुआ बताया। यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार था जब चीन ने HQ-9 एयर डिफेंस सिस्टम, PL-15 एयर-टू-एयर मिसाइल और छ्व-10 लड़ाकू विमान को सक्रिय युद्ध में इस्तेमाल किया।

ऐतिहासिक लेबर रिफॉर्म

4 नए लेबर कोड लागू, 29 पुराने कानून रद्द, 40 करोड़ वर्कर्स को होगा फायदा

- **समय पर सैलरी, ओवरटाइम के लिए डबल पैसे, महिलाओं को बराबर वेतन**

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फ़ैसला लिया और तुरंत प्रभाव से चार लेबर कोड लागू कर दिए। इसके साथ ही, 29 पुराने लेबर कानून इतिहास में जुड़ गए हैं और लेबर सेक्टर में एक नए युग की शुरुआत हुई है। नए लेबर कानून के तहत, सभी सेक्टर में मिनिमम वेज कानूनी तौर पर लागू होगा और समय पर वेतन देना, ओवरटाइम के लिए डबल वेतन देना और महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने और बराबर वेतन देना ज़रूरी होगा।

इससे देश भर के 40 करोड़ वर्कर्स को फायदा होगा और उन्हें सोशल सिक्योरिटी की गारंटी मिलेगी। नए कानून में पहली बार गिग वर्क, प्लेटफॉर्म वर्क और एग्रीगेटर्स को साफ तौर पर बताया गया है और वर्कर की सुरक्षा के लिए एक 'ऑक्यूपेशनल सेफ़्टी एंड हेल्थ बोर्ड' बनाया जाएगा, जबकि शिकायत सुलझाने के लिए एक फास्ट-ट्रैक सिस्टम और 2 सदस्यों वाला ट्रिब्यूनल बनाया जाएगा।

इस बारे में लेबर मिनिस्ट्री की तरफ़ से एक ऑफ़िशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ पोस्ट जारी करके यह जानकारी दी। उसके बाद लेबर मिनिस्टर मनसुख मंडाविया ने भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और नए कानूनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नए लेबर कोड के लागू होने से लेबर कानून एक जैसे हो गए हैं। इससे देश के 40 करोड़ वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी की गारंटी मिलेगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सरकार की तरफ़ से नोटिफाई किए गए चार लेबर कोड आज़ादी के बाद के सबसे बड़े और एडवांस्ड लेबर रिफॉर्म हैं। इससे इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार बढ़ेगा। 40 साल से ज़्यादा उम्र के वर्कर्स के लिए फ़्री हेल्थ चेक-अप, खतरनाक इंडस्ट्रीज़ में 1 एम्प्लॉई होने पर भी ईएसआईसी ज़रूरी। कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले एम्प्लॉइज़ को परमानेंट एम्प्लॉइज़, छुट्टी, मेडिकल सुविधाएँ वगैरह जैसे सभी फायदे देने ज़रूरी हैं।

इनको भी किया गया शामिल

जर्नलिस्ट, डिजिटल मीडिया एम्प्लॉइज़, डबिंग आर्टिस्ट, स्टंटमैन को भी इसमें शामिल किया गया है।

ये हैं नए लेबर कोड - वेज कोड, 2019 आई इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड, 2020 आई सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 आई ऑक्यूपेशनल सेफ़्टी, हेल्थ और वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020।

इन चार कोड ने अब 29 सेंट्रल लेबर कानूनों की जगह ले ली है:

- वेज कोड, 2019: वेज से जुड़े नियम।
- इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड, 2020: वर्कर और मैनेजमेंट के बीच संबंध।
- सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020: वर्कर के लिए सोशल सिक्योरिटी स्कीम।
- ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ और वर्किंग कंडीशन कोड, 2020: काम पर सेफ्टी और हेल्थ कंडीशन।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भाजपा को लिया हाथोंहाथ

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और न्यूयॉर्क मेयर जोहरान ममदानी की मुलाकात को लेकर किए गए पोस्ट को भाजपा ने हाथोंहाथ लिया है। भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल दागा कि क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'संदेश समझ में आएगा'? शशि थरूर ने अमेरिका में राजनीतिक साझेदारी के प्रदर्शन की तारीफ की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर और अपने कट्टर आलोचकों में से एक जोहरान ममदानी से मुलाकात वाली एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए थरूर ने मतदाताओं की इच्छा का सम्मान करने और राष्ट्र के बेहतर हित के लिए काम करने की बात कही थी। कांग्रेस नेता ने एक्स पर पोस्ट किया, 'लोकतंत्र को इसी तरह काम करना चाहिए। बयानबाजी पर बिना किसी रोक-टोक के चुनावों में अपने नजरिये के लिए जोश से लड़ें, लेकिन एक बार जब चुनाव खत्म हो जाए और लोग अपना जनादेश दे दें, तो उस देश के साझा हितों में एक-दूसरे के साथ सहयोग करना सीखें जिसकी सेवा करने का आप दोनों ने संकल्प लिया है। मैं भारत में भी ऐसा ही देखना चाहूंगा - और मैं अपनी भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा हूं।

बंगलूरू में फिल्मी स्टाइल में हुई 7 करोड़ की लूट का खुलासा

बंगलूरू। बंगलूरू पुलिस ने शहर में हाल ही में हुई सात करोड़ रुपये की लूट का खुलासा कर दिया है और एक पुलिस कांस्टेबल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने लूटे गए सात करोड़ में से करीब पांच करोड़ रुपये भी बरामद कर लिए हैं। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर लूट में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है। बंगलूरू पुलिस आयुक्त ने बताया कि लूट की इस घटना की जांच में 200 पुलिसकर्मी जुटे हैं। बीते बुधवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सीएमएस इंफो सिस्टम्स की कैश वैन एचडीएफसी बैंक (जेपी नगर) से तीन कैश बॉक्स लेकर 22 किमी दूर एचबीआर लेआउट जा रही थी। अचानक जयनगर के अशोक पिलर के पास एक मारुति जेन कार ने वैन को रोक दिया।

खेल व्यापार एवं मनोरंजन

लेबर कोड श्रमिकों को बनाएंगे सशक्त और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को देंगे बढ़ावा

नई दिल्ली। उद्योग के शीर्ष निकाय नैसकॉम और केंद्रीय मंत्रियों ने शुक्रवार को देश में चार श्रम संहिताओं को लागू करने के केंद्र के फैसले की सराहना की। केंद्रीय मंत्रियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय को सुरक्षित व सम्मानजनक वर्कप्लेस सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्र के इस कदम को श्रम सुधारों का नया अध्याय बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, पीएम मोदी के नेतृत्व में आज सरकार द्वारा लागू किए गए 4 लेबल कोड्स श्रमिकों को सशक्त बनाने, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और सुरक्षित व सम्मानजनक वर्कप्लेस सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा कि ये सुधार नारी शक्ति से लेकर युवा शक्ति को नए अवसर देने के साथ ही 'विकसित भारत' के संकल्प को गति देंगे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह सुधार केवल बदलाव भर नहीं बल्कि पीएम मोदी के द्वारा श्रमवीरों के कल्याण के लिए लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने एक्स पर देश में नई श्रम संहिताएं लागू होने के साथ सुधारों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने लिखा, सभी कामगारों को समय से न्यूनतम वेतन की गारंटी, युवाओं को नियुक्ति पत्र की गारंटी, 40 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, महिलाओं को समान वेतन और सम्मान की गारंटी, फिक्स टर्म एम्प्लॉईस को एक वर्ष बाद ग्रेच्युटी की गारंटी, ओवरटाइम करने पर दुगने वेतन की गारंटी, जोखिम-भरे क्षेत्रों के कामगारों को 100 प्रतिशत हेल्थ सिक्योरिटी की गारंटी, इंटरनेशनल मानकों के मुताबिक श्रमिकों को सामाजिक न्याय की गारंटी और 40 वर्ष से अधिक आयु वाले श्रमिकों को सालाना मुफ्त हेल्थ चेक-अप की गारंटी जैसे नियम पेश किए गए हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि ये नए श्रम सुधार 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को नई गति प्रदान करेंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नए श्रम सुधारों को 'विकसित भारत' का आधार स्तंभ बताया।

ईपीएफओ में होगा बड़ा बदलाव...

सैलरी लिमिट 15000 से बढ़ाकर होगी 25000, 1 करोड़ को होगा फायदा!

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। ताज़ा रिपोर्टों के अनुसार, संगठन अनिवार्य पीएफ और पेंशन अंशदान के लिए वेतन सीमा बढ़ाकर पात्रता मानदंडों में बड़े बदलाव पर विचार कर रहा है।सरल भाषा में, श्वक्कह्र मौजूदा वेतन सीमा 15,000 रुपये को बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इससे पहले यह सीमा 6,500 रुपये थी। इस कदम का उद्देश्य एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली–जैसे पीएफ और पेंशन–के दायरे में शामिल करना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह चिंताजनक है कि 15,000 रुपये से थोड़ा अधिक कमाने वाले कई कर्मचारियों के पास पेंशन सुरक्षा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें वृद्धावस्था में अपने परिवार पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने पुरानी पेंशन सीमा को अपडेट करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वर्तमान प्रावधानों के अनुसार, केवल वे कर्मचारी जिनकी मूल तनख्वाह 15,000 रुपये तक है, स्वचालित रूप से ईपीएफ और ईपीएस में शामिल होते हैं। इससे अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारी चाहें तो बाहर रह सकते हैं और नियोक्ताओं पर भी उन्हें जोड़ने का दबाव नहीं होता। इस कारण शहरी निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में कर्मचारी औपचारिक सेवानिवृत्ति बचत से वंचित रह जाते हैं, जबकि उनकी आय बहुत अधिक नहीं होती।

साउथ अफ्रीका के 6 विकेट धड़ाम, कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी

गुवाहाटी। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट शुरू हो गया है. पहले दिन स्टम्प तक साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 247 रन बना लिए. सेनुरन मुथुसामी 25 और काइल वेरेने 1 रन पर नॉटआउट हैं. भारत की ओर से कुलदीप यादव अब तक 3 विकेट ले चुके हैं. साउथ अफ्रीका की पहली पारी में शुरुआत शानदार रही।

ट्रेविस हेड ने जड़ा रिकॉर्ड शतक

नई दिल्ली। ओपनर बैटर ट्रेविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्णायक क्षणों में अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और मुश्किल हालात और दबाव के समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. पर्थ में एशेज के कम स्कोर वाले पहले टेस्ट में जब ऑस्ट्रेलिया को 205 रनों का लक्ष्य हासिल करना था, तब हेड को शीर्ष क्रम में उतारा गया और उन्होंने 69 गेंदों में रिकॉर्ड शतक जड़कर इस मौके का पूरा फायदा उठाया। हेड अब टेस्ट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले संयुक्त रुप से पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

कुणाल खेमू की नई सीरीज सिंगल पापा का ऐलान

मुंबइ। बॉलीवुड के चहेते एक्टर और अब डायरेक्टर भी बन चुके कुणाल खेमू बहुत जल्द एकदम हटके किरदार में नजर आने वाले हैं. नेटफ्लिक्स ने आज यानी बुधवार को अपनी नई फैमिली कॉमेडी सीरीज सिंगल पापा का धमाकेदार अनाउंसमेंट कर दिया है. इसके साथ ही साथ पहला पोस्टर भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें कुणाल एक नन्हे बच्चे को गोद में लिए मुस्कुराते दिख रहे हैं। इस सीरीज में कुणाल खेमू मुख्य भूमिका में हैं. उनके साथ मनोज पाहवा, आयशा रजा मिश्रा और सोशल मीडिया की सुपरस्टार से एक्ट्रेस बनीं प्रजक्ता कोली भी अहम किरदार निभा रही हैं. प्रजक्ता इससे पहले नेटफ्लिक्स की पॉपुलर सीरीज मिसमैच्ड में नजर आ चुकी हैं, अब वो एक बार फिर इसी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने आ रही हैं।

रामायण 2 पर जल्द काम शुरू कर सकते हैं निर्माता

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर लंबे वक्त से महाकाव्य रामायण को लेकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इसे अब तक की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म के रूप में देखा जा रहा है।

संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने दी नसीहत- सत्ता का नशा न हो, संतुलित रखें आचरण

■ भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने भाजपा के नए प्रदेश पदाधिकारियों की पहली बार बैठक लेते हुए उनको नसीहत देते हुए दो टूक कहा- कभी भी सत्ता का नशा न हो, आप अपना आचरण संतुलित रखें। आपको इस बात को समझना है कि आप प्रदेश के 60 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, आपको मिशाल पेश करनी है, ताकि कार्यकर्ता भी आपकी तरह बनने के बारे में सोचें। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का 13 अगस्त को ऐलान किया गया था। इसके बाद पहली बार भाजपा के शिव प्रकाश ने यहां पर पदाधिकारियों की बैठक ली।

संगठन के विस्तार पर चर्चा

बैठक में प्रदेश संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की गई। इस माह के अंत तक सभी मोर्चा की कार्यकारिणी बनाने की तैयारी है। इसी के साथ अगले माह प्रदेश संगठन की कार्यसमिति का विस्तार होगा। इसी के साथ सभी प्रकोष्ठों के संयोजक और सहसंयोजक भी बनाए जाएंगे। बैठक में एसआईआर और आत्म निर्भर भारत के साथ जीएसटी और अन्य अभियानों को लेकर शिव प्रकाश को जानकारी दी गई कि क्या काम हुए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम सब विचारधारा के उपासक हैं। हमारे व्यवहार में विचार है, इसलिए सदैव -विचार के लिए समर्पित होते हैं। हम सब कार्यकर्ता मजबूत संकल्प के साथ आगामी कार्ययोजनाओं के लिए जुटे हुए हैं। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, लक्ष्य के पूर्व सांसद व एसआईआर के प्रदेश प्रभारी जामयांग त्सेरिंग नामग्याल सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

कार्यकर्ता हमेशा संगठन के लिए समर्पित होता है

पदाधिकारियों से उन्होंने कहा, आपका आचरण ऐसा होना चाहिए जो हर वर्ग और समाज में फीट हो। आप अपना आचरण जितना अच्छा और संतुलित रखेंगे उतना ही आप कार्यकर्ताओं के साथ हर वर्ग और समाज में पसंद किए जाएंगे। आपका आचरण ही आपको अलग पहचान देगा। उन्होंने कहा भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर पल संगठन की कार्ययोजना पर जुटा होता है। यही कारण है कि हमारे संगठन का विस्तार हो रहा है। छत्तीसगढ़ व देश में हमारी सदस्य संख्या हमारे संगठनात्मक स्वरूप का प्रतीक है। उन्होंने कहा, सबकी भूमिका पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता, कार्यालय व कार्यक्रम के बीच सेतु के रूप में है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा संगठन के लिए समर्पित होता है, इसलिए हम मजबूत होते हैं।

मनोवैज्ञानिक क्रिया कलाप और नवाचार करने 2 साल के लिए बढ़ाया एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्गा महाविद्यालय रायपुर और बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के मनोविज्ञान विभाग के बीच दो साल के लिए एमओयू बढ़ाया गया। दरअसल दोनों विभाग के बीच मनोवैज्ञानिक क्रिया कलाप, नवाचार और विभिन्न प्रकार के प्रयोग को साझा करने के लिए एक समझौता पिछले 3 वर्षों से चल रहा था। इसे इस साल अगले 5 वर्षों के लिए आगे बढ़ाया गया है। आधुनिक युग में मनोविज्ञान विषय और उसके बढ़ते प्रयोग की आवश्यकता को ध्यान रखकर दोनों महाविद्यालय के बीच अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। औपचारिक तौर पर दोनों महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं प्राचार्य के हस्ताक्षर से यह समझौता हुआ। इसमें आगे चलकर विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बहुत सारे कार्यक्रम किए जाएंगे। इस दौरान एचओडी डॉ. शकुंतला दुल्हानी, डॉ. विजय कुमार चौबे, डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

आरआई परीक्षा घोटाले में गिरफ्तार अधिकारी 4 दिसंबर तक रिमांड पर

रायपुर/नवप्रदेश। ईओडब्ल्यू ने पटवारी से राजस्व निरीक्षक प्रमोशन भर्ती घोटाला में गिरफ्तार किए गए सहायक सांख्यिकी अधिकारी वीरेन्द्र जाटव और हेमन्त कौशिक को पूछताछ के लिए 14 दिन की रिमांड पर लिया। इसकी अवधि पूरी होने पर 4 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। दोनों को विशेष न्यायाधीश की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने बताया कि दोनों अफसरों के घोटाले में शामिल होने के इनपुट मिले हैं। जांच के दौरान उक्त दोनों के प्रश्नपत्र लीक कर करीबी पटवारियों को पहुंचाने और इसके एवज में वसूली करने के इनपुट मिले हैं। इसके संबंध में पूछताछ करने की जरूरत है। विशेष लोक अभियोजक ने ईओडब्ल्यू की ओर से पेश किए गए आवेदन को स्वीकृत करते हुए रिमांड आदेश जारी किया। बता दें कि ईओडब्ल्यू ने आरआई परीक्षा घोटाले में रायपुर सहित 7 जिलों के 19 ठिकानों में छापे मारे थे। तलाशी में लेनदेन के दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य बरामद कर जांच के लिए जब्त किए थे। इनपुट के आधार पर दोनों अफसरों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

'मनुष्यों की जगह नहीं लेगा एआई बल्कि उन्हें तेज, कुशल बनाएगा'

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन कार्उसिल द्वारा नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के लिए एआई और आई 4.0 टूल्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्रेनकार्ट के प्रबंध निदेशक संस्कार तायल ने इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन के क्रमबद्ध विकास के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एसी और डीसी तकनीकों ने ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति लाई, ट्रांजिस्टर के आविष्कार ने इलेक्ट्रॉनिक्स को नई दिशा दी और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू (वर्ल्ड वाइड वेब) ने पूरे विश्व को डिजिटल रूप से जोड़ दिया। हर तकनीकी क्रांति के समय लोगों में नौकरी खोने का डर था। उसी तरह एआई भी मनुष्यों की जगह नहीं लेगा, बल्कि उन्हें तेज, कुशल और सक्षम बनाएगा। उन्होंने छात्रों को हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सेशन कराया। कार्यशाला में सीएस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वीके पाटले, प्रो. संजय कुमार उपस्थित रहे।

अचानक एचओडी बदलने पर कॉलेज व अस्पताल में चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस विभाग के एचओडी को अचानक बदलना चर्चा का विषय बन गया है। किसी को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर इतने सीनियर प्रोफेसर को क्यों एचओडी पद से हटा दिया गया। वे जून 2014 से एचओडी थे। यही नहीं अस्पताल अधीक्षक भी रहे हैं। इनके स्थान पर विभाग के ही सीनियर प्रोफेसर को एचओडी की जिम्मेदारी दी गई है। नए एचओडी ने पदभार भी संभाल लिया है। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि नए एचओडी को विभाग की चाबी दी गई है। एचओडी बदलना डीन के अधिकार क्षेत्र में है, लेकिन अचानक क्यों बदलाव किया गया, ये चर्चा का विषय बन गया है। जिस एचओडी को बदला गया है, वे वाइस डीन व कई मामलों के ओआईसी भी हैं। बताया जाता है कि जिन्हें हटाया गया है, वे विभाग में सबसे सीनियर हैं। हालांकि ये बात भी सामने आ रही है कि पीएससी में चयन के हिसाब से वर्तमान एचओडी सीनियर बताए जा रहे हैं। हालांकि देखने वाली बात होगी कि नए एचओडी कब तक इस पद पर बने रहते हैं।

किसान और ट्यूशन टीचर से 77 लाख रुपए की ठगी

दुर्ग/नवप्रदेश। सुपेला पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाली एक और कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कंपनी के कलेक्शन एजेंट और डाटा इंट्री ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। दोनों बीते 5 वर्षों से कंपनी में काम कर रहे थे। 10-10 हजार रुपए सैलरी और कमीशन लेकर निवेशकों को कंपनी से जोड़ते थे। कंपनी संचालक दंपती करीब 1 महीने पहले शहर से भाग गए हैं। वहीं अकाउंटेंट 10 दिन पहले गायब हो गया। इसके बाद निवेशकों ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने बुधवार रात धमतरी के किसान प्रिंस चंद्राकर और ट्यूशन टीचर की शिकायत पर कंपनी संचालक दंपती योगेश और मेघा साहू, अकाउंटेंट गौरव सनान, डेटा इंट्री ऑपरेटर जयंत कुमार और स्टॉफअरुण कुमार के खिलाफकेस दर्ज किया है। ठगों ने दोनों निवेशकों से 77 लाख रुपए ठग लिए हैं। पुलिस के मुताबिक ऐरिना केपिटल कंपनी स्मृति नगर के डायरेक्टर, एजेंट और स्टॉफ के खिलाफ शिकायत मिली। इसके बाद कंपनी में छापामार कार्रवाई की गई। ऑफिस से 19 नग सील, लेटर पैड, सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, कम्प्यूटर, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल जब्त किया गया है। अकाउंटेंट जयंत और स्टाफ अरुण को मौके से गिरफ्तार किया गया। प्रार्थी प्रिंस और यतींद्र चंद्राकर ने बताया कि ठग गिरोह निवेश की गई राशि पर हर महीने 10 प्रतिशत लाभ देने का झांसा देते थे।

धान कटाई के दौरान खेत में मिल रहे चीतल शावक

■ दो दिन में दूसरी घटना, सूचना पर वनकर्मी ले गए जंगल

■ ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वन मंडल बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम धमनी क्षेत्र में धान की फसल कटाई के दौरान लगातार दो दिनों से चीतल के नन्हे शावकों के मिलने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि, इन दिनों जंगलों में रहने वाले चीतल खेतों के अंदर फसल के बीच में ही अपने नवजात शावकों को जन्म देते हैं। फसल कटाई के दौरान मशीनों और किसानों की आवाजाही बढ़ने से ये शावक भ्रमित होकर खुले खेतों में दिखाई देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, पहले दिन मिला शावक लगभग एक सप्ताह का था, जबकि दूसरे दिन मिला शावक करीब 15 दिन का था। दोनों बार ग्रामीणों ने जिम्मेदारी दिखाते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु रेंजर सिमरन साहू वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचीं और शावकों को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा गया।

कई शावकों को सुरक्षित बचाया गया

ग्राम धमनी और आसपास के जंगल हिरणों एवं चीतलों की बड़ी आबादी के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में नन्हे शावक अक्सर रास्ता भटककर गांव की ओर आ जाते हैं। वन प्रबंधन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की सतर्कता से अब तक कई शावकों को सुरक्षित बचाया जा चुका है।

सियादेवी मंदिर के पास भालू का उत्पात

वहीं 21 नवंबर को बालोद जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था। सियादेवी मंदिर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से भालुओं की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। देर रात एक भालू अचानक मंदिर परिसर में पहुंच गया और बंद पड़ी दुकानों में जमकर उत्पात मचाने लगा। पानीपुरी के ठेले से लेकर आसपास की दुकानों तक कई स्थानों पर नुकसान पहुंचाया। बता दें कि, यह उत्पात मचाकर जब उसका मन भर गया। तब वह जंगल की ओर भाग निकला।

खाने-पीने की दुकानों को सूंघकर खोलने का करता रहा प्रयास

जानकारी के अनुसार भालू की इन सभी हरकतों एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफदेखा जा सकता है कि, दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ है। गुरुर वन परिक्षेत्र के ग्राम नारागांव स्थित मां सियादेवी मंदिर परिसर में दो भालू लगातार तीन दिनों से दिखाई दे रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों में भय का माहौल है। रात में पहुंचे भालू ने दुकान में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया और खाली पड़ी कुर्सियों को तोड़ डाला। वीडियो में ये भी रिकॉर्ड हुआ है कि, भालू दुकान के शटर को धकेलने का भी प्रयास कर रहा है।

विधायक रिकेश सेन को दिल्ली से आया बुलावा

■ बिहार की जीत पर 26 को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ भोज में होंगे शामिल

■ भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और विधायक रिकेश सेन

भिलाई नगर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निमंत्रण पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन 26 नवंबर को दिल्ली जाएंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली अप्रत्याशित विजय पर पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ प्रभारियों के भोज कार्यक्रम में श्री सेन शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि, बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय से भाजपा में हर्ष की लहर है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा से प्रवेशी प्रभारी की भूमिका में थे। उनके प्रभार की अमनौर के साथ ही औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज की है। चुनाव के दौरान श्री सेन की सामाजिक बैठकें और मतदाताओं से धुआंधार जनसम्पर्क ने दोनों ही विधानसभा में भाजपा के वोट बैंक में बढ़ोत्तरी के साथ युवाओं का व्यापक समर्थन भी मिला। केंद्र और एनडीए के नेतृत्व से बिहार के लगातार विकास को श्री सेन ने अपनी टीम के साथ बखूबी मतदाताओं तक पहुंचाया।

यह बीजेपी लीडरशिप की जीत: रिकेश सेन

श्री सेन ने कहा कि, बिहार में एनडीए की शानदार जीत बीजेपी की लीडरशिप की जीत है। उन्होंने कहा कि, बिहार की जनता ने पीएम मोदी की लोगों के हक में काम करने वाली नीतियों पर मुहर लगाई है। पीएम मोदी की सरकार ने देश में गरीबों के लिए घर, सभी के लिए शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज और 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज जैसे कल्याणकारी कार्य किए हैं। इसी कारण बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी और भाजपा देश में लगातार चुनावी जीत हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार जीत की परंपरा, पीएम मोदी की गरीब-कल्याण योजनाओं के तहत देश के लोगों की तरक्से सुरक्षित करने के अभियान पर मुहर है।

दो सगे भाइयों का दो घंटे के अंतराल में हो गया निधन

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम औरी में 20 नवंबर को ऐसी घटना घटी, जिससे गांव व क्षेत्र में मातम छा गया। साहू परिवार में दो घंटे के भीतर अचानक दो सगे भाइयों की मौत हो गई। ग्राम औरी निवासी रूपराम साहू (76) का सुबह 10 बजे निधन हो गया। उनके निधन पर अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। निधन को दो घंटे ही हुआ था, तभी उनके बड़े भाई जीवराखन साहू (80) का दोपहर 12 बजे निधन हो गया। इस घटना से सभी हैरत में पड़ गए।

दोनों भाई की एक साथ निकाली अर्थी: ग्रामीणों की माने तो यह पहली बार है, जब इस तरह की घटना घटी है। घर से दोनों भाइयों की अर्थी एक साथ निकाली गई। दोनों भाइयों की अर्थी देख पूरा गांव रो पड़ा।

जवान बनकर दिया शेयर ट्रेडिंग का झांसा, लाखों की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। खुद को जवान बताकर लोगों को झांसा देने और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वालों दो ठगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपी ओडिशा से पकड़े गए हैं। आरोपियों के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों पर अलग-अलग 15 राज्यों में कुल 38 एफआईआर दर्ज है।

रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा ने साइबर ठगी के मामलों में फरार आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया था। इसके बाद रेंज साइबर थाना की टीम ने मामलों की जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी अजय हो और चिन्मय राउत की लोकेशन ओडिशा में मिली। इसके बाद टीम ने दोनों को ओडिशा में छापे मारकर गिरफ्तार कर लिया।

इन मामलों में थे शामिल: आरोपी अजय देवभोग में फेसबुक के जरिए जवान बनकर 9.5 लाख की ऑनलाइन ठगी में शामिल था। इसके अलावा खम्हारडीह में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 40 लाख की ऑनलाइन ठगी करने में चिन्मय शामिल था।

अलग-अलग राज्यों में दर्ज है केस: आरोपियों द्वारा ठगी में इस्तेमाल बैंक खातों और मोबाइल नंबरों पर असम, केरल, कर्नाटक, पंजाब, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में एफआईआर दर्ज हैं।

11 सूत्रीय मांग: 22 से 24 दिसंबर तक अधिकारी-कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के विरुद्ध हड़ताल करने का निर्णय लिया है। राजधानी रायपुर में 19 नवंबर को कोर कमेटी की बैठक में 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रांतव्यापी कलमबंद हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रदेशभर के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध हो रही अवैधानिक और दमनात्मक कार्यवाही की प्रशासनिक प्रवृत्ति के विरुद्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। फेडरेशन ने मुख्य सचिव से तत्काल हस्तक्षेप कर रायपुर कलेक्टर द्वारा धान खरीदी के नाम पर चार शासकीय सेवकों पर दर्ज कराई गई एफआईआर को निरस्त (शून्य) करने की मांग की है।

फेडरेशन की ये हैं मांगें

- केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से डीए लागू किया जाए।
- डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए।
- सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए।
- लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए।
- प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए।
- पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए।
- सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाए।
- अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए।
- प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए।
- अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए।
- दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने।

मोखा समिति प्रबंधक को हटाने की मांग

कलेक्टर साहब... समिति प्रबंधक नशे में धूत होकर आता है और काम बंद करवाने की धमकी देता है, कृपा करके उसे हटा दो..

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर बालोद को सौंपा ज्ञापन

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी में सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बालोद जिले के सहकारी समितियों में धान खरीदी शुरू हो गई है, लेकिन कहीं - कहीं अव्यवस्था भी देखने को मिल रही है, जिसे लेकर किसानों में आक्रोश की स्थिति है। जिले के एक समिति प्रबंधक को बर्खास्त करने किसानों ने कलेक्टर से आग्रह किया है। किसानों ने कई गंभीर आरोप भी समिति प्रबंधक पर लगाए हैं।

किसानों और ग्रामीणों ने मोखा सहकारी समिति के अंतर्गत पदस्थ प्रबंधक राधेश्याम साहू (ग्राम डू सोनई डोंगरी) के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रबंधक का कार्य व्यवहार संतोषजनक नहीं है और किसानों के प्रति उनका रवैया बेहद असहयोगपूर्ण है।



किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधक राधेश्याम साहू अक्सर नशे की हालत में कार्यस्थल पर पहुंचते हैं, जिससे समिति के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों के साथ दुर्व्यवहार करने और मनमानी करने की शिकायतें भी लगातार सामने आई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वह नशे की हालत में मजदूरों और धान खरीदी में लगे कर्मचारियों को काम बंद कराने की धमकी भी देता है, जिससे किसानों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए ग्रामीणों ने मांग की है कि समिति प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, ताकि धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इन ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा कार्रवाई के लिए ज्ञापन

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अश्वनी कुमार साहू, गुलाबचंद देवांगन, तिहारराम, नीलकंठ भक्त, प्रहलाद, भूषण लाल, इंद्रजीत, संजय कुमार नेताम, छगनलाल, भुवन लाल, जनकराम, माखन, कन्हैया, दीपक, सुखीत, रामकिशन, दयालूराम, साधुराम, चैतराम, रिखीराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए खरीदी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com